

झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, बुधवार, 19 फरवरी 2025 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -242 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com





## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



संतोष कुमार
शिक्षक

**एक छात्र के लिए शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार और कुंजी होती है वर्तमान में शिक्षा ही एक ऐसी सीधी है जिस पर आप चलकर अपनी निर्धारित हर मंजिल को पा सकते हैं इसलिए अपने जीवन में कभी भी शिक्षा से समझौता न करें जितना हो सके पड़े शिक्षा ग्रहण करें और शिक्षित बने।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **80,500**
चांदी (प्रति किलो) : **1,01,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **75,967.39**
निफ्टी :- **22,945.30**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **27** °
न्यूनतम तापमान : **18** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:19**
संध्या :- **17:47**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1473 को हॉलैंड के गणितज्ञ और खगोलशास्त्री निकोलस कोपरनिकस का जन्म हुआ था। अपनी कड़ी मेहनत के परिणामस्वरूप उन्होंने 1503 में खोज की कि पृथ्वी 24 घंटे में एक बार सूर्य के चारों ओर अपनी परिक्रमा पूरी करती है।**

## संक्षिप्त समाचार

### असम और अरुणाचल के दौरे पर 21 फरवरी को गुवाहाटी आएंगे संघ प्रमुख मोहन भागवत

गुवाहाटी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 21 फरवरी को असम और अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर गुवाहाटी पहुंचेंगे। संघ सूत्रों के अनुसार डॉ. भागवत 21 फरवरी की शाम को गुवाहाटी पहुंचेंगे। संघ प्रमुख डॉ. भागवत 21 से 27 फरवरी तक असम में रहेंगे। वे 27 फरवरी को गुवाहाटी से अरुणाचल प्रदेश की राजधानी इटानगर के लिए रवाना होंगे। 3 मार्च को पुनः गुवाहाटी पहुंचेंगे, जहां से वे अपने अगले प्रवास के लिए रवाना होंगे। डॉ. भागवत दोनों राज्यों में संघ की सांगठनिक बैठकों में हिस्सा लेंगे।

### मौसम विभाग का अलर्ट, 19 और 20 को कई जिलों में बारिश के आसार

रांची। झारखंड में मौसम एक बार फिर करवट लेगा। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से झारखंड के कई जिलों में 19 और 20 फरवरी को बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, 19 फरवरी को सरायकेला, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में बारिश की संभावना है। वहीं 20 फरवरी को लोहरदगा, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गुमला, रांची, खूंटी, सराकेला-खरसावां, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम में बारिश के आसार है। 21 फरवरी को झारखंड के कई जिलों में सुबह-सुबह धुंध छाया रहेगा। 22 फरवरी की बात करें तो इस दिन राज्य के पूर्वी इलाकों में गर्जन के साथ वज्रपात हो सकता है, लेकिन बारिश की संभावना कम है।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा विकसित 6 पोर्टल्स का अनावरण एवं रांची विज्ञान केंद्र, रांची अवस्थित नव प्रवर्तन केंद्र का किया उद्घाटन

**झारखंड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत छात्रोपयोगी वेब पोर्टल्स का अनावरण तथा रांची विज्ञान केंद्र, रांची के नव प्रवर्तन केंद्र का शुभारंभ समारोह एवं झारखंड अनुसंधान तथा नवाचार नीति-2025 हेतु आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा विकसित 6 पोर्टल्स का अनावरण एवं रांची विज्ञान केंद्र, रांची अवस्थित नव प्रवर्तन केंद्र (इनोवेशन हब) का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री श्री सुदिव्य कुमार, मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, प्रधान सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग श्री राहुल कुमार पुरवार, मैनेजिंग डायरेक्टर-सह-सीईओ सीएससी ई-



गवर्नेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड श्री संजय कुमार राकेश, राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपतिगण सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**विभिन्न पोर्टल्स के अनावरण का मुख्य उद्देश्य**

डिजिटल गवर्नेंस तथा डिजिटल इनफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने हेतु उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के डिजिटल कार्यान्वयन, वेतन निर्धारण और सत्यापन पोर्टल, निजी विश्वविद्यालय प्रबंधन पोर्टल, वित्त रहित कॉलेज अनुदान आवेदन पोर्टल जैसे कई पोर्टलों को विकसित किया गया है।

**वेतन निर्धारण पोर्टल :-** विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन सत्यापन को सरल बनाने, त्रुटियों को कम करने एवं दक्षता में सुधार करने हेतु वेतन निर्धारण पोर्टल विकसित किया गया है।

**लर्निंग मैनेजमेंट पोर्टल :-** ऑनलाइन मोड में शिक्षण और प्रशिक्षण सेवाओं का प्रबंधन करेगा एवं संस्थानों में चल रहे शैक्षणिक कार्यक्रमों, प्रशिक्षणों या शिक्षण और विकास कार्यक्रमों के प्रशासन, दस्तावेजीकरण आदि के प्रबंधन करने में मदद करेगा।

**निजी विश्वविद्यालय प्रबंधन पोर्टल :-** निजी विश्वविद्यालय पोर्टल राज्य में नए निजी विश्वविद्यालयों के स्थापना एवं प्रबंधन की प्रक्रिया को सरल बनाएगा।

**मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना पोर्टल :-** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने, उच्च शिक्षण संस्थानों स्तर पर शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लागू हेतु यह पोर्टल विकसित किया गया है। इससे विद्यार्थियों को फेलोशिप हेतु आवेदन एवं इसका लाभप्राप्त करने में आसानी होगी।

**अप्रेंटिस प्रबंधन पोर्टल:-** राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों / महाविद्यालयों तथा विभागान्तर्गत अन्य संस्थानों में अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं का चयन करते हुए उन्हें प्रशिक्षित किया जाना है। उक्त प्रशिक्षुओं के चयन प्रक्रिया को सरल एवं सुलभ करने हेतु अप्रेंटिस प्रबंधन पोर्टल विकसित किया गया है।

**वित्त रहित कॉलेज अनुदान पोर्टल :-** राज्य में वित्त रहित स्थायी संबद्धता प्राप्त महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान करने की मौजूदा प्रक्रिया में न केवल समय लग रहा है, बल्कि निरीक्षण और सत्यापन के कई स्तर भी है। इस पोर्टल के विकसित होने से महाविद्यालयों को अनुदान प्रदान करने की प्रक्रिया सरल होगी और समय भी कम लगेगा।

**इनोवेशन हब :-** क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, राँची परिसर में स्थापित इनोवेशन हब रचनात्मक एवं नवाचारी विचारों का पोषण, इनोवेटिव सोच और व्यावहारिक समस्या का समाधान, इनोवेशन को प्रेरित करने आदि के लिए उचित वातावरण प्रदान करेगा।

**साइन्स सिटी, रांचीः-** रांची स्थित क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र साइन्स सिटी के रूप में अपग्रेड करने हेतु 270 करोड़ की परियोजना तैयार की गई है। इसका निर्माण लगभग 25 एकड़ भूमि पर किया जाएगा। इसके निर्माण से रांची में वैज्ञानिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटकों के दर्शन हेतु वैज्ञानिक प्रदर्शन के साथ-साथ मनोरंजन का साधन भी उपलब्ध होगा।

**कार्यक्रम में ये रहा खास..**

रांची विश्वविद्यालय, रांची के प्रस्तावित नए भवन का प्रेजेंटेशन :- रांची विश्वविद्यालय का नया भवन कुल रु० 1100 करोड़ की लागत से रांची जिला के चेड़ी में अवस्थित 87 एकड़ भूमि पर स्टेट ऑफ द आर्ट के रूप में रांची विश्वविद्यालय, रांची के नए परिसर का निर्माण किया जा रहा है। इस नए परिसर में राज्य के 30,000 छात्र-छात्राओं को विश्वस्तरीय सुविधा के साथ शिक्षा उपलब्ध कराया जाएगा।

**झारखंड स्टूडेंट रिसर्च एंड इनोवेशन पॉलिसी, 2025 का उद्देश्य :-** राज्य में छात्रों के बीच अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा के उद्देश्य से झारखंड स्टूडेंट रिसर्च एंड इनोवेशन पॉलिसी, 2025 गठित की जा रही है। यह नीति उच्च शिक्षा में अनुसंधान के एकीकरण पर जोर देती है।

# 15 आईएएस अफसर इधर से उधर, मस्त राम मीना बनाये गये पेयजल सचिव

**झारखंड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** राज्य सरकार ने 15 आइएएस अफसरों का स्थानांतरण-पदस्थापन कर दिया है। प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग के पद पर पदस्थापित मस्त राम मीना को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गई है। मीना अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रभारी सदस्य, राजस्व पर्षद. झारखण्ड, रांची के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। वहीं पदस्थापन की प्रतीक्षारत पूजा सिंघल को अगले आदेश तक सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेन्स विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गई है। वे अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखण्ड कम्युनिकेशन नेटवर्क लिमिटेड के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगी. सचिव, परिवहन विभाग, झारखण्ड, रांची के पद पर पदस्थापित कृपानन्द झाको स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड, रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। विप्रा भाल को परिवहन सचिव बनाया गया है। वे अगले आदेश तक परिवहन आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगी। सचिव, भवन निर्माण विभाग के पद पर पदस्थापित





अरवा राजकमल, को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग, सचिव, उद्योग विभाग, झारखण्ड, और अध्यक्ष, झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड, का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग के पद पर पदस्थापित जितेन्द्र कुमार सिंह, को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, के पद पर पदस्थापित किया गया है. वहीं सचिव, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मुकेश कुमार को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव, योजना एवं विकास विभाग, के पद पर पदस्थापित किया गया है. वहीं पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत राजेश्वरी बी. विशेष सचिव, वित्त विभाग में पदस्थापित किया गया है।

# हेमंत ने सरकारी कर्मचारियों को दी बड़ी सौगात, डीए-डीआर में वृद्धि समेत 12 प्रस्तावों को कैबिनेट की मंजूरी

**झारखंड उजाला, संवाददाता।**

**रांची।** झारखंड राज्य के कर्मचारियों के लिए कैबिनेट की बैठक से बड़ी खुशखबरी आयी है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार (18 फरवरी 2025) को हुई बैठक में 12 प्रस्तावों पर मुहर लगी. इसमें झारखंड राज्य सरकार के कर्मचारियों के महंगाई भत्ता (डीए) में वृद्धि का फैसला भी शामिल है. महंगाई भत्ता 1 जुलाई 2024 के प्रभाव से मिलेगा. यानी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता का ऐरियर भी मिलेगा. कैबिनेट सचिव ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि राज्य सरकार के कर्मियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (छठा केंद्रीय वेतनमान दिनांक 01.07.2024 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में वृद्धि की स्वीकृति दी गयी. इतना ही नहीं, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका के चयन एवं मानदेय नियमावली में संशोधन की भी स्वीकृति दे दी है.



- झारखंड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाई विशेष छूट विधेयक-2025 के गठन की स्वीकृति दी गयी.
- बिहार राज्य औद्योगिक विकास निगम एवं बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड से संबंधित आस्तियों एवं दायित्वों के बंटवारे की स्वीकृति दी गयी.
- सुनील कुमार तत्कालीन उप निदेशक भूमि संरक्षण अनुसंधान केंद्र डेमोटांड़, हजारीबाग-सह-निदेशक समेति, जो अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं, की ओर से समर्पित विभागीय संकल्प संख्या-488 दिनांक-21.02.2024 के माध्यम से अधिरोपित दंड पर पुनर्विचार संबंधी आवेदन को अस्वीकृत किये जाने की स्वीकृति दी गयी.
- झारखंड जगुआर (एसटीएफ) में प्रतिनियुक्त स्व राजेश कुमार, तत्कालीन उप समादेष्टा, 84वीं वाहिनी, सीमा सुरक्षा बल के आश्रित को सेवांत लाभों के भुगतान की स्वीकृति दी गयी.
- झारखंड आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका चयन एवं मानदेय (अन्य शर्तों सहित) नियमावली, 2022 (यथा संशोधित) में संशोधन की स्वीकृति दी गयी.
- राज्य सरकार के कर्मियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (छठा केंद्रीय वेतनमान दिनांक 01.07.2024 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में वृद्धि की स्वीकृति दी गयी.
- राज्य सरकार के पेंशनधारियों / पारिवारिक पेंशनभोगियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (छठा केंद्रीय वेतनमान) में दिनांक 01.07.2024 के प्रभाव से महंगाई राहत की दरों में अभिवृद्धि की स्वीकृति दी गयी.
- राज्य सरकार के कर्मियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (पंचम वेतनमान) में दिनांक 01.07.2024 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में अभिवृद्धि की स्वीकृति दी गयी.
- झारखंड कारखाना (संशोधन) नियमावली, 2023 के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति दी गयी.
- राज्य के चयनित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में बाजार मांगों के अनुसार, नवीनतम तकनीकी जानकारी ऑटोमोबाईल निर्माण व्यवसायों में प्रदान करने हेतु झारखंड वित्त नियमावली के नियम 235 को नियम 245 के तहत शिथिल करते हुए मनोनयन के आधार पर मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, कॉरपोरेट ऑफिस प्लॉट नं-01, नेल्सन मंडेला रोड, बसंत कुंज, नयी दिल्ली के सहयोग से उरफ के तहत समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर करने के लिए मंत्रिपरिषद की स्वीकृति दी गयी.
- 'Ease of Doing Business' के तहत औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तैयार 'Business Reforms Action Plan' के अनुपालन के लिए कारखाना अधिनियम, 1948 के केंद्रीय अधिनियम संख्या 63 में संशोधन हेतु कारखाना (झारखंड संशोधन), विधेयक, 2024 की स्वीकृति दी गयी.
- W.P. (S) No-3600/2021 प्रेम कुमार सिंह एवं अन्य में माननीय झारखंड उच्च न्यायालय रांची द्वारा पारित न्यायादेश दिनांक 20.09.2022 एवं इससे उद्भूत अवमाननावाद संख्या-147/2023 में पारित आदेश के अनुपालन के लिए वादियों की सेवा नियमितीकरण की स्वीकृति दी गयी.











### टाउन हॉल भवन रामगढ़ में हुआ जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन

# आगामी गर्मी के मौसम के मद्देनजर जलापूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में अभियान मोड में कार्य करेगा जिला प्रशासन रामगढ़ः उपायुक्त रामगढ़

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**विद्यालयों एवं बच्चों के विकास में मुखियाओं एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का योगदान बहुत महत्वपूर्ण**



**रामगढ़।** झारखंड शिक्षा परियोजना, रामगढ़ द्वारा मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में टाउन हॉल भवन रामगढ़ में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, नजारत उप समाहर्ता, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा सहित अन्य का सम्मेलन में पौधा देकर स्वागत किया गया। जिसके उपरांत सभी ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुखिया सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में उपायुक्त चंदन कुमार ने कहा कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित विद्यालयों एवं उन विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों के विकास में मुखियाओं सहित सभी जनप्रतिनिधियों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। मौके पर उपायुक्त ने सभी मुखियाओं एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से नियमित रूप से उनके क्षेत्र में स्थित विद्यालयों का निरीक्षण करने, विद्यालयों में चल रहे पठन पाठन कार्यों का जायजा लेने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर अपील की। सम्मेलन के दौरान उपायुक्त ने सभी को हाल ही में जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा बच्चों को 24. 7 शिक्षा संबंधित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर शुरू की गई योजना की विस्तृत जानकारी दी। वही उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बच्चियों को जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिए जाने पर भी जिला प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहा है। आगामी गर्मी के मौसम के मद्देनजर सम्मेलन के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा इस वर्ष गर्मी के दौरान ग्रामीण सहित अन्य क्षेत्रों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अभियान मोड में कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत प्रत्येक पंचायत में कम से कम तीन वैसी जलापूर्ति योजनाएं जो कि वर्तमान में किसी कारणवश खराब है। उन्हें चिन्हित कर उनकी मरम्मती कराई जाएगी मौके पर उपायुक्त में सभी जनप्रतिनिधियों से इस पर विशेष ध्यान देने एवं अपने-अपने क्षेत्र में कार्यों का अनुश्रवण करने की अपील की। उपायुक्त ने जिला प्रशासन द्वारा मरम्मत्ती कराए जाने के उपरांत जलापूर्ति योजना के रखरखाव एवं नियमित रूप से जलापूर्ति योजनाओं का कार्य करने को लेकर भी सभी को महत्वपूर्ण जानकारियां दी। जला स्तरीय मुखिया सम्मेलन के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो द्वारा भी उपस्थित मुखियाओं एवं जनप्रतिनिधियों को उनके उनके क्षेत्र में स्थित विद्यालयों एवं उनमे पढ़ रहे बच्चों के विकास की दिशा में कार्य करने को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार के द्वारा दिया गया। वहीं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन के उद्देश्यों। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में मुखियाओं सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्यालय एवं बच्चों के विकास की दिशा में किए जाने वाले कार्यों आदि को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन के दौरान अपने-अपने क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले मुखियाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन शिक्षक संजय राय द्वारा किया गया। वहीं स्वागत गीत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रामगढ़ के छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## ट्रैक्टर मालिक और चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज



**सेन्हा-लोहरदगाः** खनिज संपदा चोरी एवं विभाग का राजस्व क्षति को लेकर पुलिस कारवाई के पश्चात जिला खनन पदाधिकारी के आवेदन पर खनन अधिनियम के तहत जप्त ट्रैक्टर मालिक एवं चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया. विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस द्वारा की गई.अवैध बालू लदा बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर जप्त कर अग्रतर कारवाई हेतु खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद को अवगत कराया गया था.जिसके आलोक में खनन विभाग द्वारा जप्त ट्रैक्टर मालिक एवं चालक के विरुद्ध नियम संगत केश दर्ज किया गया. गौरतलब हो कि उक्त बालू लदा ट्रैक्टर को परिवहन करते हुए पीसीसी पथ भड़गांव से पुलिस डेरा पकड़ कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखते हुए संबंधित विभाग को अग्रतर कारवाई हेतु सूचनार्थ किया गया था.जिसके आलोक में खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद के लिखित बयान पर सेन्हा थाना कांड संख्या 20/25 दर्ज कर खनन अधिनियम के तहत कारवाई किया जा रहा है.इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि स्वराज कम्पनी का ट्रैक्टर मॉडल 735 एफ ई ई इंजन नम्बर सी जे 1354 एन के 010730 तथा चेचिस नम्बर एम बी एन ए के 48 ए सी एन टी एल 34933 के साथ टॉली में लदा अवैध 80 घनफिट बालू पाये जाने पर सत्यापन के पश्चात खनन पदाधिकारी के आवेदन के आलोक में पुलिस द्वारा कारवाई किया जा रहा है.
रीं१ँ ड्ढल्ल द्धु

## लोहरदगा बीएस कॉलेज सुविधाओं की हकीकत जानने पहुंचे NSUI नेता, छात्रों से की खुलकर चर्चा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा।** छात्र संगठन NSUI प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव के निर्देश पर मंगलवार को ठरवकनेता शुभम लाल ने बीएस कॉलेज, लोहरदगा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया और छात्रों से उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से बातचीत की। निरीक्षण के दौरान शुभम लाल ने कॉलेज के विभिन्न क्लासरूम, पुस्तकालय, पेयजल व्यवस्था, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति को परखा। उन्होंने छात्रों से संवाद करते हुए उनकी शैक्षणिक और प्रशासनिक परेशानियों को जाना। कई छात्रों ने पाठ्यक्रम से संबंधित समस्याओं, प्रायोगिक कक्षाओं की कमी और कॉलेज में बुनियादी ढांचे की जरूरतों को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की। शुभम लाल ने छात्रों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और NSUI छात्र हितों के लिए हर संभव प्रयास करेगा। उन्होंने कहा,₹छात्रों की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। यदि कॉलेज प्रशासन जल्द से जल्द जरूरी सुधार नहीं करता है, तो ठरवक चरणबद्ध आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगा।₹ठरवक के इस निरीक्षण अभियान से छात्रों में एक नई उम्मीद जगी है। संगठन ने कॉलेज प्रशासन से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द सभी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर किया जाए ताकि विद्यार्थियों को एक अच्छा शैक्षणिक माहौल मिल सके। ठरवक द्वारा किए गए इस कदम को छात्रों और अभिभावकों ने सराहा है और उम्मीद जताई है कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द होगा।

## छुप-छुपकर मिलते पकड़े गए प्रेमी-प्रेमिका

**ग्रामीणों ने प्रेमी प्रेमिका को मंदिर में कराई शादी, दोनों ने कहा-खुश हैं; अब हमेशा साथ रहेंगे**



**रामगढ़/गोला।** कुम्हरदगा में प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने आया था। इसी बीच ग्रामीणों ने दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। दोनों को ग्रामीणों ने पकड़ा तो यह बात सामने आयी कि वह दोनों पांच वर्षों से एक दूसरे से प्यार करते हैं। इसके बाद ग्रामीणों की सलाह पर प्रेमी युगल शादी करने को राजी हो गए। फिर मंदिर में ले जाकर दोनों की शादी करवा दी। इसका वीडियो सामने आया है। मामला गोला थाना क्षेत्र कुम्हरदगा गांव की है। प्रेमी इंदरनाथ महतो पिता नेवालाल महतो गोला थाना के पतरातु गांव और प्रेमिका शिवानी कुमारी (काल्पनिक नाम) पिता सुलतान महतो ने दोनों ही बालिग है। दोनों पिछले पांच साल से एक दूसरे से प्रेम करते थे। छुप- छुपाकर एक दूसरे से मिलते थे। 17 फरवरी को प्रेमी अपनी प्रेमिका से मिलने आया था। लेकिन दोनों को ग्रामीणों ने देख लिया और प्रेमी युगल शादी करा दी। हालांकि दोनों ने अपनी मर्जी से शादी करने की बात कही है। प्रेमी इन्द्रनाथ महतो ने बताया कि इससे पांच साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि लड़की का पूर्व में कही शादी हुआ था लेकिन उनके पति की मृत्यु होने पर अपने मायके कुम्हरदगा में रह रही थी।

## दिव्यांगों के बीच उपस्कर का किया गया वितरण



**लोहरदगाः** बाल विकास परियोजना कार्यालय सेन्हा में दो दिव्यांग को ट्राई साइकिल एवं एक को ब्लाइंड स्टिक दिया गया। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के वैसे दिव्यांग के बीच दिव्यांग उपकरण का वितरण किया गया जो एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाने की समस्या बना हुआ था। उक्त अभियान झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर बाल विकास परियोजना द्वारा दिव्यांगों का उपयोग हेतु उपकरण का वितरण किया गया। जिसका लाभ सेन्हा बांधटोली निवासी स्व0 रोपन महतो के 50 वर्षीय दिव्यांग पुत्र अजय महतो और सुखन मुंडा के 36 वर्षीय पुत्र मंजीत मुंडा को ट्राई साइकिल दिया गया। तथा चितरी अम्बाटोली निवासी रहीमुद्दीन अंसारी के 48 वर्षीय पुत्र सफदर अंसारी को ब्लाइंड स्टिक मिला। ट्राई साइकिल मिलने से अजय महतो व मंजीत मुंडा ने कहा कि चलने फिरने में काफी परेशानी होती थी। लेकीन ट्राई साइकिल मिलने से कही आने जाने में काफी सुविधा होगी। साथ ही सफदर अंसारी ने कहा कि दूसरों के सहारे इधर उधर जाना पड़ता था। जो ब्लाइंड स्टिक मिलने से काफी सहयोग मिलेगा। ट्राई साइकिल व ब्लाइंड स्टिक मिलने से दिव्यांग के चेहरे में खुशी झलक रही थी। मौके पर बाल विकास की महिला पर्यवेक्षिका सुषमा कुजूर,बॉबी नायक समेत अन्य उपस्थित थे।

## आम जनता का समस्याओं का समाधान शांतिपूर्वक करना मुख्य उद्देश्य वारिश



**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रशासन द्वारा शांति पूर्वह विधि व्यवस्था बहाल करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक लोहरदगा निदेर्शानुसार सेन्हा थाना प्रभारी का तबादला किया गया.जिस निमित वारिश हुसैन सेन्हा थाना प्रभारी के रूप में मंगलवार पदभार ग्रहण किया.वही वारिश हुसैन ने पदभार संभालते के उपरान्त कहा कि आम जनता का समस्याओं का समाधान शांतिपूर्वक करना मुख्य उद्देश्य है.साथ की कहा कि वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निदेर्शानुसार अपराध एव उग्रवाद का खत्मा कर क्षेत्र को भयमुक्त कर शांति बहाल करना है.जिसे ग्रामीण निर्भीक हो कर थाना में आ के अपनी समस्या को रख सकेंगे जिसे सभी का समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सकेगा.वही क्षेत्र भ्रमण कर सभी बिंदुओं का जानकारी लिया और उन्होंने आम जनता से सहयोग करने का अपील करते हुए कहा कि पुलिस आम जनता का सहयोगी मित्र है.जिसे सभी के सहयोग से अपराध और उग्रवाद के खिलाफ मजबूती से कारवाई किया जायेगा.

## के सपनों को पूरा करना मेरी जिम्मेदारी, अवसरवादियों की नहीं



नीरू शांति भगत का तीखा प्रहारः ₹कमल किशोर भगत लोहरदगाः स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी, आजसू पार्टी की पूर्व केंद्रीय महासचिव और लोहरदगा विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने एक मीडिया रिपोर्ट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वर्गीय कमल किशोर भगत ने लोहरदगा के विकास का जो सपना देखा था, उसे साकार करना उनकी जिम्मेदारी है, न कि उन अवसरवादियों की, जो चुनावी मौसम में पाला बदलते हैं और स्वार्थ की राजनीति करते हैं।नीरू शांति भगत ने कहा कि कुछ लोग अखबारों में खुद को स्वर्गीय कमल किशोर भगत का हितैषी दिखाने का नाटक कर रहे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि चुनाव के समय यही लोग छल, कपट और गद्दारी करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग मीठे बोल बोलकर जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि असल में वे पार्टी प्रत्याशी को धोखा देकर विरोधियों के साथ जा मिलते हैं।उन्होंने दो टूक कहा कि ₹अगर ये लोग वास्तव में कमल किशोर भगत के सपनों के प्रति ईमानदार होते, तो चुनाव के समय उनकी विचारधारा के साथ खड़े रहते, न कि पीठ में छुरा घोंपने का काम करते।₹ नीरू शांति भगत ने भावुक होते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की जनता के लिए समर्पित है। ₹मेरा सुख-दुख, जीवन-मरण सबकुछ यहीं के लोगों के साथ जुड़ा है। जैसे मेरे पति जनता के हर संकट में साथ खड़े रहते थे, वैसे ही मैं भी हर परिस्थिति में अपने क्षेत्रवासियों के साथ खड़ी रहूंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि लोहरदगा की जनता सच्चाई को पहचानती है और बेईमानों को सबक सिखाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले चुनाव में जनता के आशीर्वाद से उन्हें 78,000 से अधिक वोट मिले थे और आने वाले समय में वे और अधिक समर्थन प्राप्त करेंगी, जिससे वे विजयी होकर स्वर्गीय कमल किशोर भगत के अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प पूरा करेंगी।नीरू शांति भगत ने कहा कि वह अपने स्वर्गीय पति के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे सच्चाई के साथ खड़े रहें और ऐसे अवसरवादियों से सावधान रहें, जो केवल अपने स्वार्थ के लिए राजनीति करते हैं।₹लोहरदगा के विकास का जो संकल्प स्वर्गीय कमल किशोर भगत ने लिया था, उसे मैं हर हाल में पूरा करूंगी। जनता का आशीर्वाद और समर्थन मेरी सबसे बड़ी ताकत है, और मैं हमेशा उनके साथ रहूंगी।

## खिस्त विश्वासियों का चालीसा काल पांच मार्च से, याद की जाएंगी यीशु मसीह की चौदह घटनाएं



**रांची।** खिस्त विश्वासियों का चालीसा काल ईसाई समुदाय में एक महत्वपूर्ण समय होता है, जो ईसा मसीह के पुनरुत्थान के बाद शुरू होता है. यह अवधि 40 दिनों तक चलेगी, जिसमें ईसाई समुदाय ईसा मसीह के जीवन, मृत्यु और पुनरुत्थान की याद में प्रार्थना, उपवास और धार्मिक अनुष्ठान करेगा. रांची के कैथोलिक चर्च, सीएनआई चर्च और जीईएल चर्च में अपने-अपने नियमों के अनुसार ईसा मसीह को याद किया जाएगा.

चर्च में विनती, बाइबिल अध्ययन और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे. इस दौरान प्रत्येक शुक्रवार को यीशु मसीह की चौदह घटनाओं का धर्म बहनों को बताया जाएगा. चालीसा काल में दान और सेवा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, और गरीबों तथा जरूरतमंदों की मदद की जाएगी. बिशप हाउस के सेक्रेटरी असीम मिंज ने बताया कि पांच मार्च से चालीसा काल शुरू होगा. इस दिन खजूर के पत्तों को जलाकर राख बनाई जाएगी, जिसे सभी विश्वासी अपने माथे पर लगाएंगे. चालीसा काल 40 दिनों तक चलेगा, जिसमें पश्चाताप और पापों का पछतावा किया जाएगा. उपवास और दान पर जोर दिया जाएगा. खिस्त विश्वासियों को याद दिलाया जाएगा कि सभी मनुष्य ईश्वर द्वारा धरती पर बुलाए गए हैं और अंत में वे ईश्वर के पास जाएंगे. इस दौरान यह भी स्मरण कराया जाएगा कि माथे पर राख लगाने से जीवन को ईश्वर को समर्पित किया जाता है, और एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति, प्यार और सहायता की भावना व्यक्त की जाती है. प्रत्येक रविवार को छोड़ दिया जाता है चालीसा काल 46 दिनों का होता है. लेकिन इसमें से छह रविवारों को गिना नहीं जाता, जिससे वास्तविक चालीसा काल 40 दिनों का होता है. रविवार को ईसाई समुदाय विशेष दिन मानते हैं, क्योंकि इस दिन यीशु मसीह का पुनरुत्थान हुआ था और यह महिमा का दिन होता है. इस दिन को सकारात्मक रूप से जोड़कर ईश्वर की महिमा की जाती है और जीवन व्यतीत किया जाता है. फादर असीम मिंज ने बताया कि रोम से पोप का एक पास्टर पत्र जारी होता है, जिसे सभी धर्माध्यक्षों को पढ़कर सुनाया जाता है और यह पत्र सभी बिशपों को भेजा जाता है.

# झारखंड में पश्चिमी विशोभ का असर, बारिश के साथ वज्रपात की आशंका, येलो अलर्ट

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची-**पश्चिमी विक्षोभ के कारण झारखंड के कई जिलों में मंगलवार से मौसम में बदलाव संभव है. मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार 18 फरवरी से झारखंड के कई हिस्सों में आकाश में बादल छाने लगेंगे, जबकि रांची में 19 फरवरी को बादल छाये रहेंगे. कहीं-कहीं गर्जन के साथ वज्रपात की आशंका है, लेकिन 19 फरवरी को कोल्हान के इलाके में गर्जन के साथ बारिश हो सकती है. 20 फरवरी को इसमें विस्तार हो सकता है. 20 फरवरी को रांची में गर्जन के साथ वज्रपात और बारिश हो सकती है. यह बारिश रांची सहित बोकारो, रामगढ़ आदि इलाके में भी होगी.

**गरज के साथ वज्रपात**

21 फरवरी की सुबह धुंध और दिन में आकाश में बादल छाये रहेंगे. बारिश की संभावना कम है, लेकिन गर्जन व वज्रपात की आशंका है. 22 फरवरी को राज्य के पूर्वी इलाके में गर्जन के साथ वज्रपात हो सकता है. यह बारिश सभी जिलों में एक समान नहीं होगी, लेकिम मौसम में परिवर्तन संभव है. मौसम विभाग ने लोगों को वज्रपात से बचने के लिए हर संभव उपाय करने के लिए कहा है. खेत, पेड़ और बिजली खंभों के नीचे नहीं रहने की अपील की है.

**दो दिनों के अंदर तापमान में होगी वृद्धि**

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है. इसके बाद अगले तीन दिनों में इसमें कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. मौसम विभाग ने 19 और 20 फरवरी को येलो अलर्ट जारी किया है.

**24 घंटे में राजधानी के तापमान में हुई वृद्धि**

मौसम विभाग के अनुसार राजधानी रांची के तापमान में पिछले 24 घंटे में वृद्धि दर्ज की गयी है. सोमवार को रांची का अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस रहा. जो सामान्य से तीन डिग्री व पिछले 24 घंटे में 0.4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा. वहीं न्यूनतम तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2.6 डिग्री तथा 24 घंटे में 2.8 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा. राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला का रहा. जहां का अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस तथा सबसे कम तापमान हजारीबाग में 10.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया.

क्या रहा शहर का तापमान (डिग्री सेल्सियस)

**शहर-अधिकतमझ्रन्यूनतम**

रांची : 30.4-15.6
जमशेदपुर-34.6-15.5
मेदिनीनगर-34.2-13.8
बोकारो-32.1-14.2
चाईबासा- 34.8-14.0

# राष्ट्रीय परामर्श: आदिवासी विकास पर मंथन, जुटे दिग्गज

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** अनुसूचित जनजातियों और आदिवासियों की स्थिति पर राष्ट्रीय परामर्श रांची में नीति आयोग के मार्गदर्शन आयोजन किया गया. कार्यक्रम में नीति आयोग ने सतत विकास लक्ष्य को सबका साथ, सबका विकासह्न की अवधारणा से जोड़ा और राष्ट्रीय परामर्श के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा यह प्रक्रिया सही दिशा में आगे बढ़ रही है. जिससे अन्तिम पायदान पर खड़ें लोगो को भी विकास योजना से जोड़ने के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा को आगे ले जायेगा. परामर्श की रिपोर्ट नीति आयोग को सौंपी जाएगी. इसे जुलाई 2025 में संयुक्त राष्ट्र उच्च-स्तरीय राजनीतिक मंच में रखा जायेगा. फिया फाउंडेशन के निदेशक जॉनसन टोपनो ने आदिवासियों के अधिकारों और उनके विकास की योजना बनाने पर जोर दिया. यूएनडीपी के इसाबेल ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में आदिवासियों की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही. वहीं यूनिसेफ के डेनिस लार्सेन ने बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण को आदिवासी विकास से जोड़ा. जेएनयू की प्रोफेसर सोना झरिया ने कहा कि अधिकार नहीं, बल्कि स्वामित्व देना होगा. इससे ही आदिवासियों का समावेशी विकास संभव होगा.

**इन बिंदुओं पर हुई चर्चा**

1. बुनियादी सुविधाएं -शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और बुनियादी ढांचा.
2. प्राकृतिक संसाधन अधिकार - वन अधिकार, मानव-पशु संघर्ष और प्रबंधन।
3. आजीविका - गरिमा, रोजगार, प्रवासन और विस्थापन.
4. संस्कृति और पारंपरिक ज्ञान - सम्मान, पहचान और संरक्षण.
5. नीति और शासन झ अनुसूची V व VI का कार्यान्वयन और संस्थागत ढांचा.

चर्चा से समाने आये सुझाव

आदिवासी के साथ काम करने वाले संगठनों ने आदिवासी समुदाय के विकास के लिए किए जाने वाले ठोस पहल की वकालत की. जिसमें जनजातीय कार्य विभाग को जनजातीय समुदायों के लिए सभी विकास कार्यक्रमों का केंद्रीय प्राधिकरण के रूप में कार्य करना, आदिवासी इलाके के विकास में सुधार के लिए आदिवासी आबादी वाले गांवों को पुनर्गठित और सुव्यवस्थित करना, पेसा, एफआरए, एसपीटी और सीटीए जैसे आदिवासी कानूनों को समझने में विभागीय अधिकारियों और नौकरशाहों की क्षमता का निर्माण करना, व्यक्तिगत-केंद्रित योजना से क्षेत्र-आधारित योजना जनजातीय समुदायों को उनकी व्यक्तिगत और सामूहिक संपत्ति और संसाधनों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर सशक्त बनाना शामिल है. वहीं समुदायों की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए अनुच्छेद 275(1) के तहत प्रावधानों के पुनर्गठन और समीक्षा करने के सुझाव दिये गये. संसाधनों का कुशल उपयोग सुनिश्चित करने के लिए पेसा-सशक्त गांवों को सीधे धन आवंटन करना जैसे महत्पूर्ण सुझाव दिए. साथ ही पारंपरिक आदिवासी स्वाशासन प्रणालियों और नई पंचायती राज प्रणाली के बीच तालमेल को बढ़ावा देने की बात भी कही गयी. कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र जनजातीय कार्य टीम में शामिल एनडीपी, फिया फाउंडेशन और फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी की भागीदारी रही. परामर्श में करीब 100 प्रतिनिधियों ने भाग लिया. इनमें नीति-निमार्ता, शोधकर्ता, समाजसेवी और आदिवासी नेता शामिल थे.

## मूल्यों से रहित देश समाज का भविष्य नहीं हो सकता, रांची में बोले हरिवंश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची:** लेखिका राजलक्ष्मी सहाय की 4 पुस्तकों के लोकार्पण समारोह में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि मूल्यों से रहित देश समाज का भविष्य नहीं हो सकता. उन्होंने कहा कि राजलक्ष्मी सहाय की रचनाओं में देशप्रेम, चरित्र निर्माण, सामाजिक-पारिवारिक मूल्य हैं. हरिवंश ने कहा कि जो समाज मूल्यों से रहित हो जाते हैं, उनका भविष्य नहीं हो सकता. मानव सभ्यता के अस्तित्व को बनाये रखने में मूल्यों का होना जरूरी है. भारत को आजादी भी ऐसे लोगों ने दिलायी, जो उच्च नैतिक मूल्यों वाले थे. उन्होंने कहा कि रोम जैसी कई सभ्यताएं मिट गयीं, लेकिन भारत बचा रहा, तो अपने मूल्यों की वजह से. दुनियाभर के बड़े चिंतकों ने कहा है कि भारत को पश्चिम का अंधानुकरण करने से बचना चाहिए.

**प्रेमचंद के साहित्य को आगे बढ़ाने की पहल हुई - प्रो अजीत सिन्हा**

प्रो अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि यह बड़ी बात है कि प्रेमचंद के साहित्य को आगे बढ़ाने की पहल हुई है. इस पर शोध होना चाहिए. पुस्तक को विश्वविद्यालय के छात्रों तक पहुंचाने की कोशिश करेंगे. प्रो तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि ये पुस्तकें समाज में परिवर्तन लाने वाली हैं. लेखिका ने कई चुनौतियों का सामना करते हुए इन पुस्तकों की रचना की है.

**राजलक्ष्मी सहाय ने प्रेमचंद की कहानियों को दिया है विस्तार**

नीरज कुमार सिन्हा ने कहा कि राजलक्ष्मी सहाय की लेखनी की भाषा आम जन से जुड़ी है. इन्होंने प्रेमचंद की कहानियों को विस्तार दिया है. समारोह में अनुज सिन्हा, डॉ हर्षदेव शरण ने भी अपने विचार रखे. संचालन प्रो विनय भरत ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रकाश सहाय ने किया.

**राजलक्ष्मी सहाय की 4 पुस्तकों का रांची में हुआ विमोचन**

लेखिका राजलक्ष्मी सहाय की 4 पुस्तकों का लोकार्पण मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय के मास कॉम विभाग के सभागार में हुआ. इन 4 पुस्तकों में जय हिंद, काव्य पुष्पांजलि, प्रेमचंद से आगे और फटी टाट से निकले रामलला शामिल हैं. पुस्तकों का लोकार्पण राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, रांची विवि के कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के कुलपति प्रो तपन कुमार शांडिल्य, पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा, डॉ हर्षदेव शरण और वरिष्ठ पत्रकार अनुज सिन्हा ने किया.

## राजधानी रांची में श्री श्याम संघ की निशान शोभायात्रा 10 मार्च को



**रांची.** श्री श्याम संघ के तत्वावधान में 10 मार्च को अपर बाजार स्थित श्री राधाबल्लभ मंदिर में फाल्गुन उत्सव मनाया जायेगा. एकादशी के अवसर पर श्याम भक्त निशान पूजन कर अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे. इसको लेकर फाल्गुन पोस्टर का विमोचन किया गया. अध्यक्ष कमलेश संचेती ने बताया कि 10 मार्च को सुबह सात बजे श्री राधाबल्लभ मंदिर से 301 निशान के साथ शोभायात्रा निकाली जायेगी. शोभायात्रा अपर बाजार के विभिन्न मार्ग से होते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी.

**श्याम प्रेमी निशान कार्ड के लिए संपर्क कर सकते हैं**

महोत्सव संयोजक आशीष अग्रवाल ने बताया कि श्याम प्रेमी निशान कार्ड के लिए संपर्क कर सकते हैं. शाम सात बजे बाबा श्याम का श्रृंगार, झांकी, अखंड ज्योत, सवामनी, महाप्रसाद एवं फूलों की होली खेली जायेगी. कोलकाता की भजन गायिका प्रिया पोद्दार भजन पेश करेंगी. संरक्षक विष्णु लोहिया ने श्याम प्रेमियों को फाल्गुन उत्सव में हिस्सा लेने का आग्रह किया है. आयोजन में संयोजक आशीष अग्रवाल, उप संयोजक हरेंद्र अग्रवाल, अनिल लोहिया, मनोज काबरा, सौरभ कटारुका, अभिषेक चौधरी, मुकेश कटारूका, सौरभ बथवाल, विकास अग्रवाल, प्रदीप खोवाल, बिमल खुटेटा, रूपेश लोहिया, रवि अग्रवाल, भगवती हेतमसरिया और सुमित अग्रवाल आदि जुटे हुए हैं.

## एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड में बूटकैंप शुरू, 250 से अधिक विद्यार्थी ले रहे हिस्सा



**रांची.** एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने सोमवार को इनोवेशन, डिजाइन और उद्यमिता बूटकैंप (आइडीइ) संस्करण-2 की मेजबानी शुरू कर दी. यह आयोजन 21 फरवरी तक चलेगा. उदघाटन एआइसीटीइ के अध्यक्ष प्रो टीजी सीताराम ने किया. यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल (एमआइसी) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद सहयोग से शुरू हुआ है. एमिटी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ अशोक के श्रीवास्तव ने कहा कि बड़े सपने देखना, बड़ा सोचना और कुछ नया करना बिल्कुल ठीक है. यह पूर्वी भारत का एकमात्र विवि है, जिसे इस तरह के बूटकैंप के लिए मेजबान संस्थान के रूप में चुना गया है.

**देशभर के विद्यार्थी हुए शामिल**

बूटकैंप में पश्चिम बंगाल, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और नयी दिल्ली जैसे राज्यों के विभिन्न कॉलेजों और विवि के 250 से अधिक विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं. मौके पर योगेश वाधवान, डॉ अरविंद देशमुख, शांतनु कैलाश राव सावंत, मास्टर ट्रेनर, वाधवानी फाउंडेशन के पदाधिकारी मौजूद थे. पहले दिन एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड में एक प्रदर्शनी लगायी गयी. दूसरे से पांचवें दिन तक एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड और वाधवानी फाउंडेशन द्वारा विभिन्न सत्र आयोजित किये जायेंगे.

## एमबीबीएस की पढ़ाई करने वालों के लिए गुड न्यूज! रिम्स में बढ़ेगी सीटें, 5 साल से हो रहा था प्रयास

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची :** राजधानी रांची से डॉक्टरी की पढ़ाई करने वालों के लिए खुशखबरी है. राज्य के सबसे बड़े मेडिकल संस्थान रिम्स में एमबीबीएस की सीटें बढ़कर 250 हो जाएगी. संस्थान इतने सीटों पर पढ़ाई शुरू करने की स्थिति में है. रिम्स प्रबंधन ने नेशनल मेडिकल कमीशन को प्रस्ताव भेजकर इसकी जानकारी दे दी है.

**एनएमसी टीम कभी भी परिसर का कर सकती है निरीक्षण**

रिम्स प्रबंधन का कहना है कि यहां पर 250 सीट पर पढ़ाई संचालित की जा सकती है. सीट के हिसाब से जितनी आधारभूत संरचना, मैनपावर और सुविधा की आवश्यकता है, उसे पूरा कर लिया गया है. ऐसे में एनएमसी टीम कभी भी अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर सकती है. वर्तमान में एमबीबीएस की 180 सीटों पर नामांकन होता है.

**250 सीट पर पढ़ाई के लिए पांच साल से चल रहा प्रयास**

बता दें कि रिम्स में एमबीबीएस की 250 सीट पर पढ़ाई के लिए पांच साल से प्रयास चल रहा है, लेकिन अभी तक मान्यता नहीं मिली है. एनएमसी की टीम ने तीन साल पहले निरीक्षण किया था, लेकिन एकेडमिक भवन, लेक्चर थियेटर, ब्लड बैंक, ओपीडी मरीजों की कम संख्या के कारण अनुमित नहीं दी गयी थी. इसके बाद इन सभी कमियों को दूर कर लिया गया है. सूत्रों ने बताया कि मैनपावर में डॉक्टर और नर्सों की कमी है, जिसे धीरे-धीरे पूरा किया जा रहा है. विज्ञापन निकालकर इनकी नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है. गौरतलब है कि सरकार ने अगले पांच साल में देश के मेडिकल कॉलेजों में 75 हजार एमबीबीएस सीटें बढ़ाने का लक्ष्य रखा है. इस संबंध में बजट में भी फैसला कर लिया गया है.

# भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रांची और हटिया स्टेशन में है ये व्यवस्था, भारी संख्या में आरपीएफ जवान तैनात

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची :** नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार को हुए हादसे और रविवार को रांची रेलवे स्टेशन पर अत्यधिक भीड़ के कारण छह लोगों के बेहोश होने और 60 से अधिक यात्रियों की ट्रेन छूटने के बाद रेलवे ने व्यवस्था में सुधार किया है. रांची और हटिया स्टेशन पर बिना टिकट यात्रियों को प्रवेश करने नहीं दिया जा रहा. इसके लिए रेलवे के अधिकारी, आरपीएफ के जवान भारी संख्या में तैनात हैं. हटिया स्टेशन के बाहर बैरिकेडिंग की गयी है. जिन यात्रियों के पास टिकट है उन्हें ही स्टेशन में जाने की अनुमति दी गयी. वहीं यात्रियों को ट्रेन में सवार होने के लिए कतारबद्ध किया जा रहा.

**जिन यात्रियों के पास था टिकट उन्हें ही दिया गया बोगी में प्रवेश**

सोमवार को ट्रेन संख्या 12873 झारखंड स्वर्णजयंती ट्रेन के प्रत्येक बोगी के सामने आरपीएफ के जवान तैनात थे. जिन यात्रियों के पास जिस श्रेणी का टिकट था, उन्हें उसी बोगी में प्रवेश करने दिया गया. वहीं जनरल बोगी हटिया स्टेशन पर ही भर गया लेकिन स्लीपर और अन्य आरक्षित बोगियों में वही यात्री थे जिनके पास आरक्षित टिकट था. वहीं स्टेशन पर टिकट चेकिंग को देखते हुए सैकड़ों लोग टिकट काउंटर पर पहुंचे. जहां भारी भीड़ के कारण लोगों को जनरल टिकट नहीं मिला और लोग वापस लौट गये. ट्रेन दोपहर 1.40 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुई.

**एक-एक जवान हर बोगी में थे तैनात**

जनरल और अन्य बोगी में यात्री अंदर से ट्रेन का दरवाजा बंद नहीं करें इसके लिए हर बोगी में एक-एक जवान स्कॉट करते हुए हटिया से रांची आये थे. रांची स्टेशन में भी हटिया स्टेशन की तरह व्यवस्था की गयी थी. यहां भी स्टेशन बिल्डिंग में प्रवेश से पहले यात्रियों की टिकट जांच की गयी. वहीं, प्लेटफार्म पर भी बैरिकेडिंग की गयी थी. आरपीएफ के जवानों ने यात्रियों को कतारबद्ध होकर ट्रेन के अंदर प्रवेश कराया. मौके पर सीनियर डीसीएम निशांत कुमार, आरपीएफ के कमांडेंट पवन कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

**अब इसी व्यवस्था के तहत यात्रियों को कराया जायेगा प्रवेश**

सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने कहा कि महाकुंभ को लेकर यूपी व यूपी होकर जाने वाली ट्रेनों में अत्यधिक भीड़ है. ट्रेन में उन्हीं यात्रियों को प्रवेश दिया जायेगा जिनके पास जनरल या आरक्षित टिकट होगा. महाकुंभ को लेकर स्पेशल ट्रेन चलाने के लिए रांची रेल डिविजन की ओर से दक्षिण-पूर्व रेल मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है. वहां से अनुमति मिलने के बाद तिथि की घोषणा की जायेगी.

प्रयागराज जाने के लिए सैकड़ों की संख्या में पहुंचे थे लोग

हटिया स्टेशन के बाहर यात्रियों की भारी भीड़ प्रयागराज जाने के लिए झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन में सवार होने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग हटिया स्टेशन पहुंचे थे. इसमें कई लोग बिना टिकट के थे. जिनके पास टिकट नहीं था, उन्हें स्टेशन में जाने नहीं दिया गया. ऐसे लोगों की संख्या सैकड़ों में थी. ऐसे लोगों को स्टेशन के सामने से हटने के लिए माइक से घोषणा करनी पड़ी.

## जिला प्रशासन की टीम पहुंची कचहरी रोड, दुकानदारों ने हटाईं दुकानें



**रांची।** झारखंड बार एसोसिएशन के समीप अवैध रूप से लंबे समय से सैकड़ों फुटपाथ दुकान लगे थे. इसे मंगलवार को जिला प्रशासन ने हटा दिया. इसके कारण कचहरी रोड पूरी तरह से जाम मुक्त हो गया. जिला प्रशासन ने कचहरी रोड पर दो टैक्टर और टर्बो को फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों का सामान जब्त करने के लिए बुलाया गया. वाहन देखते ही सभी फुटपाथ दुकानदारों ने प्लास्टिक के छप्पर, ठेला, खोमचा, कम्प्यूटर समेत अन्य समान को गली मुहल्लों में लेकर छिपा दिया. सामान को दुकानदारों ने रजिस्टर ऑफिस के परिसर व रोड में पड़ने वाली गली में रख दिया, ताकि जिला प्रशासन लगाई गई दुकान को उठाकर नहीं ले जाए. दुकानों के नहीं रहने से कचहरी में थोड़ा सा सनाटा पसरा रहा. क्योंकि अवैध कब्जाकर फुटपाथ रोड पर लगाई दुकानें नहीं लगाए गए. जहां पर दुकान लगाई गई थी, वहां आराम से राहगीर पैदल जा रहे थे. साढे तीन बजे नगर निगम के सभी वाहन चले गये तो सबसे पहले विभिन्न प्रकार का फार्म बेचने वाले व नोट अदला बदली की दुकान सजाई गई.

**रातू रोड से कचहरी चौक तक रहा जाम**

रोड को जाम मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन लंबे समय से संघर्ष कर रहा है. ट्रैफिक पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा फुटपाथ पर लगाने वाले फुल दुकान व चाय दुकान के विक्रेताओं को भी हटाया गया. इस दौरान फल विक्रेताओं ने कहा कि वेजिटेबल मार्केट में वैसे लोगों को दुकान दी गई है. वहीं जब एक साथ नगर निगम का वाहन आया तो रातू रोड और कचहरी रोड में जाम लग गया. वाहनों की लंबी कतार लग गई.

19 फरवरी को रांची के कई इलाकों में रहेगा पावर कट, जानें टाइमिंग

## झारखंड न्यूज, दक्षिण छोटानागपुर, रांची न्यूज




**रांची।** रांची में 19 फरवरी को आरडीएसएस योजना के तहत विद्युत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी. वितरण निगम ने संबंधित क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से अपील किया है कि बिजली से जुड़े आवश्यक कार्य को समय से पूर्व कर लें.

**इन क्षेत्रों में बाधित रहेगी आपूर्ति**

- विद्युत शक्ति उपकेंद्र झ हरमू के न्यू हरमू फीडर में हरमू हाउसिंग सोसाइटी में फिजियोथेरेपी क्लीनिक के पास एल टी लाइन का काम किया जाएगा, जिसके कारण हरमू क्षेत्र की बिजली आपूर्ति दिन में 11:30 से 3:00 बजे तक बाधित रहेगी.
- विद्युत शक्ति उपकेंद्र झ पुंदाग के दीपाटोली फीडर में आरडीएसएस योजना से संबंधित कार्य किया जाएगा, जिसके कारण इस फीडर की बिजली आपूर्ति दिन के 11:30 से 3:00 बजे तक बाधित रहेगी.
- विद्युत शक्ति उपकेंद्र झ अशोक नगर के पुंदाग फीडर के कुनेर टोली में, कडरू फीडर के अशोक विहार गेट नंबर 1 के पास और अरगोड़ा फीडर के अमलतास, अशोक नगर रोड नंबर 4 में आरडीएसएस योजना से संबंधित कार्य किया जाएगा, जिसके कारण इस क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति 10 बजे से 3:00 बजे तक बाधित रहेगी.

## 501 महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा, रुद्राभिषेक में भगवान शिव को अर्पित किए पवित्र जल



**रांची।** न्यू मधुकम रोड नंबर 5एच स्थित श्री राम नगर में तीन दिवसीय भव्य आरती और हनुमान चालीसा के अवसर पर श्री लिंगेश्वर महादेव मंदिर से 501 महिलाओं ने कलश यात्रा का आयोजन किया. यह यात्रा श्री लिंगेश्वर मंदिर से शुरू होकर शनि मंदिर, चुना भट्टा, पहाड़ी मंदिर और खादगढ़ा होते हुए मंदिर परिसर में संपन्न हुई. सभी महिलाओं को नींबू सरबत पिलाया गया. कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं कलश लेकर शामिल हुईं. मुख्य अतिथि भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील गुप्ता, न्यू लायंस क्लब अध्यक्ष अनील गुप्ता, राहुल गुप्ता, पंकज सिन्हा, धनंजय सोनी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए. आयोजक विनोद राजन ने बताया कि महिलाएं मंदिर के बाहर से लेकर शहर की सड़कों पर कलश को सिर पर रखकर यात्रा करती हुईं आईं. इस यात्रा में शामिल महिलाएं अपने सिर में कलश और गले में लाल रंग की चुनरी पहने हुई थीं. यात्रा के दौरान हर मंदिर के पास रुककर पूजा-अर्चना की गई. लोग अपने घरों से बाहर निकलकर कलश यात्रा का स्वागत कर रहे थे. मंदिर के पुजारियों ने विशेष पूजा-अर्चना की और लोगों को आशीर्वाद दिया. महिलाएं अपने पारंपरिक परिधानों में सजी हुई थीं. इस दौरान रुद्राभिषेक अनुष्ठान भी हुआ, जिसमें भगवान शिव की पूजा और अभिषेक किया गया. भगवान शिव को प्रसन्न करने और उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए मंत्रोच्चारण किया गया. आचार्य सुबोध पांडेय ने भगवान शिव की मूर्ति पर अभिषेक किया, जिसमें फूल-माला, जल, दूध समेत अन्य पवित्र द्रव्यों से अभिषेक किया गया. 19 फरवरी को हवन होगा, जबकि 20 फरवरी को भव्य आरती, हनुमान चालीसा का पाठ और भंडारा का आयोजन होगा.

**मंदिर के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे**

पदाधिकारी सूरज शर्मा, धीरज कुमार, अभय शर्मा, विकास साहू, रौशन कुमार, राजू शर्मा, राहुल कुमार, विक्की रजक, सोनू शर्मा, रोशन कश्यप, महेंद्र साव, भीम साहू, बसंत साव, कृष्णा साव, महादेव शर्मा, गोपाल कर्मकार, बसंत कुमार, नवल साव, काशी केसरी, टीनू साव, बबलू शर्मा, पप्पू रजक, मोनू कुमार, विक्की बरनवाल, जैकी बरनवाल, पिंटू साव समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे.

## स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने उच्चस्तरीय बैठक में कहा- विभाग समय पर अपने जवाब रखें तैयार

**रांची।** विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने आगामी बजट सत्र की तैयारियों को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक की. बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विभाग समय पर अपने उत्तर तैयार रखें, ताकि विधायकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सही और सटीक जवाब दिया जा सके. उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा न हो कि किसी प्रश्न का उत्तर किसी अन्य विषय से संबंधित हो.

**कानून व्यवस्था पर चर्चा**

बैठक में राज्य में विभिन्न संगठनों द्वारा किए जाने वाले विरोध-प्रदर्शनों और घेराव को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए. विधानसभा अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि विधि-व्यवस्था को लेकर कोई कोताही नहीं बरती जानी चाहिए.

**नेता प्रतिपक्ष की अनुपस्थिति**

नेता प्रतिपक्ष की अनुपस्थिति पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी दल को इससे परेशानी हो रही है, क्योंकि आमतौर पर विपक्षी दलों को नेता प्रतिपक्ष ही संगठित और संचालित करता है. हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति हो जाएगी. इस बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह सचिव, डीजीपी, विभिन्न विभागों के सचिव, रांची एसएसपी और रांची डीसी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे.

# उपायुक्त हेमंत सती ने समाज कल्याण की योजनाओं की किया समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में समाज कल्याण विभाग, जिला बाल कल्याण और बाल संरक्षण कमिटी के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।बैठक के दौरान उपायुक्त ने आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के रिक्त पदों को अब तक नहीं भरने पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि इन पदों की भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए और जल्द से जल्द रिक्त पदों को भरा जाए ।बैठक में समाज कल्याण विभाग द्वारा बनाए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने डीएमएफटी मद से हो रहे आंगनबाड़ी निर्माण की जानकारी ली और निर्देश दिए कि जहां भी जमीन की आवश्यकता है, वहां के अंचलाधिकारी संबंधित सीडीपीओ से समन्वय स्थापित कर निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराएं ।इसके अलावा, जिन आंगनबाड़ी केंद्रों में अब तक बिजली कनेक्शन नहीं है, वहां जल्द से जल्द विद्युतीकरण सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया ।समीक्षा बैठक में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पोषण ट्रैकर ऐप, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना और आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।उपायुक्त ने हाल ही में सामने आए उन मामलों पर चिंता व्यक्त की, जिनमें आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा केंद्रों को समय पर नहीं खोला जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसी सेविकाओं को तत्काल सेवा मुक्त किया जाए और भविष्य में इस तरह की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाए ।बैठक में उपायुक्त ने सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन सुचारू रूप से संचालित हों। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन केंद्रों की जियो-टैग की गई तस्वीरें संबंधित ग्रुप में भेजी जाएं, जिससे नियमित निगरानी संभव हो सके ।इसके साथ ही सेविका एवं सहायिका के रोस्टर तैयार करने और रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए ।बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी, प्रखंड बाल संरक्षण पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बिन्दुवासिनी हॉल्ट संघर्ष समिति प्रतिनिधिमंडल ने सांसद के नाम सौंपा मांग पत्र



**बरहरवा/साहिबगंज।** बुधवार को बिंदुबासिनी हॉल्ट संघर्ष समिति की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल राजमहल संसदीय क्षेत्र के निर्वाचित सांसद श्री विजय कुमार हांसदा इलाज के लिए बाहर रहने के कारण उसकी मां शांति सरोजिनी मुर्मू को पांच सदस्यों प्रतिनिधिमंडल ने मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में सद्दाम शेख,श्री रेजाउल अंसारी,मानव अधक्ष कामरेड मोहम्मद इकबाल,कामरेड असगर आलम,कामरेड सरीफूल इस्लाम उपस्थित थे। इस दौर में डीआरएम मालदा को भी 5 फरवरी 2025 को ज्ञापन सोपा गया उनसे सकारात्मक बातचीत हुई उन्होंने स्पष्ट किया की गाड़ियों का स्टॉपेज हमारे स्तर से हो जाएगा बाकी मालदा वर्धमान पैसेंजर का ठहराओ तथा इस गाड़ी का परिचालन जो बंद है इसे जी एम हावड़ा कोलकाता तथा रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष दिल्ली में हस्तक्षेप करने पर एक सकारात्मक परिणाम निकलकर आएगा इस कड़ी में दिनांक 15,16,17 फरवरी 2025 को बिंदुबासिनी हॉल्ट में क्रमश हजार से डेढ़ हजार की संख्या में क्षेत्र के छात्र,नौजवान, किसान,मजदूर,महिलाएं तथा मेहनतकश जनता उपरोक्त तीनों तारीख में निर्धारित तिथि तथा समय पर धरना में हिस्सा लिया।

# उपायुक्त ने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज** ।समाहरणालय स्थित उपयुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हेमंत सती द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान उपयुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही उपयुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त दिया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें ।साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके ।ज्ञात हो कि हर सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

# सिविल सर्जन ने किया एमडीए राउंड का निरीक्षण



**साहिबगंज।** सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया ने मंगलवार को सीएचसी पतना के धरमपुर मिशन में टीम नंबर 88 और 90 का निरीक्षण किया। सिविल सर्जन ने एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) राउंड के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सिविल सर्जन ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि लाभार्थियों को दवा उनके सामने खिलाना अनिवार्य है और किसी भी परिस्थिति में दवा का वितरण नहीं किया जाए ।उन्होंने टीम को अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने और अधिकतम लोगों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हुई संपन्न



**उधवा में चार परीक्षा केंद्रों का राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी ने लिया जायजा**

**उधवा/साहिबगंज।** झारखंड अधिविद्य काउंसिल रांची द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा मंगलवार को शांतिपूर्ण तरीके से हुई आयोजित। कदाचार मुक्त परीक्षा को संपन्न कराने को लेकर राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी विमल सोरेन ने उधवा प्रखंड के चार परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। उन्होंने ने प्लस टू उच्च विद्यालय उधवा में सीसीटीवी कैमरा सहित अन्य उपकरणों का जायजा लिया। प्रथम पाली में मैट्रिक तथा द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा हुई आयोजित। मैट्रिक परीक्षा में हिंदी ए तथा हिंदी बी विषय में कुल 500 परीक्षार्थी हुए उपस्थित। जबकि तीन परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित। इंटरमीडिएट परीक्षा में इकोनॉमिक विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस दौरान प्लस टू उच्च विद्यालय राधानगर के केंद्राधीक्षक रवी कुमार मिश्रा ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा में कुल 407 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा दो परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय श्रीधर के केंद्राधीक्षक ने बताया कि 495 परीक्षार्थी उपस्थित थे जबकि एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। मौके पर एसआई हसनैन अंसारी,शिक्षक नईम अख्तर,हबीबुर रहमान,गौर चंद्र मंडल,वसीम अकरम, सहित अन्य मौजूद थे।

# शिव महापुराण कथा कों लेकर निकाला गया भव्य कलश यात्रा



**साहिबगंज।** साहेबगंज ओझा टोली गंगेश्वर नाथ धाम घाट में शिवमहापुराण का आयोजन किया जा रहा है.संत वैष्णव महाराज के सानिध्य में यह कथा का आयोजन सुनिश्चित हुआ है वैष्णव महाराज के स्वर में शिव महापुराण कि कथा कहीं जायेगी.उसी अवलोक में मंगलवार को ओझा टोली गंगा घाट से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाला गया,शोभायात्रा गंगा घाट से निकल कर वायसी स्थान आया और लौटते हुऐ गैस गोदाम होते हुऐ गंगेश्वर धाम घाट पहुचा.शोभायात्रा में शामिल श्रधालुओं औ? आम लोगो के लिये ओझा टोली के ग्रामीणो के द्वारा शरबत व पानी पिलाकर उनका अभिनंदन किया गया. कथा 18 तारीख से 26 तारीख तक हर दिन संध्या 5 बजे से रात्री 8 बजे तक किया जायेगा. इस मौके पर कथावाचक धनंजय वैष्णव ,महेंद्र नाथ ओझा ,त्रिलोकी नाथ ओझा ,देवकुमार ओझा ,कौशल किशोर ओझा ,राजीव ओझा ,राजेश ओझा,निर्भय ओझा ,प्रेमप्रकाश ओझा,सन्नी चौधरी ,लालजी यादव ,व अन्य ग्रामीण शामिल हुऐ.

**लोगों में भगवान श्री कृष्ण के प्रति गहरी श्रद्धाः बजरंगी प्रसाद यादव**

# राधानगर में आयोजित तीन दिवसीय कीर्तन के अंतिम दिन शामिल हुए बजरंगी प्रसाद यादव

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**उधवा/साहिबगंज।** उधवा प्रखंड क्षेत्र के राधानगर पंचायत में आयोजित तीन दिवसीय श्री कीर्तन के अंतिम दिन सोमवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव व साहिबगंज भाजपा जिला अध्यक्ष उज्जवल मंडल शामिल हुए। इस दौरान बजरंगी यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि उधवा प्रखंड भगवान श्री कृष्णा से जुड़ी हुई है और यहां के लोगों में भगवान श्री कृष्ण के प्रति गहरी श्रद्धा है। उन्होंने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगह पर भगवान श्री कृष्ण से जुड़े भक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जो यहां की संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के राधा नगर पंचायत में चल रहे हैं भगवान श्री कृष्ण से जुड़ी हुई कीर्तन लीला का आयोजन करने के लिए कमेटी के साथ ग्रामीणों को धन्यवाद दिया। इसके अलावा, उन्होंने यह भी बताया कि जो भी व्यक्ति गरीबों के कारण अपनी बेटियों की शादी नहीं करा पा रहे हैं तो वैसे परिवारों के बेटियों की शादी करने का भी जिम्मा उठाया गया है। इसके लिए उनके द्वारा जगह-जगह पर अपने कार्यकताओं को तैयार किया गया है। उन्होंने परिवारों से अपील करते हुए कहा कि कार्यकताओं से मिलकर शादी दिलाने हेतु संपर्क किया जा सकता है, जिससे बेटियों की शादी आसानी से दिलाया जा सके। मौके पर जिप सदस्य प्रतिनिधि अजहरुद्दीन शेख, भाजपा नेता पंकज घोष राहुल मंडल, कृष्णा साहा, संदीप घोष, राधानगर के मुखिया प्रतिनिधि अचिंतो मंडल सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# अनियंत्रित होकर बाईक गिरी दो घायल

**साहिबगंज** ।शहर के एसडीओ कोठी के पास सोमवार की देर रात्रि मोटरसाइकिल में दो मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज में भर्ती कराया है। वहीं ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अलीमुद्दीन ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घायल कबूतरखोपी के रहने वाले दिनेश यादव का पुत्र गोलू कुमार यादव 15 वर्षीय व रामप्रवेश यादव का पुत्र सिकंदर यादव 22 वर्षीय है। मिली जानकारी के अनुसार एसडीओ कोठी के पास उतरने के दौरान मोटरसाइकिल असंतुलित होकर पलट गया।

# विद्युत विभाग द्वारा छापेमारी में पकड़ी गयी बिजली चोरी

**राजमहल/साहिबगंज।** राजमहल थाना क्षेत्र और तालझारी थाना क्षेत्र में मंगलवार को बिजली विभाग के एसडीओ पुनर कुमार झांसी के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया।जिसमे में राजमहल थाना क्षेत्र के बुधवारिया,सरकंडा और महाराजपुर,मसकलैया के विभिन्न गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया ।एसडीओ पुनर कुमार झांसी ने जानकारी देते हुए बताया की छापेमारी के दौरान 6 उपभोक्ताओं को चोरी छिपे अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पकड़े जाने के मामले में राजमहल थाना में दो व्यक्ति एवं तालझारी थाना में चार व्यक्तियों के खिलाफ आवेदन देकर कार्रवाई की जा रही है. विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चलायें जा रहा है .मौके पर शौरभ, दिलीप झा अन्य विद्युत कर्मी मौजूद थे.

# झारखंड मुक्ति मोर्चा के नए प्रखंड कमिटी का गठन किए जाने पर सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**उधवा/साहिबगंज।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड कमिटी के विस्तार किए जाने पर झामुमो कार्यकताओं ने मंगलवार को उधवा में आलम पेट्रोल पंप के समीप सम्मान समारोह का आयोजन किया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजमहल विधायक प्रतिनिधि मो. मारुफ उर्फ गुड्डू उपस्थित हुए। इस दौरान दर्जनों झामुमो कार्यकर्ताओ ने मुख्य अतिथि को गुलदस्तां एवं फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। वहीं नव निर्वाचित उधवा प्रखंड अध्यक्ष अय्यूब अली उर्फ बबुआ को कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार झारखंड मुक्ति मोर्चा के नए सरकार गठन के बाद नए सिरे से उधवा प्रखंड कमिटी का विस्तार किया गया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला संयोजक मंडली प्रमुख सह बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा ने प्रखंड कमिटी का विस्तार किए है। जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता अयुब अली उर्फ बबुआ को उधवा प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि भैया किस्कू को उपाध्यक्ष, विश्वजीत मंडल को सचिव एवं मो.अब्दुल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव,कोषाध्यक्ष को पार्टी के कार्यकताओं ने मालापहना कर स्वागत किया। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष अयूब अली उर्फ बबुआ ने सांसद, विधायक तथा पार्टी के वरीय अधिकारी का आभार प्रकट किया।कहा कि जिस पद की जिम्मेदारी दी गई है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करूंगा एवं पार्टी हित में ऊर्जा के साथ काम करूंगा। सभी कार्यकताओं के साथ मिलकर बूथ स्तर पर पार्टी को और मजबूत दिलाने के लिए कड़ी से कड़ी मेहनत के साथ काम करूंगा।उन्होंने ने आगे बताया कि ईमानदारी के साथ संगठन को चलाने और प्रखंड के तमाम जनता के समस्याओं का निराकरण करने में कोई कसर नही छोड़ूगा। मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष एहतेशाम गणी उर्फ चांद, अली हसन, मंजूर आलम, काजू मल्लिक, नसीम अख्तर, शाहजहांन अली, मेहबूब शेख, मो आशिक, इरफान अली, यासीन शेख, मो. जहांगीर, सलाम शेख, सबीना यास्मीन, शिवपति मंडल, हारून रशीद, श्रीबोस मंडल, केशरूल शेख,सहित दर्जनों कार्यकर्ताओ मौजूद थे।

# सदर अस्पताल से नवजात की चोरी, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल



**रांची :** सदर अस्पताल से एक नवजात बच्ची चोरी होने का मामला सामने आया है. यह बच्ची पिठोरिया के रहने वाले उमेश बेदिया और सबिता देवी का है. जानकारी के मुताबिक, 14 फरवरी को बच्ची का जन्म हुआ था. सोमवार की रात लेबर रूम के बाहर से ही बच्ची को गायब कर दिया गया. बच्ची के गायब होने के बाद उसके मां-बाप का रो-रो कर बुरा हाल है. मामले को लेकर उमेश ने रांची के लोअर बाजार थाने में लिखित आवेदन दिया है. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बच्ची की तलाश शुरू कर दी है.

# विधायक निषाद आलम ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण,विधायक नीधी से दो एंबुलेंस मुहैया कराया गया

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़ :** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक निसात आलम ने मंगलवार को पाकुड़ सदर अस्पताल सोनाजोड़ी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से मुलाकात कर हाल-चाल जाना। साथ ही अस्पताल की सभी आवश्यक अवयवों की बारीकी से निरीक्षण किया। विधायक ने उपस्थित डॉक्टर समेत प्रभारी को आवश्यक निर्देश भी दिया। तत्पश्चात विधायक निसात आलम ने पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय आये और क्षेत्र वासियों की बेहतर स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था के ध्यानार्थ आकस्मिक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के विधायक नीधी से दो एंबुलेंस मुहिया कराया गया, जिसका का उद्घाटन वर्तमान विधायक निसात आलम जी ने फीता काटकर किया। वही विधायक ने पाकुड़ स्थित डीडीएच में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन का उद्घाटन विधिवत फीता काट कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र के मरीजों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस डीडीएच मिल का पत्थर साबित होगा। तत्पुश्चात विधायक निशात आलम ने पंचायत हीरानंदनपुर , भवानीपुर फारसा के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान विधायक ने जनसमस्याओं से रुबरु हुए। तत्पश्चात आश्वस्त किया कि यथार्थ शीघ आपके सभी समास्याओं का निष्पादन सम्बन्धित विभाग से कराया जायेगा। वही विधायक ने जनसम्पर्क के दौरान ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपका सहयोग के बदौलत ही इस मुकाम पर पहुंच सका। जिसके लिए आप सभी का आभार व्यक्त करती हुं। मौके पर जिला अध्यक्ष श्री कुमार सरकार, प्रखंड अध्यक्ष मानसारुल हक, विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, जिला परिषद सदस्य मंजुला हसदा,सोशल मीडिया प्रभारी पियारुल इस्लाम, शाहीन परवेज,रामविलास महतो, ओबीसी अध्यक्ष आमिर हमजा,युवा उपाध्यक्ष बिलाल शेख, मुखिया प्रतिनिधि सेलिम हुसैन सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कारखाना गेट पर संयुक्त संघर्ष मोर्चा का महा धरना

**कुलबीर सिंह @ झारखंड उजाला संवाददाता**




**सिंदरी/ धनबाद।** विभिन्न मांगों को लेकर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले मंगलवार को एफसीआई एल गेट पर एकदिवसीय महाधरना देकर विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों की भीड़ शहर के विभिन्न क्षेत्रों से भ्रमण करते हुए कारखाने के मुख्य गेट पर एक विशाल जन सभा में तब्दील हो गई। महा धरना की अध्यक्षता पूर्व विधायक आनंद महतो ने की एवं संचालन सुरेश प्रसाद एवं गौतम प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया।

महा धरने के मुख्य अतिथि सिंदरी के विधायक चंद्रदेव महतो, पूर्व विधायक कामरेड आनंद महतो के संग कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, श्रमिक नेता झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला के नेता सपन बनर्जी ,सीपीएम राज्य कमेटी सदस्य सुंदरलाल महतो, सीपीआईएमएल के जिला सह सचिव कार्तिक प्रसाद, सीपीएम के वरिष्ठ नेता काली सेन गुप्ता, किसान नेता संतोष महतो, राष्ट्रीय जनता दल के नेता सुरेश राउत ने जनसभा को संबोधित किया। सिंदरी विधायक ने एफसीआईएल प्रबंधन से महा धरना स्थल में पहुंचे संपदा अधिकारी देवदास अधिकारी को विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौपा। श्री महतो ने जनसभा को संबोधित करते हुए विभिन्न मांगो का उल्लेख किया।

**ज्ञापन में दर्शाई गई मांगों के मुख्य बिंदु**

*सिंदरी में आवासों के आवंटन में दोहरी नीति छोड़कर एक नीति बनाई जाए।

*बिना विचार विमर्श किया पीपी एक्ट का दस्तावेज बांटना बंद किया जाए ।

*एफसीआईएल की जमीन पर वर्षों से रह रहे लोगों को जमीन एवं दुकान आवंटित कर नियमित किया जाए।

*डोमगढ़ में एफसीआईएल के आवासों एवं एनएसी के आवासों को यथा स्थिति में आवंटित किया जाए।

*कारखाना निर्माण में अपनी जमीन देने वाले रैयतों को विस्थापन प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय।

*बिरसा के वंशजों ,आदिवासी परिवारों को जमीन पट्टे पर दिया जाए।

*मौलिक अधिकार में आने वाली तमाम सुविधाएं सिंदरी के शहर और गांव में बहाल की जाएं।

धरने में मुख्य रूप से अजय कुमार, अशोक महतो, विकास कुमार ठाकुर, संजय राय ,दिलीप मिश्रा, राजीव मुखर्जी ,रामू मंडल, राजाराम मुखिया, ध्रुव दास ,सहदेव सिंह ,जोगिंदर महतो, रानी मिश्रा, रंजू प्रसाद ,मिठू दास,नयन कुमार दत्ता,सुबोलचंद, परशुराम सिंह, कृष्ण प्रसाद महतो, पूर्णेन्दु सिंह, दशरथ ठाकुर सहित कई उपस्थित थें।

## मनीरामपुर में एके हार्डवेयर शॉप का हुआ शुभ उद्घाटन, संचालक अकीमुद्दीन शेख ने फीता काटकर किया शुभारंभ




**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** सदर प्रखंड के मनीरामपुर पंचायत में ए के हार्डवेयर शॉप का शुभ उद्घाटन किया गया. इस उद्घाटन समारोह में आसपास के क्षेत्र से कई गणमान्य लोग मौजूद हुए.एके हार्डवेयर शॉप के संचालक अकीमुद्दीन शेख ने सीता काट कर दुकान का उद्घाटन किया. उन्होंने कहा कि इस दुकान में घर बनाने के सारे सामग्री जैसे सीमेंट सरिया पेंट अल्बेस्टर और तमाम तरह के हार्डवेयर उचित मूल्य में ग्राहकों को दिया जाएगा. इस उद्घाटन समारोह में उपस्थित सभी लोगों को मिठाई खिलाकर दुकान के संचालक अकीमुद्दीन शेख ने सभी से आशीर्वाद और दुआ की दरखास्त की. साथ ही उन्होंने कहा कि घर बनाने के जो भी सामग्री ग्राहकों को चाहिए वे हमसे संपर्क कर उचित मूल्य में ले सकते है.

## संजय कुमार सुमन नेशनल ह्यूमन राइट एसोसिएशन के बने झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष



**चतराः** चतरा के संजय कुमार सुमन नेशनल ह्यूमन राइट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बनाये गए हैं। नेशनल ह्यूमन राइट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने एक कार्यक्रम में संजय कुमार सुमन को झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है।अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन में प्रदेश महासचिव संजय कुमार सुमन पिछले कई वर्षों से संगठन को सींचने का काम किया है। उनके कार्यों से चतरा जिला के नागरिक काफी आकर्षित थे।संजय सुमन के द्वारा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हमेशा अपना योगदान देते रहे हैं।नेशनल ह्यूमन राइट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर कई लोगों ने बधाई दी है।

# संसद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल धनबाद उपायुक्त से मिला

**कुलबीर सिंह@ झारखंड उजाला संवाददाता**



**सिंदरी/ धनबाद।** दिनांक 18/02/2025 को धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो के नेतृत्व में भाजपा का एक प्रतिनिधिमण्डल धनबाद के उपायुक्त महोदया से मिला एवं सिंदरी डोमगढ में एफ सी आई एल के तुगलकी फरमान से अवगत कराया । सासंद ने कहा कि सिंदरी में जब ओ बी डम्प के लिए एफ सी आई एल के पास अन्य खाली जमीन उपलब्ध है तो आवासीय क्षेत्र को डिस्टर्ब करने की क्या आवश्यकता है, एफ सी आई एल प्रबंधन बेवजह विधि व्यवस्था बिगाड़ने पर लगा है एवं पीपी कोर्ट के द्वारा लोगों को नोटिस भेजा जा रहा है, जिससे लोगों में भय का माहौल है। । श्री महतो ने उपायुक्त महोदया से कहा कि मैं कल सिंदरी गया था और हजारों लोगों में जो आक्रोश दिखा वह व्यक्त कर रहा हूं । मैं दिल्ली में मंत्रालय में भी इन बातों को रखूंगा आप अपनी तरफ से भी उचित कार्रवाई करें और जब डंप के लिए अन्य जगह उपस्थित है तो आवासीय कॉलोनी को डिस्टर्ब न किया जाए इस स्थिति में यदि कोई भी अप्रिय घटना घटती है तो इसकी जिम्मेदारी एफ सी आई प्रबंधन की होगी । सारी बातों को सुनने के बाद उपयुक्त महोदया ने कहा कि यदि एफ सी आई के पास वैकल्पिक जमीन है तो उसे आवासीय क्षेत्र को डंप के लिए सेल कंपनी को देना उचित नहीं है । जरूरत पड़ी तो मैं आर आर नीति जो एफ सी आई और सेल के बीच बनी है उसमें संशोधन करवाने का प्रयास करूंगी । उपयुक्त महोदया ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मैं बहुत जल्द इस विषय पर एफ सी आई प्रबंधन से बात कर इस समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगी । प्रतिनिधिमंडल में भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला ग्रामीण के जिला अध्यक्ष श्री घनश्याम ग्रोवर जी सिंदरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक भाजपा नेता दीपक कुमार दीपू , दिनेश सिंह, मणि भूषण सिंह, राजीव सिंह ,प्रकाश श्रीवास्तव ,राघव तिवारी ,धीरज सिंह, विदेशी सिंह, सुनील शर्मा थे

# राजकीय इटखोरी महोत्सव के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए चार प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**चतराः** जिले के इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के मां भद्रकाली मंदिरा परिसर में 19, 20 एवं 21 फरवरी को राजकीय इटखोरी महोत्सव 2025 का आयोजन निर्धारित है। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार के द्वारा 3 बजे किया जाएगा। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह,सिमरिया विधायक उज्ज्वल कुमार दास एवं चतरा विधायक जनार्दन पासवान,गरिमामयि उपस्थिति धर्मगुरु स्वामी रविन्द्र कीर्ति हस्तिनापुर, ताराचंद जैन अध्यक्ष झारखंड राज्य दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड, नांगजेय दोरजी सदस्य सचिव बोध गया मंदिर प्रबंधन समिति रहेगी।राजकीय ईटखोरी महोत्सव के पहले दिन 19 फरवरी को सर्वप्रथम मंत्री सुदिव्य कुमार का आगमन, मंदिर दर्शन, पूजन एवं महोत्सव का उदघाटन, वहीं 04:30 बजे से 05:00 बजे संध्या तक विपिन मिश्रा एवं ग्रुप द्वारा शंख वादन एवं डमरू वादन, 05:00 बजे से 05:15 बजे तक न्यू झारखण्ड कला संगीत सृजन केन्द्र द्वारा नागपुरी नृत्य, 05:15 से 05:30 बजे तक नटराज कला केन्द्र चोगा, ईचागड छउ नृत्य, 05:30 बजे संध्या से 05:45 बजे तक नीरज डांस एकेडमी चतरा द्वारा डांस, 05:45 बजे से 06:15 बजे तक एवं 07:45 बजे से 08:15 बजे तक राजीव निगम द्वारा कॉमेडियन, 06:15 बजे से 07:45 तक चंदन तिवारी द्वारा भोजपुरी लोकगायिका, 08:15 बजे रात्रि से 10:15 बजे तक सलमान अली द्वारा बॉलीवुड गायन।

**इटखोरी महोत्स्व मे 20 फरवरी कज कार्यक्रम**

01:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक सेमिनार, 06:00 बजे संध्या से 06:15 बजे तक सुप्रिया कुमारी एण्ड ग्रुप द्वारा योगासन, 06:15 बजे से 06:30 बजे तक साक्षी प्रिया दुबे द्वारा लोकगीत, 06:30 बजे से 06:45 बजे तक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्कूल चतरा द्वारा डांस, 06:45 बजे से 07:00 बजे तक मानभूम सांस्कृतिक समिति, सरायकेला द्वारा पाईका नृत्य, 07:00 बजे से 08:00 तक रवि त्रिपाठी एण्ड ग्रुप द्वारा बॉलीवुड गायन, 08:00 रात्रि से 10:00 तक जॉली मुखर्जी द्वारा बॉलीवुड गायन।

**इटखोरी महोत्सव की 21 फरवरी की कार्यक्रम**

11:00 बजे दिन से महोत्सव तक प्रदर्शनी, 06:00 बजे संध्या से 06:30 बजे संध्या तक वर्षा ऋतु एण्ड ग्रुप द्वारा नागपुरी एवं खोरठा डांस, 06:30 बजे संध्या से 06:45 बजे संध्या तक अनुज्ञा शार्मा द्वारा लोकगीत, 06:45 बजे संध्या से 07:00 संध्या तक सिमरन डांस एकेडमी एण्ड ग्रुप चतरा द्वारा डांस, 07:00 बजे संध्या से 07:20 बजे संध्या तक अथर्व बक्सी द्वारा बॉलीवुड गायन, 07:20 बजे संध्या से 07:40 बजे संध्या तक दिवस कुमार धनबाद द्वारा बॉलीवुड गायन, 07:40 बजे संध्या से 07:50 बजे संध्या तक अभिषेक प्रधान द्वारा गायन, 07:50 बजे संध्या से 08:00 रात्रि तक आर्यन राय द्वारा गायन, 08:00 बजे रात्रि से 10:30 बजे रात्रि तक डॉ0 विष्णु सक्सेना, पदमिणी शार्मा, सर्वेश अस्थाना, स्वयं श्रीवास्तव एवं राजेश अग्रवाल द्वारा हास्य कवि एवं प्रेमगीत कवि, रात्रि 10:30 बजे समापन समारोह।

**प्रचार रथ को किया गया रवाना**

तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 2025 के भव्य व सफल आयोजन के उद्देश्य से आज चार प्रचार जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें तीन रथ जिले से यथा एक समाहरणालय परिसर उपायुक्त रमेश घोलप, दूसरा विकास भवन परिसर से उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, तीसरा अनुमंडल कार्यालय परिसर चतरा से अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम द्वारा हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंड के पंचायत व ग्राम स्तर पर घूम घूम कर आम जानो को राजकीय इटखोरी महोत्सव के बारे ने जानकारी देगी। जिससे अधिक अधिक लोग महोत्सव में पहुंच कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

## जिले के विभिन्न प्रखंड में आयोजित आयुष जांच शिविर में 259 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**




**कैंप में 69 लोगों को योगाभ्यास भी कराया गया।**

**पाकुड़ :** अमड़ापाड़ा प्रखंड के गोरपाड़ा पहाड़िया बस्ती, पाकुड़ प्रखंड के चांचकी, तुलसी नगर एवं शहरकोल, लिट्टीपाड़ा प्रखंड के बासजोर, हिरणपुर प्रखंड के बागशीशा 2 एवं पाकुड़िया प्रखंड के मोगलाबांध में आयुष विभाग की ओर से मंगलवार को आयुष कैंप लगाकर कुल 259 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ मो० अबुतालिब शेख, डॉ लावकुश यादव, डॉ मिथलेश सिंह एवं डॉ० सौरभ विश्वास, डॉ० मो अफरोज आलम, डॉ० संतोष कुमार यादव ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई। कैंप में योग प्रशिक्षक के द्वारा योगाभ्यास कराया गया।प्रशिक्षक ने बताया कि अगर मनुष्य अपनी जीवन शैली में सुधार कर लेता है तो वह रोगमुक्त जीवन यापन कर सकता है। अगर मनुष्य रोजाना 30 मिनट योग और संतुलित आहार का प्रयोग करें तो वह स्वस्थ रह सकता है। 19 फरवरी 2025 को महेशपुर प्रखंड के सीधापोखर खट्टा, अमड़ापाड़ा प्रखंड के पकलो, पाकुड़ प्रखंड के छोटी अलीगंज, लिट्टीपाड़ा प्रखंड के लिट्टीपाड़ा, हिरणपुर प्रखंड के बागशिशा 3, धरनी पहाड़ एवं पाकुड़िया प्रखंड के पलियादाहा में आयुष जांच शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी एवं जांच किया जाएगा।

## 20 फरवरी को मुख्य सचिव, झारखंड की अध्यक्षता में वीसी के माध्यम से होने वाली बैठक की तैयारीयों को लेकर उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज टू के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला को निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति का अनुश्रवण, ग्राम स्तर पर स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन एवं निर्मित अवयवों के क्रियाशील रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने खराब पड़े सभी चापानल को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर ससमय योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार, झारखंड औधोगिक क्षेत्र विकास, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, शिक्षा विभाग एवं नगर परिषद विभाग की समीक्षा कर लंबित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रशासक, नगर परिषद, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, माइनिंग इंस्पेक्टर समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## महेशपुर के बांसलोय नदी से मिली देवी लोलिता की प्राचीनतम मूर्ति राज्य संग्रहालय का बढ़ाएगी शोभा

**14 मई 2024 को महेशपुर के कुलबोना गांव में बासलोय नदी से बालु उठाव के क्रम में अचानक कौतुहल का केंद्र बन गया जब मजदूरों को काले पत्थर की एक प्राचीन मुर्ति मिली। मुर्ति को प्रशासन ने तत्काल सुरक्षित रूप से जिला कोषागार, पाकुड़ में रखा।**

**मुर्ति की पहचान अग्नि पुराण में वर्णित भगवान शिव की पत्नी लोलिता देवी के रूप में की गई है। यह मुर्ति क्लोरिटाइड फाइलाइट से बनाई गई है।**

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो**

**पाकुड़ :** अधीक्षण पुरातत्वविद् (एएसआई, रांची सर्किल) के निदेर्शानुसार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, रांची सर्किल की एक टीम, जिसमें डॉ. नीरज कुमार मिश्रा, सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद् महाबीर ब्रम्हचारी, ड्राफ्ट्समैन ग्रेड-1, पुरातत्व निदेशालय, झारखंड राज्य के अधिकारी मनोज कुमार शामिल थे। संयुक्त रूप से दिनांक 04-11-2024 को ग्राम- कुलबोना, ब्लॉक- महेशपुर जिला- पाकुड़ में बासलोई नदी से प्राप्त देवी ललिता की मूर्ति का निरीक्षण किया जिसे अब राज्य संग्रहालय, होटवार, रांची में प्रदर्शित करने के लिए कोषागार, पाकुड़ से स्कॉट कर ले जाया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि महेशपुर प्रखंड के साथ-साथ पूरे पाकुड़ जिला के लिए यह गौरव का क्षण है, क्योंकि पूरे झारखंड में इस तरह का स्थापत्य कला की यह पहली मुर्ति पाई गई है।

## मातृ शक्ति की सम्मान से खुशहाली आएगी-पंडित मनोज कृष्ण




**हुसैनाबाद,पलामूः** पोलडीह जगदीश पुर गांव में देवी माँ प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ के तीसरे दिन देवी माँ की अधिवास की प्रक्रिया पुरी की गयी.यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उक्त अनुष्ठान पूरी की गयी. महायज्ञ के चौथे दिन बुधवार को नगर भ्रमण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. परिक्रमा करने वाले भीड़ रही. महायज्ञ के दौरान श्री धाम वृंदावन से पधारे पंडित मनोज कृष्ण जी महाराज ने प्रवचन के दौरान कहा कि माता देवी का प्राण प्रतिष्ठा की अनुष्ठान जारी है.हमे समाज को सशक्त बनाने के लिये मातृ शक्ति को सम्मान करने की जरूरत है. घर समाज मे खुशहाली के लिये यह सनातन संस्कृति की अहम फैसला है. उन्होंने कहा कि जो माँ को समझ गया. उसे परम् पिता परमेश्वर की समझ हो जाएगी. उन्होंने कहा कि परम् पिता परमेश्वर हर जगह हैं. देखने की नजरिया हो. वही सांध्य आरती को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुखमय जीवन का आधार मन को शांत रखना है. आज भौतिक संसाधनों के पीछे भाग रहा है. कुमार्ग पर चलकर धन संग्रह में जुटा है. लेकिन ऊपर की अदालत में यह काम नही आएगा. किया गया पूण्य ही साथ जाएगा. वही उन्होंने परिक्रमा व अधिवास की वैज्ञानिक व आध्यात्मिक महत्व पर विस्तृत जानकारी दी. कार्यक्रम को सफल बनाने में महायज्ञ समिति व समस्त ग्रामीण सक्रिय हैं.21 फरवरी को महा भंडारा के साथ महायज्ञ का समापन होगा.



# नेचुरोपैथी में बनाएं अपना कॅरियर

**एक नेचुरोपैथ यानी प्राकृतिक चिकित्सक का वेतन काफी हद तक उसकी लोकेशन, विशेषज्ञता, योग्यता और अनुभव पर निर्भर करता है। वैसे शुरूआती तौर पर एक नेचुरोपैथ दस हजार से बीस हजार रूपए आसानी से कमा सकता है। एक बार अनुभव प्राप्त करने के बाद आपको आकर्षक वेतन मिल सकता है।**

आज के समय में लोगों का लाइफस्टाइल जिस तरह का है, उसके कारण हर व्यक्ति किसी न किसी समस्या से ग्रस्त रहता ही है। लेकिन हर समस्या के लिए दवाइयों का इस्तेमाल करना उचित नहीं माना जाता। अगर आप भी लोगों का इलाज प्राकृतिक तरीके से करने में विश्वास रखते हैं तो नेचुरोपैथी में अपना भविष्य बना सकते हैं। यह एक ऐसी वैकल्पिक चिकित्सा है, जिसमें प्रकृति के पांच तत्वों की सहायता से व्यक्ति का इलाज किया जाता है। यह इलाज की एक बेहद पुरानी पद्धति है।

## स्किल्स

इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे व्यक्ति को सामान्य चिकित्सा व मानव शरीर रचना विज्ञान के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त एक सफल नेचुरोपैथ बनने के लिए आपके भीतर धैर्य, कम्युनिकेशन और लिसनिंग स्किल्स, आत्मविश्वास, मरीज की जरूरतों को समझना, मोटिवेशनल्स स्किल्स व रोगियों के भीतर विश्वास पैदा करने का भी कौशल होना चाहिए।

## क्या होता है काम

एक नेचुरोपैथ का मुख्य काम सिर्फ रोगी का इलाज करना ही नहीं होता, बल्कि वह अपने पेशेंट के खानपान और उसके लाइफस्टाइल में भी बदलाव करता है, ताकि व्यक्ति जल्द से जल्द ठीक हो सके। इतना ही नहीं, एक नेचुरोपैथ को मनोविज्ञान का भी ज्ञान होना चाहिए ताकि वह रोगी की स्थित कि समझकर उसे बेहतर उपचार दे सके।

## योग्यता

इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों का भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीवविज्ञान में कम से कम 45 प्रतिशत अंक होने चाहिए। इसके बाद आप बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी और यौगिक साइंस कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें डिप्लोमा कोर्स भी अवेलेबल हैं।



## संभावनाएं

एक नेचुरोपैथ वेलनेस सेंटर्स, न्यूटिशन सेंटर, हॉस्पिटल, हेल्थ केयर सेंटर आदि में जॉब तलाश सकते हैं। इसके अतिरिक्त आप एकेडमिक्स, कम्युनिटी हेल्थ सर्विस केयर, सोशल वेलफेयर, मैन्युफैक्चरिंग और नेचुरल प्रॉडक्ट्स कंपनी आदि में भी काम कर सकते हैं। भारत में प्राकृतिक चिकित्सक सरकारी और निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में नियुक्त किए जाते हैं। वैसे लग्जरी होटल व हेल्थ रिसॉर्ट में भी नेचुरोपैथ सर्विसेज दी जाती हैं, वहां पर भी जॉब की जा सकती है। इसके अतिरिक्त आप विभिन्न अखबार, मैगजीन में लिख सकते हैं या फिर खुद का यूट्यूब चैनल चलाकर भी अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं। एक अनुभवी प्राकृतिक चिकित्सक खुद का सेंटर भी खोल सकता है।

## आमदनी

एक नेचुरोपैथ यानी प्राकृतिक चिकित्सक का वेतन काफी हद तक उसकी लोकेशन, विशेषज्ञता, योग्यता और अनुभव पर निर्भर करता है। वैसे शुरूआती तौर पर एक नेचुरोपैथ दस हजार से बीस हजार रूपए आसानी से कमा सकता है। एक बार अनुभव प्राप्त करने के बाद आपको आकर्षक वेतन मिल सकता है।

### प्रमुख संस्थान

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ योगा एंड नेचुरोपैथी, नई दिल्ली।
- महर्षि पतंजलि इंस्टीट्यूट फॉर योगा नेचुरोपैथी एजुकेशन एंड रिसर्च, गुजरात।
- बोर्ड ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगा सिस्टम ऑफ मेडिसिन, मेरठ।
- सीएमजे यूनिवर्सिटी, मेघालय।
- प्रज्ञान इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रांची।
- एसडीएम कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगा सांइस, कर्नाटक।
- हिमालयन यूनिवर्सिटी, ईटानगर।
- महावीर कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योग, छत्तीसगढ़।



**एक टैटू आर्टिस्ट का काम महज टैटू बनाना ही नहीं होता। वह सबसे पहले अपने क्लाइंट की जरूरत को समझता है और उसके अनुसार अपने क्लाइंट को कुछ बेहतरीन सुझाव देता है। अंत में वह टैटू बनाता है।**

# अगर आपको भी है टैटू बनाने का पैशन...

पिछले कुछ समय से टैटू बनवाने का क्रेज युवाओं में काफी बढ़ गया है। वैसे तो टैटू पुराने समय से बनाए जाते रहे हैं लेकिन कुछ सालों से इसके स्वरूप में काफी परिवर्तन आया है। वर्तमान समय में सिर्फ आम लोग ही नहीं, बड़े-बड़े स्टार्स भी बॉडी पर टैटू बनवाते हैं, फिर चाहे बात दीपिका पादुकोण की हो या प्रियंका चोपड़ा की, हर कोई टैटू बनवा चुकी है। आज के समय में बहुत से ऐसे युवा हैं जो न सिर्फ टैटू बनवाने का क्रेज रखते हैं, बल्कि वह टैटू बनाना भी सीखना चाहते हैं। अगर आपको भी टैटू बनाने का पैशन है तो आप इस क्षेत्र में करियर की संभावनाएं देख सकते हैं–

## क्या होता है काम

एक टैटू आर्टिस्ट का काम महज टैटू बनाना ही नहीं होता। वह सबसे पहले अपने क्लाइंट की जरूरत को समझता है और उसके अनुसार अपने क्लाइंट को कुछ बेहतरीन सुझाव देता है। अंत में वह टैटू बनाता है। इसके अलावा टैटू बनाने के बाद शुरूआत में स्किन की सही तरह से केयर करनी भी जरूरी होती है, इसलिए एक टैटू मेकर का काम है कि वह अपने क्लाइंट को स्किन केयर के बारे में भी सारी जानकारी दे ताकि उन्हें बाद में किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े।

## स्किल्स

इस क्षेत्र की सबसे बड़ी जरूरत है आपका क्रिएटिव माइंड। आज के समय में पहले की तरह सिंपल टैटू नहीं बनाए जाते। इसलिए एक टैटू मेकर क्लाइंट की जरूरत को समझकर और अपनी क्रिएटिविटी का प्रयोग करके शरीर के विभिन्न



हिस्सों पर अलग-अलग कलर कॉम्बीनेशन और केमिकल्स के जरिए बेहतरीन आकृति को उकेरता है। इतना ही नहीं, इस क्षेत्र में आपकी सफलता आपका पैशन तय करता है। अगर आप इस काम से दिल से प्यार करते हैं, तभी आपको इस क्षेत्र में कदम रखना चाहिए। इसके अतिरिक्त एक टैटू मेकर को हमेशा अपडेट रहना चाहिए। उसे लेटेस्ट ट्रेंड की जानकारी होनी चाहिए। एक टैटू बनाना देखने में भले ही आसान लगे लेकिन यह एक कठिन काम है। इसमें आपको बेहद पेशेंस और एकाग्रता की जरूरत होती है। कई बार लोगों को टैटू से त्वचा में संक्रमण भी फैल जाता है। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि आप इससे भी अच्छी तरह वाकिफ हों और हर तरह की सावधानी बरतते हुए ही अपना काम करें।



## योग्यता

इस क्षेत्र में कॅरियर की संभावनाएं देख रहे छात्रों के लिए कोई मिनिमम योग्यता निर्धारित नहीं है। लेकिन टैटू बनाने में आजकल मशीनों का प्रयोग किया जाता है, इसके लिए आप किसी टैटू स्टूडियो या संस्थान से शॉर्ट टर्म कोर्स के जरिए टैटू मेकिंग सीख सकते हैं। यह कोर्स एक से दो महीने का होता है।

## संभावनाएं

एक टैटू मेकर के लिए काम की कोई कमी नहीं है। टैटू मेकिंग का काम सीखने के बाद आप घर से ही काम की शुरूआत कर सकते हैं। अगर आप बजट अच्छा है तो अलग से टैटू मेकिंग स्टूडियो भी खोला जा सकता है। अगर आप क्लाइंट के घर जाकर काम कर सकते हैं तो ऑनलाइन काम को प्रमोट करना अच्छा रहेगा। इससे आपको कम समय में ही अच्छा काम मिलने लगेगा। इसके अतिरिक्त बड़े-बड़े मॉल्स में भी टैटू मेकिंग का काम शुरू किया जा सकता है।

## आमदनी

इस क्षेत्र में कमाई अनुभव और आपके काम के अनुसार बढ़ती है। वैसे कोर्स करने के बाद शुरूआती दौर में एक टैटू मेकर प्रतिमाह 15 से 20 हजार रुपए आसानी से कमा सकता है। लेकिन कुछ सालों के अनुभव के बाद जब आप अपना नाम स्थापित कर लेते हैं तो आपकी आमदनी लाखों में भी हो सकती है।

# कम्युनिकेशन डिजाइनिंग से दें कॅरियर को एक नई उड़ान

कम्युनिकेशन डिजाइन से संबंधित इस कोर्स की अवधि चार वर्ष है। इस कोर्स के दौरान छात्रों में ऐसी समझ का विकास किया जाता है, जिससे खुले और निर्मित स्थानों में संचार के लिए सही परिवेश की स्थापना हो सके। इसके साथ ही ऐसे अनुभवों का निर्माण हो सके जिनके समर्थन से दर्शकों के समक्ष विचारों की व्याख्या हो सके। देश के प्रतिष्ठित संस्थान राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान डिजाइनिंग संबंधी कई कोर्स संचालित करता है। इन कोर्सेस में दाखिला लेकर छात्र न सिर्फ अपने सपनों को उड़ान दे सकते हैं, बल्कि सफलता की नई कहानी भी लिख सकते हैं। आज हम आपको राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान में संचालित विभिन्न कोर्स की जानकारी दे रहे हैं




### बैचलर ऑफ डिजाइन बी.डेस

यह चार वर्षीय पाठ्यक्रम है जो आठ विषयों में उपलब्ध है। 12वीं स्तर के 20 वर्षीय विद्यार्थी इन कोर्सेस में दाखिला ले सकते हैं।

### एनीमेशन फिल्म डिजाइन

कम्युनिकेशन डिजाइन से संबंधित इस कोर्स की अवधि करीबन चार वर्ष की होती है और इसमें महज 15 सीटें ही एनआईडी में उपलब्ध होती हैं। इस कोर्स को करने के बाद छात्र विभिन्न टीवी चैनल में एनिमेटर, करैक्टर डिजाइनर, स्टोरी बोर्ड आर्टिस्ट, क्रिएटिव डायरेक्टर, प्रोड्यूसर, कंसलटेंट आदि के रूप में काम कर सकते हैं या फिर खुद का बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं।

### सिरामिक एवं ग्लास डिजाइन

सिरामिक एवं ग्लास डिजाइन कला और रचनात्मकता के क्षेत्रों में शिल्प, वास्तु, चिकित्सा, सत्कार, सज्जा उत्पादों आदि शैलियों में कार्यात्मक सम्भावनायें भी प्रदान करता है। एनआईडी का यह विभाग भारतीय कला और शिल्प से प्रेरणा लेता है और छात्रों को भविष्य में बड़े पैमाने पर उत्पादन और नयी तकनीकों की क्षमता को समझने में मदद करता है। इस कोर्स को करने के बाद छात्र एनज़ीओ, डिजाइन स्टूडियो, शिल्प उद्योग में भी रोजगार के अवसर ढूंढ सकते हैं या खुद का बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं।

### एक्सबिशन डिजाइन

कम्युनिकेशन डिजाइन से संबंधित इस कोर्स की अवधि चार वर्ष है। इस कोर्स के दौरान छात्रों में ऐसी समझ का विकास किया जाता है, जिससे खुले और निर्मित स्थानों में संचार के लिए सही परिवेश की स्थापना हो सके। इसके साथ ही ऐसे अनुभवों का निर्माण हो सके जिनके समर्थन से दर्शकों के समक्ष विचारों की व्याख्या हो सके।

### फिल्म व वीडियो कम्युनिकेशन

फिल्म व वीडियो कम्युनिकेशन कोर्स के तहत छात्रों को छोटी एजुकेशनल, कल्चरल, सोशल, एंटरटेनिंग व मार्केट कम्युनिकेशन संबंधी शार्ट फिल्में बनाने करने के लिए तैयार किया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद छात्र ऑडियो-विजुअल कम्युनिकेशन के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। ऐसे छात्रों के लिए एड एजेंसी, फिल्म प्रॉडक्शन हाउस, टीवी चैनल्स व अन्य कई सरकारी क्षेत्रों व एनजीओ के रास्ते हमेशा खुले रहते हैं।

### फर्नीचर डिजाइन

फर्नीचर डिजाइन भी वास्तव में एक कला है और इस कला की पूरी जानकारी एनआईडी के चार वर्षीय फर्नीचर डिजाइन कोर्स से प्राप्त होती है। कोर्स में विभिन्न प्रकार के मैटीरियल, उनके इस्तेमाल और क्रिएटिविटी का इस्तेमाल करके कुछ नया बनाने के लिए प्रेरित किया जाता है।

### ग्राफिक डिजाइन

पिछले कुछ समय से ग्राफिक डिजाइनर की मांग काफी बढ़ी है। ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन तक लोग ग्राफिक्स का सहारा लेने लगे हैं। इसके जरिए चीजों को आसानी से समझा जा सकता है और यही कारण है कि यह कोर्स छात्रों के बीच खासा पसंद किया जाता है।

### जीडीजीपी (ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम इन डिजाइन)

4 वर्ष का यह कोर्स विजयवाड़ा और कुरुक्षेत्र में उपलब्ध है। इसमें छात्रों का 12वीं पास होना आवश्यक है और उम्मीदवार की आयु 20 से अधिक न होनी चाहिए।

### प्रॉडक्ट डिजाइन

प्रॉडक्ट डिजाइन उन वस्तुओं की रचना करना है, जो लोगों के लिए फायदेमंद है। वस्तुए बड़ी व्यवस्था का मुख्य अंश होती है। कोर्स के दौरान प्रोजेक्ट्स का मुख्य केंद्र उपयोगकर्ताओं की जरूरत, उत्पाद और आर्थिक प्रभाव के लिए प्रोडक्ट्स और सर्विसेज पर रहता है।

### टेक्सटाइल डिजाइन

टेक्सटाइल डिजाइन के कोर्स के तहत छात्रों के भीतर कपड़ा अथवा टेक्सटाइल की समझ का ज्ञान विकसित किया जाता है। इस कोर्स की अवधि चार वर्ष है।

### स्नातकोत्तर डिजाइन (एम.डेस.)

किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री प्राप्त छात्र इस कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। 25 वर्ष की अवधि का यह कोर्स अहमदाबाद, बेंगलुरु और गांधीनगर कैंपसों में उपलब्ध है। इन कोर्सेस में दाखिला लेने वाले आवेदक की आयु 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह कोर्स लगभग 19 विषयों में उपलब्ध है, जो इस प्रकार है–

- ऐनीमेशन फिल्म डिजाइन
- अपैरल डिजाइन
- सिरामिक व ग्लास डिजाइन
- डिजाइन फॉर रिटेल एक्सपीरियंस
- डिजिटल गेम डिजाइन
- फिल्म व वीडियो कम्यूनिकेशन डिजाइन
- फर्निंचर डिजाइन
- ग्राफिक डिजाइन
- इन्फोरमेशन डिजाइन
- इंटरैक्शन डिजाइन
- लाइफस्टाइल ऐक्सेसरी डिजाइन
- न्यू मीडिया डिजाइन
- फोटोग्राफी डिजाइन
- प्रोडक्ट डिजाइन
- स्ट्रैटिजिक डिजाइन प्रबंधन
- टेक्सटाइल डिजाइन
- टॉय ऐंड गेम डिजाइन
- ट्रांसपोर्टटेशन व ऑटोमोबाइल डिजाइन
- यूनिवर्सल डिजाइन

# शिवलिंग को लेकर कुछ मुल्ला-मौलवी दे चुके हैं अपमानजनक बयान



सुमित कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

भारतीय ज्ञान परंपरा में लिंग का अर्थ प्रतीक है। भारत रत्न डा. पांडुरंग वामन काणो ने धर्मशास्त्र का इतिहास में शिवलिंग को शिव प्रतीक बताया है। दार्शनिक हीगल ने फिलासफी आफ फाइन आर्ट में लिखा है प्रतीक एक विशेष प्रकार का चिह्न होता है। काशी स्थित ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग मिलने की खबर सामने आते ही देश में व्यापक बहस छिड़ गई। इस बहस ने कई बार अप्रिय रूप धारण किया। शिव भारतीय लोकमन के निराले देवता हैं। शिव में जीवन जगत के सभी आयाम हैं। उनका उल्लेख ऋग्वेद में है, जिसके अनुसार “हम नमस्कारों से रूद्र की उपासना करें। यजुर्वेद के 16वें अध्याय में उन्हें असीम सर्वव्यापी बताया गया है, “वह रुद्र शिव हैं। प्रथम प्रवक्ता हैं। नीलकंठ हैं। सभारूप हैं। सभापति हैं। सेना हैं तो सेनापति भी वही हैं। वही वायु प्रवाह, सूर्य, चंद्र और प्रलय में हैं” सर्वव्यापी शिव की उपासना लिंग प्रतीक रूप में होती रही है। शब्द लिंग का अर्थ प्रतीक है। पूरा भारतीय वांग्मय लिंग का अर्थ प्रतीक बताता है, लेकिन गैर-जानकार और दुराग्रही लोग और खासकर कुछ मुल्ला-मौलवी लिंग को प्रजनन अंग बता रहे हैं। एक कथित इस्लामी उपदेशक ने टीवी बहस में घोर अपमानजनक बयान दिया। उन्होंने शिवलिंग को प्राइवेट पार्ट बताते हुए कहा कि हिंदू मूर्तिपूजा और प्रजनन अंग की उपासना के अभ्यस्त हैं। इंटरनेट मीडिया में भी एक वर्ग द्वारा ऐसी ही घटिया और फूहड़ टिप्पणियां की गईं। इससे भारत का मन आहत हुआ।

भारतीय ज्ञान परंपरा में लिंग का अर्थ प्रतीक है। भारत रत्न डा. पांडुरंग वामन काणो ने “धर्मशास्त्र का इतिहास” में शिवलिंग को शिव प्रतीक बताया है। दार्शनिक हीगल ने “फिलासफी आफ फाइन आर्ट” में लिखा है, “प्रतीक एक विशेष प्रकार का चिह्न होता है। इसके प्रति भाव जुड़ता है। तब प्रतीक बनता है।” शिवलिंग प्रतीक में हिंदुओं का गहन आस्तिक भाव है। जुंग प्रतिष्ठित मनोविज्ञानी थे। उन्होंने “कंटिब्यूशंस टू एनालिटिकल साइकोलजी” में प्रतीक निर्माण को सांस्कृतिक कर्म बताया है। लोकमान्य तिलक ने भी “गीता रहस्य” में प्रतीक का अर्थ बताया है, “प्रतीक यानी प्रति-इक। प्रति का अर्थ प्रत्यक्ष-हमारी ओर और इक का अर्थ है-झुका हुआ। प्रतीक हमें



प्रिय लगने वाले किसी रूप या आकार का विकल्प है। सौंदर्यशास्त्र के विद्वान कुमार विमल ने लिखा है, उपासना के क्षेत्र में उपास्य पर चिह्न, पहचान, अवतार, अंश या प्रतिनिधि के तौर पर आई हुई नाम रूपात्मक वस्तु को प्रतीक कहा जाता है। शिवलिंग शिव प्रतीक है। प्रतीक मूल रूप या विचार का प्रतिनिधि है। जनतंत्र में सबकी भागीदारी आदर्श मानी जाती है, लेकिन संपूर्ण जन प्रत्यक्ष भागीदारी नहीं कर सकते। वे प्रतिनिधि चुनते हैं। प्रतिनिधि सभी जनों के प्रतीक हैं। शिव उपासना का क्षेत्र एशिया के बड़े भाग तक विस्तृत रहा है। शिव का सामान्य अर्थ कल्याण है। देवरूप शिव करोड़ों की आस्था हैं। वह वैदिक काल के पहले से उपास्य हैं। वह प्रत्यक्ष नहीं देखे जा सकते। इसीलिए उनका प्रतीक गढ़ा गया शिवलिंग। लिंग शब्द का प्रयोग सूक्ष्म शरीर के लिए भी हुआ है। शंकराचार्य ने ईशावास्योपनिषद के भाष्य (मंत्र 17) में लिंग का प्रयोग सूक्ष्म शरीर के अर्थ में किया है। यह प्रार्थना मृत्यु के समय की है। शंकराचार्य का भाष्य है, मेरी प्राणवायु स्थूल शरीर को त्यागकर अमर वायु से मिले। कर्म और ज्ञान से संस्कारित लिंग शरीर बाहर निकले। स्थूल शरीर भस्म हो जाए” भारतीय ज्ञान परंपरा में कई शरीर माने गए हैं। पहला प्रत्यक्ष स्थूल शरीर है। इसके भीतर पांच ज्ञानेंद्रियों, पांच कर्मेंद्रियों, पांच प्राण, मन और बुद्धि 17 तत्वों से बना लिंग शरीर है। लिंग शरीर पुनर्जन्म में नया स्थूल शरीर पाता है।

हिंदू धर्म कोश मे भी लिंग शब्द का अर्थ प्रतीक अथवा चिह्न बताया गया है। लोक कल्याण को व्यक्त करने के लिए स्वास्तिक चिह्न है। इसी तरह राष्ट्रध्वज राष्ट्रभाव का प्रतीक है। शिव सर्वव्यापी हैं। विराट हैं। ध्यान उपासना में विराट को समेटना कठिन है। प्रतीक के माध्यम से ध्यान और उपासना में सरलता होती है। संपूर्ण अस्तित्व का भी एक प्रत्यक्ष स्थूल शरीर होता है। संसार इस विराट अस्तित्व का प्रत्यक्ष शरीर है। उपासना की गहन अनुभूति में सृष्टि का कण-कण शिव हो जाता है, लेकिन उपासना के लिए विग्रह/प्रतीक की आवश्यकता होती है। पूर्वजों ने लिंग/प्रतीक विग्रह की कल्पना की। लिंग प्रतीक को पत्थर की वेदिका या अरघे पर प्रतिष्ठित करते हैं। प्रतीक को अर्घ्य देते हैं। अर्घ्य का अर्थ श्रद्धापूर्ण स्वागत है। यह उपासना का भाग है। लिंग जनेंद्रिय नहीं है। जनेंद्रिय के लिए संस्कृति मे शिश्न शब्द है। इसकी उपासना निंदित थी, लेकिन अज्ञानता से ग्रस्त लोग यह सब जानने-समझने को तैयार नहीं। मार्शल ने हड़प्पा खोदाई से प्राप्त मूर्तियों के आधार पर लिखा है कि “इससे निश्चित रूप से प्रमाणित होता है कि लिंग पूजा का उद्भव भारत में हुआ” ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद में शिव उपासना के उल्लेख हैं। भारत में वैदिक धर्म और रिलीजन, मजहब के विश्वासी लोगों का सह-अस्तित्व है। यहां प्रत्येक नागरिक को विश्वास और अंतःकरण की स्वतंत्रता है। सब अपने-अपने विश्वास के अनुसार भारतीय रस छंद में आनंदित रह सकते हैं। सबको अपनी आस्था के साथ दूसरों के विश्वास का भी सम्मान करना चाहिए।

हिंदू धर्म का विकास वैदिक दर्शन से हुआ। इसमें गलती खोजने वाले प्राचीन दर्शन के तत्व नहीं जानते। दारा शिकोह इस्लाम के अनुयायी थे, लेकिन उन्होंने उपनिषद दर्शन का ज्ञान अर्जित किया। धर्म, पंथ, मजहब और रिलीजन की जानकारी से सभी पक्षों का ज्ञान मिलता है। हिंदू धर्म के अनुयायी को सर्वपंथ समभाव में कठिनाई नहीं होती, लेकिन अन्य विश्वासी अपने मजहब को ही श्रेष्ठ मानते हैं। हिंदू मूर्तिपूजक हैं। इस्लाम में मूर्ति पूजा निषेध है। इस्लाम के अनुयायी मूर्तिध्वंस का विचार हिंदुओं पर जबरदस्ती नहीं थोप सकते। मध्यकाल में हजारों मंदिर ध्वस्त किए गए। आधुनिक भारत इसे स्वीकार नहीं कर सकता। दुर्भाग्य से यहां आस्था के मध्य स्वस्थ संवाद नहीं है। भारतीय मनीषा ने शिव को हरेक रूप में देखा है। भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र में उन्हें नृत्य का प्रथम रचनाकार बताया है। भारतीय दर्शन में जो सुंदर है, वह शिव है, सत्य है। अथर्ववेद में शिव-शक्ति को अनेकशः नमन है-हमारी ओर आती शिवशक्ति, हमारी ओर से लौटती शिवशक्ति, हमारे निकट उपस्थित शिवशक्ति को सब तरह नमस्कार है। बावजूद इसके कुछ लोग शिवलिंग उपासना पर ओछी टिप्पणी करते हैं। ऐसा करके वे सर्वपंथ समभाव पर आघात तो करते ही हैं, अपनी अज्ञानता का भोंडा प्रदर्शन भी करते हैं।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें। सोच समझकर कोई निर्णय लें, तो ही बेहतर होगा। जल्दबाजी में उठाए गए कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी नया काम शुरू न करें। परिवार के साथ धर्म ध्यान में समय बिताएं। मित्रों से मुलाकात अच्छी रहेगी।

मेष

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। परिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। ऐसी स्थिति में पूर्ण विवेक से काम लेना होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी बात को लेकर बहस होने के आसार रहेंगे, जिससे मानकि परेशानी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

वृष

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा। कठिन परिश्म से रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में सफल रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। पुराना अटका धन भी मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं, मानसिक सुख और शांति मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

मिथुन

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

कर्क

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। मन में किसी प्रकार की शंका न पालें, गलतियों को स्वीकार कर सगे-संबंधियों के बीच अपने रिश्तों को सुधारें। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी।

सिंह

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने.से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। भविष्य को लेकर योजनाएं बना सकते हैं। नये काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो दूसरी को सलाह न लें। अपनों से धोखा मिल सकता है। रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

कन्या

**तुला राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। बेरोजगार को रोजगार के अवसर और नौकरी में तरक्की मिलने के आसार रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सेहत का ख्याल रखें।

तुला

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा। करीबियों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे। पुरानी बातें भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें, छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति पैदा न होने दें। परिवार के साथ समय बिताएंगे। सेहत का ख्याल रखें।

वृश्चिक

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। हालांकि, कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिस्थितियों के हिसाब से अपने आप को ढालने की कोशिश करें। परिवार के साथ समय बिताएंगे तो संबंध भी मधुर होंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। यात्रा को टालें। सेहत अच्छी रहेगी।

धनु

**मकर राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकते हैं। कोर्ट में कोई पुराना लंबित मामला चल रहा है तो वह सुलझ सकता है। अनावश्यक खर्चे पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार में कलह हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

मकर

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने के आसार हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा और उन्हें परिश्रम के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। कारोबार मध्यम रहेगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और घर में माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहें।

कुंभ

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे और उत्साह पूर्वक नई योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे। रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। कारोबार में नए निवेश के अवसर खुलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

मीन

## बेलगाम होते इंटरनेट मीडिया के खतरे, अब बुद्धि, विवेक और भावना सब को नियंत्रित कर रहा

इंटरनेट मीडिया माध्यम अब हमारी बुद्धि विवेक और भावना सभी को नियंत्रित कर रहे हैं। हमें इंटरनेट मीडिया के उपयोग की विधाओं और सीमाओं पर गौर करते हुए आवश्यक कदम उठाने होंगे। इसे व्यसन मानकर मनोरोग की श्रेणी में डाल देना तो सांस्कृतिक क्षरण का प्रमाण है। सभ्यताओं के विकास की कहानी बताती है कि परिवेश में बदलावों की लंबी कड़ी में इंटरनेट मीडिया की सत्ता आज सबसे अधिक महत्व की हो चली है। मानव इतिहास की नवीनतम सर्वव्यापी घटना के रूप में सूचना-संचार का गठन आज कई मानकों का अतिक्रमण कर नए-नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। इस क्रम में ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप जैसे इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म ने एक बड़ा अध्याय जोड़ा है। इनका दूरगामी प्रभाव पड़ रहा है। मनुष्य के लिए अपनी आत्माभिव्यक्ति और दूसरों के साथ उसे साझा करना एक स्वाभाविक प्रवृत्ति है। इंटरनेट मीडिया ने इस प्रवृत्ति को एक होड़ में बदल दिया है। आज इंटरनेट मीडिया समाज और सामाजिकता पर हावी हो रहा है। इसका तात्कालिक प्रभाव इतना जबरदस्त होता है कि उसकी गिरफ्त में जो फंसता है, उसे कोई दूसरी राह नहीं सूझती। उलटे उससे जुड़े रहने का चाव और चाहत ऐसे तीव्र और सघन ढंग से बढ़ती जाती है कि ज्यादातर लोगों को समय कम पड़ने लगता है। आज इंटरनेट मीडिया हमारे अस्तित्व के हर निजी और सार्वजनिक पहलू को स्पर्श कर रहा है। सूचना का बढ़ता साम्राज्य हमारे परिवेश में सबसे व्यापक और प्रभावशाली बदलाव साबित हो रहा है। सूचना तो हमेशा ही जरूरी थी और ज्ञान एवं शिक्षा से उसका निकट का रिश्ता भी पुराना था, परंतु उसका दखल इतना बढ़ जाएगा, यह किसी ने नहीं सोचा था। आज जीवन के हर क्षेत्र में इंटरनेट मीडिया का अनिवार्य हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है। निजता-सार्वजनिकता, दोनों का दायरा बढ़ाते हुए आज सारी चीजें उसी के अधीन होती जा रही हैं। हम हर बात के लिए इंटरनेट मीडिया पर निर्भर हुए जा रहे हैं। नैसर्गिक और वास्तविक दुनिया में बनने वाले मानवीय रिश्तों और उनके बीच आपसी संबंध को स्थगित और विस्थापित कर इंटरनेट मीडिया उनका नया गणित बना रहा है और नई पीढ़ी उसी के हिसाब से चलने को तत्पर है।

इंटरनेट मीडिया अब बुद्धि, विवेक और भावना सब को नियंत्रित कर रहा है। प्रेम, घृणा, लोभ, उत्साह, विषाद या द्वेष के भाव हों अथवा किसी क्षेत्र में कुशलता अर्जित करने की चुनौती हो, सबकी और सारी राहें इंटरनेट मीडिया से या उसके पास से होकर गुजरती हैं। इंटरनेट मीडिया अब संदेश का माध्यम मात्र नहीं रहा। वह संदेश का जनक और लक्ष्य भी नहीं रहा, बल्कि इससे आगे बढ़कर उसे रचने वाला भी होने लगा है। हम सब अपने को इंटरनेट मीडिया के अनुरूप ढालने लगे हुए हैं। इसका आकर्षण इतना है कि अपनी छवि बनाने को लेकर हम अतिरिक्त रुचि के साथ इंटरनेट मीडिया के उपयोग के लिए सतर्क, सजग और सक्रिय रहने लगे हैं। इसे देखकर इंटरनेट मीडिया के जरिये व्यक्ति, समुदाय और समाज के मानस को अपने निहित



उद्देश्यों की पूर्ति के उद्देश्य से ढालने या “मैनिपुलेट” करने की व्यापक कोशिशें भी चल पड़ी हैं। ऐसी कोशिशें कई बार वैमनस्य और कलह का कारण बनती हैं। इंटरनेट मीडिया के लगातार अभ्यास के साथ उपजती आसक्ति तरह-तरह के व्यसन का रूप लेती जा रही है। कई बार व्यसन के चलते बच्चे और बड़े अपना आपा खो देते हैं और वह सब करने लगते हैं जो अस्वाभाविक और हानिकारक भी हो सकता है। दैनिक व्यवहार में इंटरनेट मीडिया की उपस्थिति और संगति जिस तरह बढ़ रही है, वह खतरे का संकेत दे रही है। लोग घंटों ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम और वाट्सएप पर लगे रहते हैं और अपने अन्य कार्यों की उपेक्षा करते हैं। तमाम लोग “लाइक, शेयर, कमेंट और सब्सक्राइब” करते रहने के दबाव में रहते हैं।

इंटरनेट मीडिया के प्रकोप से जुड़ी घटनाएं हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ी हैं। ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के जरिये फरेब, धोखा, प्रेम, सहायता और परोपकार हर तरह की सत्य-कथाएं आए दिन चर्चा में आती रहती हैं। पबजी सरीखे तमाम वीडियो गेम ऐसे हैं, जो न केवल सामान्य जीवन में व्यवधान पैदा करते हैं, बल्कि प्राणलेवा भी साबित हो रहे हैं। अक्सर ऐसे व्यसन उन परिवारों में अधिक देखने को मिल रहे हैं, जहां अभिभावक बच्चों के साथ पर्याप्त संवाद नहीं रखते। नए संदर्भ में इंटरनेट मीडिया की तीव्र उपस्थिति के सत्य को स्वीकार करते हुए समाज में अभिभावकों के दायित्व की समझ और चेतना फैलाना बड़ा आवश्यक है। चूंकि इंटरनेट मीडिया दोधारी तलवार जैसा है, इसलिए उसका उपयोग संभाल कर होना चाहिए। पुरानी हिदायत है कि किसी भी चीज की अति खतरनाक होती है। ध्यान रहे कि इंटरनेट मीडिया झूठी खबरों और दुष्प्रचार का जरिया भी बन रहा है। हमें इंटरनेट मीडिया के उपयोग की विधाओं और सीमाओं पर गौर करते हुए आवश्यक कदम उठाने होंगे। इसे व्यसन मानकर मनोरोग की श्रेणी में डाल देना तो सांस्कृतिक क्षरण का प्रमाण है। हमें इसके समाधान की ओर ध्यान देना होगा। इसके लिए तात्कालिक आर्थिक फायदों को किनारे रखकर कैसी सामग्री उपलब्ध की जा सकती है, इसके लिए उचित कायदे-कानून बनाने होंगे। फिलहाल तो यही लगता है कि डिजिटल होती दुनिया और भी डिजिटल होगी। बाजार, आफिस और स्कूल हर जगह इसका विस्तार हो रहा है। इसके फायदों और सुभीते को देखते हुए यह भी जरूरी होगा कि डिजिटल साक्षरता के साथ डिजिटल के नफे-नुकसान की शिक्षा भी मिले।

## मुस्तैदी की जरूरत

शासन-प्रशासन के लिए यह परीक्षा की घड़ी है और शुक्रवार को जिस तरह से सावधानी बरती गई है, उसकी सराहना होनी चाहिए। उत्तर प्रदेश सहित अनेक राज्यों में पहले से ही अंदेशा था कि जुमे की नमाज के बाद भीड़ उग्र हो सकती है। कई जगह असामाजिक तत्व सक्रिय थे, लेकिन प्रशासन की सतर्कता काम आई। ध्यान रहे, पिछले सप्ताह कानपुर में जुमे की नमाज के बाद ही पत्थरबाजी हुई थी और माहौल बिगड़ा था। अतः इस बार खासतौर पर उत्तर प्रदेश में प्रशासन सचेत था। जगह-जगह शांति के लिए बैठकों का भी आयोजन हुआ और लोगों को संदेश दिया गया था कि कहीं भी शांति भंग की स्थिति नहीं बननी चाहिए। फिर भी जगह-जगह धर्म विशेष के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किए हैं। दिल्ली की जामा मस्जिद में भी भाजपा की पूर्व प्रवक्ता के बयान के खिलाफ प्रदर्शन हुआ है। यह अच्छी बात है कि दिल्ली से लेकर लखनऊ और प्रयागराज तक इमाम व उलेमा खुद भी सतर्क रहे हैं। शांति बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है।

जगह-जगह जो प्रदर्शन हुए हैं, उनको पूरी संवेदना के साथ समझने की जरूरत है। हमारा लोकतंत्र हर किसी को अभिव्यक्ति या शांतिपूर्वक प्रदर्शन का अधिकार देता है। समुदाय विशेष के लोगों ने बैनर, पोस्टर के साथ प्रदर्शन कर अपना विरोध दशार्या है, तो इसकी आलोचना नहीं हो सकती। इक्का-दुक्का जगहों पर ही पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा है, तो इसकी जरूरत को सहज ही समझा जा सकता है। पुलिस प्रशासन के लिए यह मोचाबंदी का समय है। सतर्कता केवल जुमे तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। आने वाले दिनों में मुस्तैदी से अमन-चैन बहाल रखना राज्य सरकारों की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। पुलिस को हर तरह की स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए और ज्यादातर जगह समझाइश से ही स्थिति नियंत्रित हो जाएगी। आज पुलिस के लिए अपने दोनों पहलुओं को दुरुस्त रखना जरूरी है। समझाने का कोई मौका नहीं छोड़ना चाहिए। उसके बाद भी अगर कहीं असामाजिक तत्व सिर उठाने की सोचते हैं, तो उन्हें पता होना चाहिए कि वे पुलिस के हाथों से बचेंगे नहीं। उत्तर प्रदेश की ही अगर बात करें, तो प्रशासन और शासन को पता है कि कहां ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है। जरूरी नहीं है कि अराजक तत्व किसी धर्म विशेष में ही हों। हर कानून सम्मत उपायों से अराजक तत्वों पर निगाह रखने की जरूरत है।

देश के ज्यादातर शहरों में पुलिस ने सतर्कता बरती है, क्योंकि विवाद अंतरराष्ट्रीय रूप ले चुका है। ऐसे धर्म आधारित देश भी विवाद भड़काने में जुट गए हैं, जो अपने यहां अल्पसंख्यकों के प्रति निर्मम रहे हैं। अरब देशों में भारतीयों या धर्म विशेष के कामगारों को काम से निकालने की कार्रवाई भी कुछ कंपनियां कर रही हैं। यह सरासर गलत है। सरकारें सतर्क हैं, अपने-अपने स्तर पर रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई कर रही हैं। ध्यान रखना होगा कि न पक्षपात हो और न दिखे। हम आधुनिक दौर के लोग हैं, जब रोजी-रोटी, पढ़ाई-लिखाई का महत्व पहले से कहीं ज्यादा है। जब समाज में अशांति होती है, तब गरीब, लाचार लोगों को जो जमीनी स्तर पर बहुत तकलीफ होती है, इसका आभास हमें जरूर होना चाहिए। महंगाई या मुश्किल के दौर में हम अपनी मुसीबत और न बढ़ाएं, इसी में समग्र समाज की सफलता है। अतः हर शहर, उसके हर नागरिक संगठन और हर नागरिक को अपने क्षेत्र के सम्मान की चिंता करनी पड़ेगी।

## न्याय के पहिए बुलडोजर से कहीं अधिक धीमे, अब कोर्ट के दखल का वक्त

बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर जरूरी है कि इस मामले में कोर्ट हस्तक्षेप करे। यूपी समेत दूसरे राज्यों में बुलडोजर एक्शन को लेकर दिए गए ऑर्डर कानून के शासन के लिए खतरनाक सवाल खड़े कर रहे हैं। ऐसे मामलों में न्यायालयों को और अधिक तत्परता दिखाए जाने की जरूरत है। बुलडोजर संवैधानिक अधिकारों के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं और उच्च अदालतों की ओर से जवाब नहीं दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, असम, त्रिपुरा और दिल्ली वो राज्य हैं जो घरों को तोड़े जाने के मामले में बुलडोजर क्लब में हैं। न्याय के पहिये बुलडोजर के पहियों से कहीं ज्यादा धीमी गति से आगे बढ़ रहे हैं। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने अप्रैल में खरगोन दंगों के बाद गिराए गए घरों को लेकर नोटिस जारी किया लेकिन इस मामले में अब तक कुछ भी नहीं हुआ है। दिल्ली के जहांगीरपुरी में 20 अप्रैल को बुलडोजर की कार्रवाई पर रोक लगाने के बाद सुप्रीम कोर्ट की अगली सुनवाई अगस्त के लिए सूचीबद्ध है। न्यायालयों को और अधिक तत्परता दिखानी चाहिए।

ऐसे मामलों में हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट भी स्वतः संज्ञान ले सकते हैं। अदालतों का मुख्य कर्तव्य दोष और सजा का निर्धारण करना, जो कि उचित प्रक्रिया पर आधारित है, और यह दांव पर है। इसे ठीक करने का मौका प्रयागराज में मकान तोड़े जाने के खिलाफ सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में दायर याचिका के जरिए आता है। याचिका में कहा गया है कि जिस घर को गिराया गया वो हिंसक प्रदर्शन के आरोपी व्यक्ति की पत्नी के नाम पर था। यह बुलडोजर की कार्रवाई के सबसे खराब पहलुओं में से एक पर ध्यान केंद्रित करता है। न केवल अदालतों के बाहर दोष निर्धारित किया जा रहा है, बल्कि आरोपी के परिवार को सजा दी जा रही है। सामूहिक दंड की अवधारणा मध्य युग में लोकप्रिय थी। स्पष्ट रूप से कहने के लिए, संवैधानिक लोकतंत्रों में इसका कोई स्थान नहीं है। फिर भी, पिछले कुछ वर्षों में, और विशेष रूप से पिछले कुछ हफ्तों में, राज्य के अधिकारियों द्वारा बुलडोजर को लेकर दिए गए ऑर्डर कानून के शासन के लिए एक खतरनाक सवाल खड़े कर रहे हैं।

बुलडोजर जस्टिस को लेकर जरूरी है कि हाई कोर्ट इस पर बैरियर लगाए। इसकी संभावना बहुत कम है कि किसी राज्य का कोई मुख्यमंत्री या नगरपालिका प्राधिकरण न्यायाधीशों की अवहेलना करेगा। जब अदालतें मजबूत हस्तक्षेप करती हैं, तो अड़ियल सिस्टम भी खुद को सही कर लेते हैं। एक अच्छा ताजा उदाहरण लखीमपुर खीरी जांच पर सुप्रीम कोर्ट का निर्देश है। न्याय प्रणाली, अपनी सभी सीमाओं के बावजूद, अभी भी नागरिकों के अधिकारों के रक्षक के रूप में काम करती है।



# मुठभेड़ के बाद 4 अपराधी गिरफ्तार

## :फायरिंग के बाद एक घर में घुसे थे, ढाई घंटे चला पुलिस-एसटीएफ का ऑपरेशन





**पटना ।** के कंकड़बाग इलाके में मंगलवार को पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई। ढाई घंटे चले ऑपरेशन में टीम ने चारों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक घर के बाहर फायरिंग करते हुए 4 अपराधी इमारत के अंदर घुसे थे, इन्हें पकड़ने के लिए पुलिस और STF भी बिल्डिंग के अंदर घुसी थी। इससे पहले 5 मंजिला बिल्डिंग को घेरकर ऑपरेशन चलाया गया। अपराधियों से लगातार सरेंडर करने को कहा गया, लेकिन वो नहीं माने। इसके बाद फोर्स अंदर दाखिल हुई। करीब ढाई घंटे चले ऑपरेशन में रुक-रुककर गोलीबारी होती रही। बिल्डिंग में आम लोग थे, इसलिए धैर्य से काम लिया पटना SSP अवकाश कुमार ने बताया, 'पुलिस रामलखन सिंह पथ इलाके में जमीनी विवाद मामले की जांच के लिए पहुंची थी। जांच के दौरान ही अपराधियों की तरफ से पुलिस पर फायरिंग की गई। फायरिंग करते हुए वे मकान के अंदर भाग गए थे।' बिल्डिंग में आम नागरिक भी थे, इसलिए पुलिस ने बहुत ही धैर्य से काम लिया। पुलिस की तरफ से कोई फायरिंग नहीं की गई। सभी आम नागरिक सुरक्षित हैं। हमने 4 अपराधियों को हिरासत में लिया है। ऐसा लग रहा है कि कुछ अपराधी भागने में सफल हुए हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी इस ऑपरेशन में पुलिस, STF के साथ ही करीब 5 थानों के SHO और 80 से ज्यादा पुलिसकर्मी शामिल थे। अपराधी कंकड़बाग में रहने वाले धर्मेंद्र सिंह नाम के व्यक्ति के मकान में छिपे थे। ऑपरेशन के दौरान फोर्स ने आसपास के सभी लोगों के घरों के खिड़की दरवाजे बंद करवा दिए।

## ट्रेन का गेट नहीं खोलने पर यात्रियों ने रोकी ट्रेन

### सासाराम स्टेशन पर लोगों ने किया हंगामा




**रोहतास।** के सासाराम रेलवे स्टेशन पर शनिवार की देर रात प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर खड़ी एक ट्रेन में आरक्षित टिकट धारक यात्रियों को नहीं चढ़ने दिए जाने से नाराज होकर कुछ लोगों ने ट्रेन को रोक दिया। बता दें कि कुंभ मेले के कारण सासाराम स्टेशन पर इन दिनों यात्रियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। यात्रियों ने बताया कि आरक्षित टिकट होने के बावजूद ट्रेन के दरवाजे नहीं खोले जा रहे थे। इससे नाराज होकर कुछ यात्री ट्रेन के इंजन के सामने आ गए और ट्रेन को आगे बढ़ने से रोक दिया। कहा कि जब तक आरक्षित यात्रियों को ट्रेन में नहीं बैठाया जाएगा, वे ट्रेन को नहीं जाने देंगे। वहीं अब इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। आरपीएफ की मदद से खुलवाए गए दरवाजे मामले की गंभीरता को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों को हस्तक्षेप करना पड़ा। आरपीएफ की मदद से विभिन्न कोच के दरवाजे खोले गए और आरक्षित यात्रियों को ट्रेन में बैठाया गया। इसके बाद ही ट्रेन को रवाना किया जा सका। स्टेशन सूत्रों के अनुसार, कुंभ यात्रियों की बढ़ती भीड़ के कारण कई ट्रेनों में यात्रियों को चढ़ने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## 300 श्रद्धालु समहुता से प्रयागराज रवाना



**रोहतास।** आदर्श ग्राम पंचायत समहुता से महाकुंभ जाने के लिए रविवार की रात आठ बजे निःशुल्क चार बसें और दो पिकअप से यात्रियों को रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि करीब तीन सौ महिला-पुरुष श्रद्धालु प्रयागराज के लिए रवाना हुए हैं। पैक्स अध्यक्ष कृष्णनंदन सिंह ने झंडी दिखा कर सभी को रवाना किया। जयप्रकाश ठाकुर ने बताया गया कि लोग प्रयागराज के बाद अयोध्या, विंध्याचल और बनारस मंदिर में जाएंगे। मौके पर मुखिया रंजीत कुमार , राकेश सिंह, अमन राज, अमितेश सिंह, मृत्युंजय सिंह, विवेक कुमार, रंजन कुमार, जलील सिद्दीकी, जयप्रकाश ठाकुर, राजू शाह, अर्जुन गुप्ता, संतन पासवान, धनंजय पासवान आदि थे।

## नगर पंचायत के सफाईकर्मी की निर्मम हत्या



**छपरा।** के मसरख में नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मी मोहन बांसफोड़ (40) की निर्मम हत्या कर दी गई। मोहन सोमवार शाम से लापता थे और मंगलवार को उनका शव घोघड़ी नदी किनारे झाड़ियों से बरामद हुआ। मृतक के भतीजे गुड्डू कुमार ने बताया कि मोहन सोमवार शाम को सब्जी खरीदने बाजार गए थे और वापसी में नदी की तरफ चले गए। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मंगलवार को ग्रामीणों ने नदी किनारे शव देखा और पुलिस को सूचित किया। धारदार हथियार से गला रेतकर की हत्या शव की जांच से पता चला है कि मोहन की हत्या धारदार हथियार से गला रेतकर की गई है। घटनास्थल पर खून बिखरा मिला है। प्रारंभिक जांच से यह प्रतीत होता है कि हत्या में दो-तीन लोगों का हाथ हो सकता है। मसरख थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और जल्द ही हत्यारों को पकड़ने का दावा किया है।

## यूपी सीएम और डीजीपी से मिला आर.जे.डी प्रतिनिधिमंडल



**पटना ।** सासाराम की छात्रा स्नेहा की संदिग्ध मौत के मामले में न्याय की मांग तेज हो गई है। सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) का एक प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस महानिदेशक से मिला। औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा के नेतृत्व में गए प्रतिनिधिमंडल में सासाराम विधायक राजेश कुमार गुप्ता, वाराणसी जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या और पीड़ित परिवार भी शामिल था। मुख्यमंत्री योगी ने मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। डीजीपी ने जांच के लिए दो पुलिस अधीक्षकों की नियुक्ति की घोषणा की और 15 दिनों के भीतर ठोस परिणाम का वादा किया। उन्होंने वाराणसी पुलिस कमिश्नर को पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करने का निर्देश भी दिया। तेजस्वी यादव ने की पीड़ित परिवार से बात बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने स्नेहा के माता-पिता सुनील सिंह और जूही देवी से फोन पर बात कर उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। आरजेडी ने चेतावनी दी है कि अगर 15 दिनों में ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी आंदोलन करेगी। पार्टी ने स्पष्ट किया कि वह पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और राज्य सरकार के कदमों पर नजर रखे हुए है। ज्ञात हो कि भेलूपुर थाना के जवाहर विस्तार में एक छात्रावास मेंनीट की तैयारी कर रही 17 वर्षीय छात्रा स्नेहा सिंह के मौत की खबर परिजनों को 2 फरवरी को मिली थी। छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली या साजिश के तहत उसकी हत्या कर दी गई, ना खुलासा हुआ ना कोई कार्रवाई हुई। वह पिछले दो साल से दुगार्कुंड स्थित एक कोचिंग संस्था से मेडिकल की तैयारी कर रही थी। यहां प्रश्न उठता है कि जब परिवार वाले शव को अपने पैतृक गांव सासाराम के तकिया लाना चाह रहे थे तो पुलिस ने वाराणसी में ही दाह संस्कार क्यों कर दिया। इन्हीं सब मामले की जांच की मांग को लेकर राजद का प्रतिनिधिमण्डल आज यूपी की राजधानी पहुँच सीएम योगी और डीजीपी से मुलाकात की।

## स्नेहा हत्याकांड में नाथूपुर SHO पर कार्रवाई की मांग



**वाराणसी।** के एक छात्रावास में नीट की छात्रा स्नेहा की संदिग्ध मौत मामले में चेनारी के पूर्व विधायक ललन पासवान ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने नाथूपुर एसएचओ पर धारा 302 का मुकदमा चलाने की मांग की है।पासवान ने कहा कि स्नेहा की मौत छात्रावास संचालक और थाना प्रभारी की मिलीभगत का नतीजा है। उन्होंने छात्रावास संचालक के बेटे पर भी घटना में शामिल होने की आशंका जताई। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि पुलिस पैसे के बल पर आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। स्नेहा की मौत से लोगों में गुस्सा 1 फरवरी को स्नेहा की मौत के बाद से सासाराम में लोगों का गुस्सा लगातार बढ़ रहा है। न्याय की मांग को लेकर लोग विरोध प्रदर्शन और कैंडल मार्च निकाल रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी 'जस्टिस फॉर स्नेहा' अभियान चल रहा है। इस मामले में जदयू नेता भगवान सिंह कुशवाहा, पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह और उपेंद्र कुशवाहा समेत कई राजनीतिक नेता पीड़ित परिवार से मिल चुके हैं। सभी ने न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। बादल हत्याकांड के बाद स्नेहा हत्याकांड ने सासाराम को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है।

## 'सीएम ने बीपीएससी 70वीं री-एग्जाम की मांग पूरी करने को कहा

### गर्दनीबाग पहुंचे खान सर बोले- मुख्यमंत्री को जानकारी मिल गई है





**पटना ।** BPSC 70वीं PT को रद्द करवाने की मांग लेकर कैंडिडेट्स का प्रदर्शन आज दूसरे दिन भी जारी है। मंगलवार को खान सर ने कहा ' सीएम नीतीश को रि एग्जाम की बात पता चल गई है। उन्होंने दीपक सर (यानी सीएम के प्रधान सचिव ) को कहा है कि इन लोगों की जो मांग है, उसे पूरी करा दीजिए। हमलोग उनसे रिक्वेस्ट करते हैं कि सीएम सर दीपक सर मिलकर रि-एग्जाम करवा दें। मंगलवार को दूसरे दिन भी खान सर कैंडिडेट्स के साथ गर्दनीबाग धरना स्थल पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि अपनी मांग के बहुत करीब पहुंचे हैं। हम लोग वकालत करने जा रहे हैं। अपना केस खुद लडेंगे। बच्चों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। गर्दनबीग में खान सर हाथों में चूड़ी और पायल लेकर प्रदर्शन कर रहे। सोमवार को शिक्षक खान सर ने कहा था कि जब तक सरकार और आयोग री-एग्जाम की मांग को नहीं मानती है। तब तक हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा। आज इससे भी ज्यादा संख्या में भीड़ जुटेगी। उन्होंने कहा, 'हम लोग लड़ाई जीत गए हैं। सरकार भी अब ये बात मान चुकी है कि री-एग्जाम करना हमारी मजबूरी है। मजिस्ट्रेट, प्रशासन, BPSC, सचिवालय सब ये मान चुके हैं। सारे सबूत हमारे पक्ष में हैं।' शिक्षक खान सर के मुताबिक, 'खगड़िया, भागलपुर में क्वेश्चन पेपर टिक मारकर कुछ लोगों के साथ शेयर किया गया है। सीवान, मोतिहारी में भी धांधली हुई है। सबका CCTV देंगे। 22 सेंटर पर परीक्षा लेकर नॉर्मलाइजेशन किया गया है। सरकार हमें मजबूर न करें, नहीं तो गांधी मैदान में लाखों की भीड़ जुटेगी। बड़ा आंदोलन करेंगे।' सोमवार को गर्दनीबाग में हुए प्रदर्शन के दौरान खान सर ने कहा था कि, 'हम लोगों की सिर्फ एक ही मांग है री-एग्जाम। एग्जाम में धांधली हुई है। कोई गलत डिमांड नहीं कर रहे हैं। सरकार के हित में री-एग्जाम होगा। सरकार अगर चाहती है कि नाराजगी न झेले और 2025 का फैसला उनके फेवर में हो तो री-एग्जाम करवा दे। 'हमने हाईकोर्ट में सबूत दे दिया है और सरकार को री-एग्जाम करानी ही पड़ेगी। हम प्रधानमंत्री मोदी जी से भी कहते हैं कि वे भी इसमें हस्तक्षेप करें। बिहार में आपकी डबल इंजन की सरकार है। डबल इंजन की सरकार सिर्फ हॉर्न बजाने के लिए नहीं है।' 'सरकार से गुजारिश है कि वे बच्चों के गुस्से को नफरत में नहीं बदलने दें। आज यहां जितनी संख्या में बच्चे आए हैं, कल इससे दोगुनी संख्या में आएंगे। इसलिए हम लोगों की मांग है री-एग्जाम। नहीं तो कोर्ट में बच्चों की जीत हो रही है।' री-एग्जाम का मामला पटना हाईकोर्ट में भी चल रहा है। इस मामले में पहली सुनवाई 16 जनवरी को हुई थी।

सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने 30 जनवरी से पहले BPSC को एफिडेविट देने को कहा था। हालांकि, कोर्ट ने PT एग्जाम पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद कई बार मामला लिस्टेड भी हुआ पर सुनवाई नहीं हुई। BPSC 70वीं PT री-एग्जाम को लेकर प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज समेत कई अन्य याचिकाएं पटना हाई कोर्ट में दायर की गई है। इसे अब एक साथ जोड दिया गया है।

## संक्षिप्त डायरी

### मैट्रिक परीक्षा को ध्यान में रख बनाया गया है ट्रैफिक प्लान




**पटना ।** सासारामे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 19 फरवरी बुधवार को प्रगति यात्रा के दौरान रोहतास जिले में आएंगे। सीएम की प्रगति यात्रा से संबंधित जानकारी देने के लिए डीएम उदिता सिंह ने सोमवार को अपने कक्ष में पत्रकार वार्ता की। डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री चेनारी, बिक्रमगंज, संझौली प्रखंड के प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद जिला मुख्यालय सासाराम में समीक्षा बैठक करेंगे। सीएम की यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए डीएम ने बताया कि सीएम नीतीश कुमार की यात्रा जिले में तीन स्थलों पर प्रस्तावित है। पहला लोकेशन चेनारी प्रखंड के मल्हीपुर पंचायत में रहेगा। इसके बाद सीएम बिक्रमगंज के घुसियाखुर्द पंचायत और संझौली प्रखंड के वाजितपुर पंचायत का दौरा करेंगे। इसके बाद सीएम जिला मुख्यालय सासाराम पहुंचेंगे। वहां जिले के विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके बाद डीआरडीए सभागार में योजनाओं की समीक्षा बैठक करेंगे। वहीं, एसपी रौशन कुमार ने बताया कि सीएम की यात्रा को लेकर सासाराम शहर, बिक्रमगंज और चेनारी में ट्रैफिक व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। सीएम के यात्रा के दौरान भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहेगा। एसपी ने कहा कि 19 फरवरी को समय से पहले परीक्षा भवन के लिए निकले ताकि कही जाम का सामना नहीं करना पड़े। सासाराम मैट्रिक की परीक्षा सोमवार को जिले के 61 केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त माहौल में शुरू हुई। रोहतास महिला कॉलेज परीक्षा केंद्र से एक नकलची को पकड़ा गया। पहले दिन मातृभाषा विषय की परीक्षा दोनों पालियों में हुई। परीक्षा को लेकर शहर में सुबह से ही गहमा-गहमी बढ़ने लगी थी। पहले दिन की परीक्षा में कुल 51300 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। जिसमें 50390 उपस्थित हुए व 910 अनुपस्थित रहे। शिक्षा विभाग के अनुसार पहली पाली में 25274 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए एवं 436 गैरहाजिर रहे। वहीं, दूसरी पाली में 25116 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। जबकि, 474 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। डीईओ मदन राय ने बताया की सभी केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा सम्पन्न हुई। मैट्रिक की परीक्षा शुरू होने के साथ ही हरेक केंद्र पर कड़ी चौकसी शुरू कर दी गई। सभी केंद्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व ही छात्र-छात्राओं की तलाशी ली गई। छात्राओं की तलाशी के लिए तमाम केंद्रों पर महिला शिक्षिका अथवा महिला पदाधिकारी की तैनाती दिखी। परीक्षा के दौरान सुबह से ही कड़ी चौकसी होने के कारण कहीं से गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। परीक्षा में कदाचार की कोई सम्भावना ना बने इसके लिए केन्द्रों पर प्रवेश के पहले ही छात्रों की गहन तलाशी ली गई। परीक्षा की कराई जा रही वीडियोग्राफी डीईओ ने बताया केन्द के अंदर सीसी कैमरा व केन्द्रों के बाहर वीडियोग्राफी के माध्यम से परीक्षार्थियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। पहले दिन की परीक्षा शुरू होने के साथ प्रशासन द्वारा दिखाई गई सख्ती को देखकर अभिभावक परीक्षा केंद्र के आसपास भी नहीं नजर आए। छात्र- छात्राओं को परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाने के बाद अधिकांश अभिभावक केंद्र से दूर चले गए। यहीं कारण रहा कि परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही शांति का माहौल कायम रहा

### 34 अभ्यर्थियों को दिये गये स्टडी व टूल किट



**पटना ।** अवर प्रादेशिक नियोजनालय डालमियानगर की ओर से बेरोजगार युवाओं को नियोजन सहायता उपलब्ध कराने के क्रम में स्टडी किट एवं टूल किट वितरण किया गया। सहायक निदेशक सुबोध कुमार ने बताया कि नियोजन- सह- मार्गदर्शन कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वाले तथा 31 अभ्यार्थियों को पुस्तकें स्टडी किट के रूप में दी गयीं। मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रशिक्षित तीन अभ्यर्थियों को स्वरोजगार के लिए ट्रेड टूल किट निःशुल्क दी गयी। दिसंबर में 43 अभ्यर्थियों को स्टडी और 19 अभ्यर्थियों को टूल किट उपलब्ध करायी गयी थी। उन्होंने बताया कि टूल किट एवं स्टडी किट आर्थिक रूप से कमजोर बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने में सहायक है। पुस्तकों के अभाव में आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी सही ढंग से नहीं कर पाते हैं। स्टडी किट परीक्षा की तैयारी में मदद करेगी। इसी प्रकार तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी टूल किट का उपयोग स्वरोजगार के रूप करते हुए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे। इन योजनाओं का लाभ उन्हीं को मिलता है जो नियोजनालय में छह माह पूर्व निबंधित हों। वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार से कम होना चाहिए, बिहार राज्य का निवासी होना चाहिए एवं अभ्यर्थी द्वारा प्रतियोगी परीक्षा का भरे हुए फार्म की छायाप्रति तथा केन्द्र या राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से कम से कम 3 माह का प्रशिक्षण प्राप्त होना चाहिए।

### अभिनव कला का होली मिलन नौ को




**पटना ।** डेहरी सदरे अभिनव कला की बैठक सोमवार को संस्था के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसका संचालन जीवन प्रकाश गुप्ता ने किया। इस दौरान बीते दिनों आयोजित गजल संध्या कार्यक्रम की समीक्षा की गयी। साथ ही आगामी कार्यक्रम का निर्णय भी लिया गया। बताया कि आगामी 9 मार्च को संस्था द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया जायेगा। इसका स्थान और समय अगली बैठक में सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह, सचिव नंदन कुमार, मुकेश कुमार, कलाम हाशमी, अरुण शर्मा, विजय चौरसिया, शादाब सिद्दीकी, मनोज पांडेय, प्रेम प्रकाश, संजय गुप्ता, पंकज कुमार, अजय कुमार सिन्हा, सुनील कुमार, नरेंद्र कुमार, पवन कुमार मिश्रा थे।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में आज खेला जाएगा पहला मैच , न्यूजीलैंड का सामना करेगी पाकिस्तान

**कराची (एजेंसी)।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का पहला मैच बुधवार को कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच होगा। दोनो ही टीमें इस मैच में जीत के साथ शुरुआत करने उतरेंगी। न्यूजीलैंड ने हाल ही में त्रिकोणीय सीरीज में पाक को हराया था , ऐसे में उसका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। वहीं पाक को मेजबान होने के कारण घरलू हालातों का लाभ मिलेगा। शुरुआत मैच होने के कारण दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसकों की नजरें इसपर रहेंगी।

कराची के नेशनल स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल रहती है, ऐसे में इस मैच में बड़े स्कोर बनने की पूरी उम्मीद है। इस मैदान पर खेले गए 78 एकदिवसीय मैचों में से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 36 बार जीती है जबकि बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम 39 बार जीती है। दूसरी पारी में इस विकेट पर स्पिनर्स को कुछ सहायता मिली सकती है।

कराची में दिन के कुछ समय के लिए बादल छाए रहने के साथ धूप रहने का अनुमान है लेकिन मौसम खेल के लिए अनुकूल रहेगा।




## दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**पाकिस्तान:** मोहम्मद रिजवान (कप्तान), फखर जमान, सऊद शकील, बाबर आजम, सलमान आगा, खुशदिल शाह, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, हारिस रऊफ, अबरार अहमद

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सेंटनर (कप्तान), डेवोन कॉनवे, विल यंग, केन विलियमसन, डेरिल मिशेल, टॉम लैथम (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, नाथन स्मिथ, जैकब डफी, विलियम ओरूर्क

# भारतीय टीम के पास चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने का अच्छा अवसर : धवन



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में भारतीय टीम के पास जीत का अच्छा अवसर है। चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले धवन ने कहा, मुझे याद है जब मैंने 2013 में पहली बार इसमें खेला था, और तो ये टूर्नामेंट मुझे यह बहुत पसंद आया था, और इस टूर्नामेंट को लेकर इस बार भी भावी विजेता को लेकर काफी चर्चाएं हैं। मेरी उम्मीदें भारतीय टीम से हैं। जिस प्रकार उसने हाल के दिनों में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में बहुत अच्छा खेला उससे भी पता चलता है कि टीम अच्छी लय में हैं। धवन का कहना है कि भारतीय टीम मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी किस प्रकार पूरी करेगी ये बड़ा सवाल है। इसका कारण है कि बुमराह मेरे अनुसार विश्व के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं, और उनकी तरह की गेंदबाजी करना आसान नहीं है।

धवन को युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कहा, हर्षित राणा टीम में शामिल हो गए हैं और मुझे लगता है कि यह वाकई रोमांचक है। उन पर नजर रखें, मुझे लगता है कि वह टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं। मुझे उनका आक्रामक गेंदबाजी का अंदाज पसंद है, वह हमेशा आगे बढ़ते रहते हैं और उन्हें किसी भी चीज से डर नहीं लगता। वह चुनौतियों को स्वीकार करते हैं और हमने इंग्लैंड सीरीज में देखा है कि वह फॉर्म में हैं। मुझे भरोसा है कि वह इस अवसर का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे और अगर वह ऐसा करते हैं, तो वह भारत के लिए एक बेहतरीन खिलाड़ी साबित हो सकते हैं।

धवन ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी में भारती की जीत की दावेदारी इसलिए भी पक्की है क्योंकि उसके पास एक संतुलित टीम है, खास तौर पर बल्लेबाजी में है। टीम के पास युवा ओर अनुभवी दोनो ही तरह के खिलाड़ी हैं। इसलिए मुझे लगता है कि वह टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करेंगे। कप्तान रोहित शर्मा ने फॉर्म हासिल कर लिया है, विराट कोहली भी लय में आ गये हैं। इन्हें रोकना किसी भी टीम के लिए कठिन होगा। धवन ने कहा की भारतीय टीम के अलावा दक्षिण अफ्रीका का हाल के अच्छे प्रदर्शन से जीत की दावेदार बनकर उभरी है।

### चैंपियंस ट्रॉफी यात्रा नीति पर बीसीसीआई के सुर बदले,

# पत्नियों-परिवारों को दुबई में मैच देखने की अनुमति दी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में हार के बाद बीसीसीआई ने सख्त यात्रा नीति की घोषणा की, जिसे कथित तौर पर चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान लागू किया जाना था। नियम के अनुसार आईसीसी टूर्नामेंट के दौरान दुबई में भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ परिवार नहीं रहेंगे। हालांकि ताजा रिपोर्ट से पता चला है कि बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों के परिवारों को केवल एक मैच देखने के लिए दुबई जाने की अनुमति दी है।

भारतीय टीम गुरुवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद वे रविवार को गत चैंपियन पाकिस्तान और अगले सप्ताह न्यूजीलैंड से भिड़ेंगे। अगर भारत फाइनल में भी पहुंचता है, तो पूरा टूर्नामेंट तीन सप्ताह तक चलेगा, इसलिए बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के साथ परिवारों को दौरे पर जाने की अनुमति नहीं दी।

नियम के अनुसार, 'विदेशी दौरे के दौरान 45 दिनों से अधिक समय तक भारत से अनुपस्थित रहने वाले खिलाड़ी अपने साथी और बच्चों (18 वर्ष से कम) को प्रति श्रृंखला (प्रारूप के अनुसार) दो सप्ताह की अवधि तक एक यात्रा के लिए शामिल कर सकते हैं।'

**बीसीसीआई ने यात्रा नीति पर अपना रुख बदला**



मंगलवार को एक रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा गया कि अब कोई खिलाड़ी अपने परिवार को एक मैच के लिए दुबई ले जा सकता है, क्योंकि ÷टीम प्रबंधन के एक शीर्ष व्यक्ति ने दुबई जाने से पहले बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया से बात की थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि खिलाड़ियों को अब तदनुसार बीसीसीआई की अनुमति लेनी होगी, साथ ही टीम प्रबंधन से बोर्ड को एक सूची प्रस्तुत करने की उम्मीद है।

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि पूरी टीम दुबई में है, इसलिए शुरू से ही कोई भी परिवार उनके साथ नहीं गया है। अब तक प्रत्येक खिलाड़ी को अपने परिवार को केवल एक मैच में ले जाने की अनुमति दी गई है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि किसी खिलाड़ी ने अनुमति मांगी है या नहीं। उन्होंने कहा कि यह खिलाड़ी पर निर्भर करता है कि वह चुने कि उसका परिवार उसके साथ मैच में जाएगा या नहीं। कई लोग अपने परिवार को थोड़े समय के लिए भी नहीं ले जा सकते हैं।

# भारतीय टीम को बांग्लादेश से मुकाबले में मुशफीकुर और महमूद से सावधान रहना होगा

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत गुरुवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इस मैच में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है। भारतीय टीम बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी हर क्षेत्र में बांग्लादेश से कहीं आगे है पर उसे इस मुकाबले को हल्के में नहीं लेना होगा। इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से भारतीय टीम के बल्लेबाज लय में हैं जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। टीम के कप्तान रोहित शर्मा से लेकर विराट कोहली तक फार्म में आ गये हैं।



भारतीय टीम को इसके बाद भी बांग्लादेश के दो अनुभवी खिलाड़ी मुशफीकुर रहीम और महमूद उल्लाह से सतर्क रहना होगा। 2017 के सेमीफाइनल में बांग्लादेश की टीम की ओर से इन दोनो ने अहम भूमिका निभाई थी। तब भारत के खिलाफ मुश्फीकुर ने 61 रन बनाये थे।

अब एक बार फिर मुशफीकुर रहीम और महमूद उल्लाह बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगे। दोनों हीं बल्लेबाज बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल है. मुशफिकुर रहीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बांग्लादेश के लिए 15194 रन बनाए हैं जो सबसे ज्यादा हैं। 272 एकदिवसी में उन्होंने 36.75 की औसत से 7793 रन बनाए हैं. वहीं महमूद उल्लाह ने भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में बांग्लादेश के लिए 10694 रन बनाए है। एकदिवसीय क्रिकेट में महमूद उल्लाह ने 238 मैच में 5685 रन बनाए है। दोनों ही बल्लेबाजों के पास दुबई और अन्य एशियाई पिचों पर खेलने का लंबा अनुभव है और ऐसे में इनपर भारतीय टीम को अंकुश लगाना होगा। भारतीय टीम प्रबंधन टीम भी अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों का चयन करते समय ध्यान रखेगा कि कौर सा गेंदबाज इन दोनो पर अंकुश लगा सकता है।

# भारतीय क्रिकेटरों ने दूसरे अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया

दुबई । भारतीय टीम आजकल यहां चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट के लिए अभ्यास में जुटी है। इसी के तहत ही दूसरे अभ्यास सत्र में कप्तान रोहित शर्मा, अुनभवी बल्लेबाज विराट कोहली सहित सभी भारतीय खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। भारतीय टीम का पहला मैच बांग्लादेश से गुरुवार को है। इसमें विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर केएल राहुल को अवसर मिलने की संभावना है।इसी को देखते हुए राहुल टीम के नेट सत्र में बड़े शॉट लगाने का अभ्यास किया। पहले मैच में ऋषभ पंत को विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर अवसर मिलने की संभावना कम है। इसी को देखते हुए राहुल पावर हिटिंग करते दिखे।

इस टूर्नामेंट में राहुल की भूमिका अंतिम ओवरों में अहम होगी जहां उन्हें तेज से रन बटोरने होंगे।इसी को देखते हुए उन्हें 'रेंज हिटिंग का अभ्यास करते हुए देखा जा सकता था। राहुल के अलावा मध्य क्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर भी आक्रामक बल्लेबाजी कतरे दिखे।वहीं बल्लेबाज शुभमन गिल भी अभ्यास के दौरान अच्छे फार्म में नजर आये और उन्होंने कई अच्छे शॉट लगाये। रोहित ने भी लेट कट सहित अपने सभी पसंदीदा स्ट्रोक खेले। वहीं अनुभवी बल्लेबाज विराट ने भी काफी अभ्यास किया।वहीं इससे पहले रविवार को अभ्यास के दौरान हार्दिक पंड्या के शॉट के कारण ऋषभ के घुटने में गेंद लग गयी थी पर अब वह ठीक हैं।इसी कारण उन्होंने विकेटकीपिंग और क्षेत्ररक्षण का अभ्यास नहीं किया और केवल बल्लेबाजी करते दिखे।

# न्यूजीलैंड के फर्ग्यूसन चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हुए , जैमीसन शामिल

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट शुरु होने से एक दिन पहले ही न्यूजीलैंड को करारा झटका लगा है। उसके एक प्रमुख तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बहार हो गये है। न्यूजीलैंड को इस टूर्नामेंट में अपना पहला मुकाबला बुधवार को मेजबान पाकिस्तान से खेलना है। फर्ग्यूसन की जगह अब तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को कीवी टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ अभ्यास मैच में गेंदबाजी के दौरान फर्ग्यूसन को अपने दाहिने पैर में कुछ दर्द महसूस हुआ जिसकी जांच में पता चला कि वह टूर्नामेंट ही नहीं खेल पायेंगे। बोर्ड के अनुसार फर्ग्यूसन को रिहैब शुरू करने के लिए घर भेजा जाएगा।



वहीं जैमीसन टीम में उनकी जगह लेंगे पर वह पाकिस्तान के खिलाफ 19 फरवरी को होने वाले मैच में नहीं खेलेंगे। जैमीसन ने गत वर्ष दिसंबर में सुपर स्मैश में कैंटरबरी किंग्स की ओर से घरेलू क्रिकेट में वापसी की थी। वह अपनी पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के रिहैब के लिए 10 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे। फर्ग्यूसन से पहले बेन सियर्स भी भी हाल ही में पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के साथ हुई ट्राई सीरीज के दौरान चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। उनकी जगह जैकब डफी को शामिल किया गया है।

# सीएसके के खिलाफ पहले मैच में नहीं खेलेंगे पांड्या




मुम्बई । आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस का पहला मुकाबला 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। मुम्बई के कप्तान हार्दिक पांड्या हालांकि इस मैच में नहीं खेल पायेंगे। इसका कारण उनपर पिछले सत्र में लगा एक मैच का निलंबन है।ऐसे में सूर्यकुमार यादव पहले मैच में मुम्बई की कप्तानी करते दिख सकत हैं। मुंबई इंडियंस का पिछले सत्र में प्रदर्शन काफी खराब रहा था। तब हार्दिक पांड्या पर लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ हुए अंतिम ग्रुप स्टेज मैच के बाद धीमी ओवर गति के लिए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था और इसी कारण आईपीएल 2025 में फ्रेंचाइजी के पहले मैच से भी निलंबित कर दिए गए थे। सीजन में तीसरी बार मुम्बई ओवर गति से पीछे रहा, जिसके कारण उनके कप्तान पांड्या पर एक मैच का प्रतिबंध भी लगाया गया। यही वजह है कि वह इस बार पहले मैच में हार्दिक खेलते हुए नजर नहीं आएंगे। हालांकि उनकी जगह टीम की कमान किसे मिलेगी, इसके बारे में फ्रेंचाइजी ने अभी घोषणा नहीं की है पर माना जा रहा है कि सूर्यकुमार यादव हार्दिक की जगह टीम की कमान संभाल सकते हैं। सूर्यकुमार यादव भारतीय टी20 टीम के कप्तान भी हैं।

# महिला प्रीमियर लीग: आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया

**वडोदरा (एजेंसी)।** कप्तान स्मृति मंधाना के शानदार अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यपीएल) क्रिकेट के अपने दूसरे मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने 141 रन बनाये। इस प्रकार आरसीबी को जीत के लिए 142 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने दो विकट के नुकसान पर ही 17 ओवरों के अंदर ही हासिल कर लिया। आरसीबी की ओर से मंधाना ने सबसे ज्यादा 81 रन रन बनाये जबकि डेनिएल वायट ने 42 ऋचा घोष ने नाबाद 11 और एलिस पेरी ने नाबाद 7 रन बनाये।

इससे पहले आरसीबी ने टॉस जीतकर दिल्ली को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। आरसीबी की गेंदबाज रेणुका सिंह और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम के तीन-तीन विकेट लेकर आरसीबी ने कैपिटल्स को 141 रन पर ही आउट कर दिया। रेणुका और जॉर्जिया के अलावा किम गार्थ और एकता बिष्ट दो-दो विकेट लिए। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से जेमिमा रोड्रिग्स ने सबसे अधिक 34 रन बनाए। इसके अलावा केवल सारा ब्राइस 23 ही 20 रन तक पहुंच पायी। पहले बल्लेबाजी करते हुए कैपिटल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दूसरी ही गेंद पर शेफाली वर्मा एक भी रन बनाये बिना पेवेलियन लौट गयीं।



# भारतीय टीम इस बार आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतेगी : क्लार्क

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा है कि भारतीय टीम इस बार आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतेगी। क्लार्क ने कहा है कि भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलास एकदिवसीय सीरीज में शानदार शतक लगाने के साथ ही फार्म में आ गये हैं और वह इस सीरीज में सबसे अधिक रन बनाएंगे। भारतीय टीम को हालांकि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के टीम से बाहर होने के कारण ट्रॉफ का कमजोर दावेदार माना जा रहा है पर क्लार्क इससे सहमत नहीं हैं। क्लार्क का मानना है कि भारतीय टीम पाकिस्तान और दुबई में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के खिताब को जीतने में कामयाब होगी।

इस पूर्व बल्लेबाज ने ये भी कहा है कि रोहित टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बनेंगे। भारतीय टीम ने हाल ही में इंग्लैंड को वनडे सीरीज में 3-0 से हराया था जिससे वह आत्मविश्वास से भरी हुई नजर आ रही है। रोहित ने इस दौरान कटक में खेले गए मैच में 90 गेंद में 119 रन की आक्रामक पारी खेली थी। पिछले कुछ महीनों से खराब फॉर्म से गुजर रहे रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों में 122 रन बनाए। क्लार्क ने कहा कि रोहित को रन बनाते हुए देखकर अच्छा लगा और उम्मीद है कि वह चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की ओर से अहम भूमिका निभाएंगे। माइकल क्लार्क ने कहा, मैं कहा है कि भारतीय टीम ट्रॉफी जीतेगी क्योंकि रोहित ने लय हासिल कर ली है। उसको पिछली सीरीज में रन बनाते हुए देखकर अच्छा लगा। मुझे लगता है कि निश्चित तौर पर भारत को उसकी जरूरत है। साथ ही कहा कि बुमराह के बाहर होने से अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा के अलावा वरुण चक्रवर्ती जैसे युवा गेंदबाजों के पास अपनी क्षमताएं दिखाने का अच्छा अवसर है।



# बिहार में अगले माह होगा सेपक टाकरा विश्वकप



पटना ।बिहार पहली बार 'सेपक टाकरा विश्वकप की मेजबानी करने जा रहा है।ये विश्वकप अगले माह 20 से 25 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।इसमें 24 देशों की टीमें लेंगी। पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन होगाहै। इस आयोजन को लेकर सेपक टाकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच एक करार भी हुआ है।हार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि सेपक टाकरा वर्ल्ड कप का आयोजन बिहार में पहली बार हो रहा है यह बिहार के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है और यह अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। बिहार को इस प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर देने के लिए सेपक टाकरा फेडरेशन ऑफ इंडिया का हम आभार जताते हैं।साथ ही इसके सफल आयोजन का भरोसा देते हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, सेपक टकरा वॉलीबॉल, जिम्नास्ट, फुटबॉल और बैडमिंटन का मिलाजुला रुप है।इसे जब खेलते हैं तब गेंद को पैरों से मारते हैं। हाथों का इस्तेमाल नहीं करना होता है। साथ ही जिम्नास्ट की तरह जम्प मारना होता है। सेपक टाकरा विश्व कप में शामिल होने वाले संभावित देश जापान, म्यांमार, थाईलैंड, मलेशिया, ईरान, वियतनाम, भारत, ब्राजील, पोलैंड, फ्रांस, नेपाल, श्रीलंका, न्यूजीलैंड, अमेरिका, सिंगापुर, चीन, स्विट्जरलैंड, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, ब्रुनेई, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, चीनी ताइपे, इटली और लाओस शामिल हैं।इनमें से श्रीलंका, अमेरिका, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई तथा इटली केवल पुरुष प्रतिस्पर्धा में शामिल होंगे। वहीं बाकी देश महिला और पुरुष दोनों वर्ग में भाग लेंगे।

# कोच जेलेजनी के बदलाव मुझे जल्द ही 90 मीटर के स्तर तक ले जाएंगे: नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने खुलासा किया है कि उनके नए कोच यान जेलेजनी ने उनकी तकनीक में गलतियों का पता लगा लिया है और अब वह 90 मीटर के स्तर को हासिल करने के लिए उनके थ्रो करने के तरीकों में कुछ बदलाव करेंगे। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने इंडिया टुडे से बात करते हुए पिछले महीने पूर्व टेनिस खिलाड़ी हिमानी मोर के साथ अपनी शादी के बारे में भी बताया।

चोपड़ा ने कहा कि उनका रिश्ता पहले एक साधारण दोस्ती थी लेकिन धीरे-धीरे उन्हें प्यार हो गया। चोपड़ा 90 मीटर के स्तर को छूने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में हासिल किया था। उनका सत्र मई में डाइमंड लीग के साथ शुरू होगा और यह पूर्व ओलंपिक तथा विश्व चैंपियन जेलेजनी के साथ उनकी साझेदारी की प्रतिस्पर्धी शुरुआत होगी जिनके नाम भाला फेंक में विश्व रिकॉर्ड (98.48 मीटर) भी है।

चोपड़ा ने कहा, 'मुझे लगता है कि 90 मीटर से अधिक का थ्रो जल्द आ सकता है। उन्होंने (यान जेलेजनी) मेरे खेल में कुछ तकनीकी समायोजन किए हैं। उन्हें (जेलेजनी) लगता है कि उनके बदलाव से मुझे मदद मिलेगी। मैं समझ पाया हूं कि वह मेरे से क्या उम्मीद करते हैं। उन्होंने मुझे जो गलतियां बताईं उनमें से एक यह थी कि मैं पेरिस में भी भाला बहुत नीचे फेंक रहा था और मेरा झुकाव बाईं ओर था।' चोपड़ा ने कहा, 'अगर मैं उन बदलावों को शामिल करने में सक्षम रहा तो मुझे लगता है कि मैं बहुत बेहतर हो जाऊंगा।'

पानीपत के इस खिलाड़ी ने हालांकि जोर देते हुए कहा कि यह मील का पत्थर देश के लिए पदक जीतने जितना महत्वपूर्ण नहीं है। चोपड़ा ने कहा, 'मैं ऐसा करना चाहूंगा। लेकिन किसी प्रतियोगिता में जाना और उन लोगों के खिलाफ पदक जीतना जो पहले 90 मीटर फेंक चुके हैं, उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है। 90 मीटर भाला फेंकना और जीत नहीं पाना, इसका कोई मतलब नहीं है।' उन्होंने कहा, 'क्या होगा अगर हर कोई 90 मीटर से अधिक भाला फेंके और 90 मीटर थ्रो करने के बावजूद आप जीत न पाएं? मैं भाले को 90 मीटर से अधिक फेंकना चाहता हूं, हर कोई मानता है कि मैं ऐसा कर सकता हूं। क्लॉस (बार्टोनिएट, चोपड़ा के पूर्व कोच) को इस पर विश्वास था, जेलेजनी को इस पर विश्वास है।'

उन्होंने ग्रोइन की चोट के बारे में भी बात की जिसने पिछले साल उनके सत्र को नुकसान पहुंचाया। चोपड़ा ने प्राग में जेलेजनी द्वारा सुझाए गए एक डॉक्टर से परामर्श किया है। चोपड़ा ने कहा, 'ग्रोइन की चोट लंबे समय से एक समस्या रही है। मैं अपनी चोट के कारण अपनी तकनीक में 100 प्रतिशत नहीं दे पा रहा था। मैं प्राग में जेलेजनी के डॉक्टर के पास गया और उन्होंने कुछ व्यायाम सुझाए। मैं उस पर काम कर रहा हूं, इसलिए उम्मीद है कि इससे मदद मिलेगी और मैं अपना 100 प्रतिशत दे पाऊंगा।' चोपड़ा की शादी ने सबसे चौंका दिया था और अपनी शादी के बारे में उन्होंने कि वह और हिमानी दोनों ही इसे एक अंतरंग संबंध बनाना चाहते थे और इसीलिए उन्होंने सोलन के पास एक शहर चुना। उन्होंने कहा, 'मैं उसे जानता था। वह भी एक खेल पृष्ठभूमि वाले परिवार से आती है और हम भी।




उसके पिता और मां कबड्डी खिलाड़ी थे। उसके भाई मुक्केबाज और पहलवान थे।' चोपड़ा ने कहा, 'वह खुद एक टेनिस खिलाड़ी थी लेकिन चोट लगने के बाद उसने अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित किया।' समय के साथ उनका रिश्ता कैसे विकसित हुआ इस पर चोपड़ा ने कहा कि खिलाड़ी होने के कारण वे आसानी से जुड़ सकते थे। उन्होंने कहा, 'हमारे परिवारों की खेल पृष्ठभूमि थी इसलिए हमें मिलने का अवसर मिला। हमारी बातचीत ऐसे ही शुरू हुई - जैसे दो खिलाड़ी बात कर रहे थे। पहले तो यह अनौपचारिक था लेकिन धीरे-धीरे हमें प्यार हो गया।'

# आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के लिए तैयार की गयीं नई पिचें

दुबई । आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के दुबई पहुंचते ही पिचें बदल दी गयी हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि भारत को खराब पिचें नहीं मिलेंगी। भारतीय टीम अपने तीनो लीग मैच दुबई में ही खेलेगी। इसी को देते हुए भारत के लीग मैचों के लिए दो नई पिचें तैयार रखी गई हैं। भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी में अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलेगी। इसके बाद 23 फरवरी को उसका मुकाबला पाकिस्तान से होगा। वहीं 2 मार्च को उसे न्यूजीलैंड से ग्रुप स्तर का मुकाबला खेलना है। तीनों मुकाबले दुबई में होंगे। यहां पिछले एक महीने में पुरुष अंडर-19 एशिया कप और जनवरी-फरवरी में आईएलटी 20 लीग हुआ है। इसी को देखते हुए आशंका जाहिर की जा रही थी कि भारत को खराब पिचें मिलेंगी पर ऐसा नहीं है। आईएलटी 20 0 के दौरान इस मैदान पर दो नॉकआउट खेलों सहित 15 मैच हुए। वहीं कहा जा रहा है कि स्टेडियम की दस पिचों में से दो को लीग के दौरान इस्तेमाल नहीं किया गया। ताकि वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्ध रहे। नई पिचें बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए मददगार साबित होंगी। दुबई की पिच ऐतिहासिक रूप से तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल रही है। तेज गेंदबाजों को यहां मूवमेंट और बाउंस मिलता रहा है। नई पिच पर तेज गति से गेंदबाजी करने वाले स्पिनर मैच में अंतर ला सकते हैं। स्थितियां बल्ले और गेंद के बीच उचित संतुलन प्रदान करने की उम्मीद है।

# महाकुंभ : ममता बनर्जी ने महाकुंभ को मृत्युकुंभ करार दिया, विवाद

## अभिनेत्री जूही चावलां, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, जी किशन रेड्डी, महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन सहित कई बड़े लोगों ने लगाया डूबकी

एजेंसी



**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा दिये गये बयान से विवाद हो गया है. यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर हमलावर होते हुए हालिया भगदड़ की घटनाओं का लेकर ममता ने महाकुंभ को मृत्यु कुंभ करार दिया. आरोप लगाया कि वीआईपी को खास सुविधाएं दी जा रही हैं. गरीबों को दरकिनार किया जा रहा है. इस क्रम में ममता बनर्जी ने कहा, महाकुंभ अब मृत्यु कुंभ में बदल चुका है. बता दें कि ममता बनर्जी के अलावा विपक्ष के कई नेता महाकुंभ को लेकर सीएम योगी पर हल्ला बोल रहे हैं. अव्यवस्था व बदइंतजामी के आरोप लगाये जा रहे हैं.

**भगदड़ की घटना के बाद कितने आयोग कुंभ भेजे गये**

ममता बनर्जी ने आज मंगलवार को कहा, इस तरह के बड़े आयोजन की योजना बनानी चाहिए. पूछा कि भगदड़ की घटना के बाद कितने आयोग कुंभ भेजे गये. कहा कि बिना पोस्टमार्टम के ही शवों को बंगाल भेज दिया गया. आरोप लगाया कि देश को बांटने के लिए धर्म बेचा जा रहा हैं. हमने यहां शवों का पोस्टमॉर्टम किया क्योंकि बिना डेथ सर्टिफिकेट के शव भेज दिये गये. कहा कि इनके परिजनों को मुआवजा कैसे मिलेगा.

**हिंदू महाकुंभ पर इस हमले के खिलाफ अपनी आवाज उठायें**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के मृत्यु कुंभ वाले बयान को लेकर पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी और अन्य भाजपा विधायकों ने ममता बनर्जी के खिलाफ नारे लगाए और सदन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया.सुवेंदु अधिकारी ने कहा, मैं हिंदू समुदाय, संत समुदाय से कड़ा विरोध दर्ज कराने की अपील करता हूं. सदन (राज्य विधानसभा) के पटल पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा था कि यह महाकुंभ नहीं बल्कि मृत्यु कुंभ है. हिंदू महाकुंभ पर इस हमले के खिलाफ अपनी आवाज उठायें. अगर आप सच्चे हिंदू हैं, तो राजनीति से ऊपर उठें और ममता बनर्जी के इन शब्दों का कड़ा विरोध करें.

**संगम पर डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का आना जारी**

महाकुंभ त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का आना जारी है. आज भी संगम में स्नान के लिए घाटों पर भारी भीड़ उमड़ी. खबरों के अनुसार रविवार को 1 करोड़ 49 लाख लोगों ने डुबकी लगाई. सोमवार को भी 1 करोड़ 35 लाख से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी पर पहुंचे. 45 दिनों तक चलने वाले महाकुंभ की शुरूआत से अब तक 54.31 करोड़ से अधिक लोग संगम में स्नान कर चुके हैं. महाकुंभ मेले में जबरदस्त भीड़ के कारण शहर समेत कई हाईवे भी जाम से जूझ रहे हैं.

**मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन करार दिया गया**

प्रयागराज में 8वीं तक के सभी स्कूल 20 फरवरी तक बंद हैं. संगम रेलवे स्टेशन भी 26 फरवरी तक बंद करा दिया गया है. मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन करार दिया गया है. सभी तरह के पास किये गये हैं. यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने सोमवार शाम 6 बजे तक 266 ट्रेनें चलाईं. इनमें 14 लाख 14 हजार से अधिक लोगों ने सफर किया. आज सुबह 10 बजे तक 53.24 लाख लोगों ने. दोपहर 12 बजे तक 69.62 लाख भक्तों ने स्नान किया. आज अभिनेत्री जूही चावला भी प्रयागराज पहुंचीं. उन्होंने संगम में डुबकी लगाई. कहा कि यह जीवन की सबसे खूबसूरत सुबह है. काफी लोग श्रद्धा के साथ स्नान कर रहे हैं. हमने भी स्नान कर लिया है. महाकुंभ में काफी अच्छी व्यवस्थाएं हैं.खबरों के अनुसार महाकुंभ में आज भी कई वीवीआईपी आये. केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी सुबह 8:25 बजे, केंद्रीय कोयला एवं खदान मंत्री जी किशन रेड्डी दोपहर 12:30 बजे प्रयागराज पहुंचे. महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री कोनिडाला पवन कल्याण बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी प्रयागराज पहुंचे,. सभी ने संगम में स्नान किया.

# सीईसी राजीव कुमार का विदाई संदेश, हारने वाला राजनीतिक दल आयोग को बली का बकरा बना देता है

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** भारत के नये मुख्य चुनाव आयुक्त की घोषणा कर दी गयी है. केरल कैडर के आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार के नाम पर मोदी सरकार ने मुहर लगा दी है. उधर राजीव कुमार रिटायर हो गये हैं. इस क्रम में उन्होंने सोमवार को विदाई संदेश दिया. दुख व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को बली का बकरा बनाया जाता है. उन्होंने कहा कि अगर कोई राजनीतिक दल चुनाव हार जाता है, तो चुनाव आयोग को जिम्मेदार बता देता है. यह आदत खत्म होनी चाहिए.

**चुनाव लड़ने के बाद चुनाव अधिकारियों को निशाना बनाया जाता है**

राजीव कुमार ने कहा, एक संस्थान के रूप में आयोग को कई बार अनुचित तरीके से उन राजनीतिक दलों द्वारा जिम्मेदार करार दिया जाता है, जो हार जाते हैं. चुनाव के नतीजे स्वीकार नहीं करना चाहते. श्री कुमार ने कहा, चिंता इस प्रवृत्ति के बढ़ने पर भी है कि चुनाव लड़ने के बाद चुनाव अधिकारियों को निशाना बनाया जाता है. अपनी सुविधा के लिए बली का बकरा बनाया जाता है.राजीव कुमार ने कहा, सभी राजनीतिक दल चुनाव प्रक्रिया के हर स्तर की तैयारियों में शामिल होते हैं, इसमें पूरी पारदर्शिता होती है. उस समय आपत्तियां नहीं की जाती. लेकिन बाद में संदेह किया जाता है, यह गलत है.

**आरोप लगता रहा है कि निर्वाचन आयोग भाजपा का समर्थन करता है**

बता दें कि विपक्ष यह आरोप लगाता रहा है कि निर्वाचन आयोग भाजपा का समर्थन करता है. हालांकि, इन आरोपों का आयोग द्वारा बार-बार खंडन किया गया है. ज्ञानेश कुमार सोमवार को नये मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किये गये हैं. कानून मंत्रालय ने यह जानकारी दी. बता दें कि ज्ञानेश कुमार निर्वाचन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति के लिए बने नये कानून के तहत चुने पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त हैं. उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक रहेगा.

# उर्दू की वकालत करने पर सपा पर भड़के योगी, शिवपाल ने सरकार को घेरा

एजेंसी



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन समाजवादी पार्टी ने योगी सरकार के खिलाफ हमला बोल दिया. सपा नेताओं ने महाकुंभ भगदड़, मिल्कीपुर उपचुनाव में कथित धांधली सहित पेपर लीक को लेकर तेवर तल्ख कर लिये हैं. यूपी विधानसभा में आज बजट सत्र की शुरुआत में ही हंगामा शुरू हो गया. राज्यपाल के अभिभाषण के बीच जमकर नारेबाजी की गयी. बाद में सपा नेता शिवपाल सिंह यादव ने एक्स पर पोस्ट किया. राज्यपाल का अभिभाषण अधूरा छूट गया! शायद सरकार की उपलब्धियां अधूरी थीं,या फिर सत्य सुनने का साहस ही नहीं था? यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है सत्य कटु था,सत्ता को ज्ञात है,पर स्वीकार करे कौन? इसलिए बीच सभा होना पड़ा मौन उपलब्धियों की जब आयी बारी, खोखली निकली सरकारी पिटारी.

**सपा नेता क्या देश को कठमुल्ला पन की ओर ले जाना चाहते हैं**

बजट सत्र में चर्चा के क्रम में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने फ्लोर लैंग्वेज में अंग्रेजी की जगह उर्दू किये जाने की मांग की. इसके जवाब में सीएम ने हमलावर होते हुए कहा, विपक्ष हर अच्छे काम का विरोध करता है. ये उर्दू की वकालत करते हैं. भोजपुरी, अवधी, का विरोध करते हैं. सीएम योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता तो अपने बच्चों को तो इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ाते हैं लेकिन चाहते हैं कि आपके बच्चों को उर्दू पढ़ा कर उनको मौलवी बनाना चाहते हैं. सपा नेता क्या देश को कठमुल्ला पन की ओर ले जाना चाहते हैं यह नहीं चलने वाला है. समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान ने खुद को जंजीरों में बांध कर उत्तर प्रदेश विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया. उन्होंने कहा, सरकार रोजगार देने में असमर्थ है इसलिए लोग डंकी रूट के रास्ते विदेश जा रहे हैं.सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में किसी भी भारतीय को हथकड़ी लगाकर निर्वासित न किया जाये.

# तेलंगाना सरकार का आदेश, रमजान में मुस्लिम कर्मचारियों को एक घंटा पहले छुट्टी, भाजपा ने कहा, यह तुष्टिकरण की राजनीति

एजेंसी



**कर्नटका।** तेलंगाना कांग्रेस की रेवंत रेड्डी सरकार द्वारा रमजान माह में मुस्लिम कर्मचारियों को ऑफिस से एक घंटा पहले जाने की इजाजत दिये जाने की खबर है. मुख्य सचिव शांति कुमारी ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है. आदेश के अनुसार मुस्लिम कर्मचारी रमजान के दौरान एक घंटा पहले ऑफिस से अपने घर जा सकेंगे. रमजान का महीना 1 मार्च या 2 मार्च से शुरू होगा, जो यह चांद दिखने पर निर्भर होगा. रेवंत रेड्डी सरकार के इस आदेश पर भाजपा हमलावर हो गयी है.

**शाम 4 बजे अपने कार्यालयों/स्कूलों से जाने की अनुमति**

तेलंगाना सरकार द्वारा आदेश में कहा गया है कि सरकार राज्य में काम करने वाले सभी मुस्लिम सरकारी कर्मचारियों/ शिक्षकों/ कॉन्ट्रैक्ट/ आउटसोर्सिंग/ बोर्ड/ निगमों और सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों को रमजान के पवित्र महीने के दौरान, यानी 2 मार्च से 31 मार्च (दोनों दिन शामिल) तक शाम 4 बजे अपने कार्यालयों/स्कूलों से जाने की अनुमति देती है, ताकि वे आवश्यक नमाज अदा कर सकें, सिवाय उन स्थितियों के जब उपरोक्त अवधि के दौरान सेवाओं की आवश्यकता के कारण उनकी उपस्थिति आवश्यक हो.

**2250 किलोग्राम अच्छी गुणवत्ता वाला खजूर मुहैया कराया जायेगा**

बता दें कि तेलंगाना अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा ऐतिहासिक मक्का मस्जिद और शाही मस्जिद में रमजान के समय इस साल भी नमाजियों के लिए सभी सुविधाएं मुहैया कराई जायेगी. जानकारी के अनुसार तरावीह की नमाज के लिए खास इंतजाम होंगे. अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने जानकारी दी है कि हैदराबाद के जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार 2250 किलोग्राम अच्छी गुणवत्ता वाला खजूर मक्का मस्जिद, चारमीनार, शाही मस्जिद, नामपल्ली और सचिवालय मस्जिद को प्रदान किया जायेगा. तेलंगाना वक्फ बोर्ड ने रमजान को देखते हुए इमामों और मुअज्जिनों के मासिक मानदेय के बकाया भुगतान के लिए राशि जारी की है. राज्य भर के 10700 इमाम और मुअज्जिनों को दो माह के बकाया भुगतान के लिए 15.37 करोड़ रुपये जारी किये गये हैं. बता दें कि इमाम और मुअज्जिनों को हर महीने 5,000 रुपये मानदेय मिलता है. उन्हें पिछले चार महीनों से मानदेय नहीं मिला था. रेवंत रेड्डी सरकार के इस आदेश पर भाजपा हमलावर हो गयी है. भाजपा प्रवक्ता अमित मालवीय ने एक्स पर पोस्ट किया. तुष्टिकरण का कीड़ा तेलंगाना की कांग्रेस सरकार पर हमला कर रहा है, जिसने रमजान के दौरान मुस्लिम राज्य कर्मचारियों के लिए काम के घंटों में छूट को मंजूरी दे दी है.

## बीकानेर में दर्दनाक हादसा, सरकारी स्कूल में बने वॉटर टैंक की पट्टियां टूटने से 3 छात्राओं की मौत

**बीकानेर।** पांचू तहसील के केडली गांव में एक सरकारी स्कूल में बने कुंड की पट्टियां टूट गई. इस दौरान वहां खेल रही तीन बच्चियां पानी में डूब गई और पट्टियां और पत्थर उनके ऊपर गिर गए. हादसे में तीनों बच्चियों की मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलने के बाद स्कूल के बच्चों ने गांव वालों और स्कूल शिक्षकों को सूचना दी. सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची. फिलहाल तीनों बच्चियों के शवों को बाहर निकाला गया है. मौके पर पुलिस जाप्ता तैनात किया गया है. बीकानेर के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है और स्कूल में दो शिक्षक तैनात हैं. यह कुंड कुछ साल पहले ही बनाया गया था और ग्राम पंचायत के स्तर पर इसका निर्माण किया गया था. फिलहाल जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक रामगोपाल शर्मा को मौके पर भेजा गया है. उच्च अधिकारियों को घटना की सूचना दी गई है. स्कूल में हुए हादसे की शिकार तीनों बच्चियों आपस में परिचित और रिश्तेदार भी बताई जा रही है. नोखा थानाधिकारी अमित स्वामी ने बताया कि स्कूल परिसर में बने कुंड के ऊपर लगी पट्टियों के टूटने के चलते यह हादसा हुआ है. इस दौरान वहां खेल रही तीन बच्चियां कुंड में गिर गई और उनकी मौत हो गई. फिलहाल तीनों बच्चियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया गया है.

# कश्मीर में किशोर की नाक से निकला 'सांप' ! डॉक्टर भी रह गए हैरान

एजेंसी



**अनंतनाग।** अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को एक ऐसा मामला सामने आया, जिसने डॉक्टरों से लेकर मरीज के परिवार तक सभी को हैरान कर दिया. एक किशोर लड़के की नाक से डॉक्टरों ने ऐसा कीड़ा निकाला, जो देखने में किसी सांप जैसा लग रहा था. परिवार वाले घबराए हुए थे. डॉक्टर भी हैरान रह गए. तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि कीड़े का आकार और बनावट काफी हद तक सांप जैसी है, जिससे यह मामला और भी अजीब बन गया.

**क्या है मामला**

दक्षिणी कश्मीर के अनंतनाग जिले में सरकारी मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को एक किशोर अपने परिजन के साथ पहुंचा. अस्पताल के ईएनटी विभाग में लड़के ने बताया कि उसकी नाक से पूंछ जैसी कोई चीज निकली हुई है. ईएनटी रेजीडेंट डॉ. किशन ने जांच की. उन्हें संदेह हुआ कि लड़के की नाक के अंदर सांप जैसा कुछ है. जीएमसी अनंतनाग के एक अधिकारी ने बताया कि ईएनटी विभाग के प्रमुख डॉ. आमिर यूसुफ से चर्चा के बाद सांप जैसा कीड़ा को नाक से बाहर निकाला गया.

**कैसे निकाला कीड़ा**

डॉक्टरों ने चर्चा करने के बाद लड़के की नाक में एक सक्शन लगाया. एक डॉक्टर ने कीड़े को चिमटे से पकड़ रखा था. कीड़ा छटपटा रहा था. बाद में जब कीड़ा को निकाला गया तो देखने में वह काले सांप के छोटे नमूने जैसा लग रहा था. अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि कीड़ा किस तरह का था, इसकी पुष्टि के लिए अंतरिक्ष यात्रियों के फोरेंसिक प्रयोगशाला भेजा जाएगा. प्रिंसिपल और डीन जीएमसी अनंतनाग प्रोफेसर डॉ रुखसाना नजीब ने ईएनटी विभाग की सराहना की.

## संक्षिप्त खबर

### केंद्रीय गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा की




**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नई दिल्ली में जम्मू-कश्मीर में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जम्मू एवं कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के अलावा केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन सहित केंद्र शासित प्रदेश के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। केंद्रीय गृह मंत्री की समीक्षा बैठक पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गृह मंत्री लगातार देश में लागू किए गए आपराधिक कानूनों और उनका कितना उपयोग हो रहा है, इसकी समीक्षा करते रहे हैं। इस संबंध में इस बार जम्मू-कश्मीर की बारी थी। इससे पहले 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की समीक्षा की गई थी। उन्होंने कहा कि इन कानूनों के क्रियान्वयन में काफी हद तक जम्मू-कश्मीर की भूमिका अच्छी रही। जहां थोड़ी बहुत कमी रही है, उसका उल्लेख किया गया है और उसे सुधारा जाएगा। जहां तक चुनी हुई सरकार का सवाल है, केंद्र शासित प्रदेश में कानून लागू करना हमारी जिम्मेदारी नहीं है लेकिन चूंकि ये नए कानून हैं और लोगों को कानून के बारे में जानकारी होनी चाहिए, इसलिए चुनी हुई सरकार को कुछ प्रगति करनी होगी।

### कनाडा में बड़ा हादसा टला, रनवे पर उतरते वक्त पलटा विमान, पायलट समेत 80 लोग सवार थे, 17 घायल



**टोरंटो।** कनाडा में टोरंटो के पियर्सन हवाई अड्डे पर सोमवार को डेल्टा एयरलाइंस का विमान लैंडिंग के समय पलट गया। यह विमान रनवे पर उल्टा पड़ा रहा। राहत की बात है कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। मामूली रूप से घायल 18 यात्रियों को अस्पताल भेजा गया है। दुर्घटना के कारणों का अबतक पता नहीं चला है, फिलहाल इसकी जांच चल रही है। टोरंटो स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक पियर्सन हवाई अड्डे पर सोमवार को डेल्टा एयरलाइंस का विमान लैंडिंग के समय पलट गया। दुर्घटना दोपहर करीब 2:15 बजे हुई। दुर्घटनाग्रस्त विमान में 76 यात्री और चालक दल के 4 सदस्य सवार थे। हादसे में मामूली रूप से घायल हुए 18 विमान यात्रियों को अस्पताल ले जाया गया है। यात्रियों में 22 कनाडा के नागरिक और बाकी विदेशी नागरिक थे। हादसे के बाद हवाई अड्डे के दो रनवे को बंद कर दिया गया है, जो जांच पूरी होने तक अगले कुछ समय तक बंद रहेंगे।

### शर्मनाक, गुजरात के मैटरनिटी होम का उउळ्श फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल, मामला दर्ज



**अहमदाबाद।** बड़े-बड़े मॉल्स आए दिन चेंजिंग रूम की रिकॉर्डिंग को लेकर सुर्खियों में रहे हैं. जिसके बाद चेजिंग रूम में कैमरा है या नहीं, इसपर चेकिंग अभियान भी चला. लड़कियों व महिलाओं को हिडन कैमरा चेक करने के तरीके भी सिखाए गये. लेकिन जब कैमरा सामने लगा हो और वीडियो वायरल हो रहे हों तो क्या कहा जाए. गुजरात के पायल मैटरनिटी होम के सीसीटीवी कैमरे का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.जिसमें महिलाओं के चेकअप,अल्ट्रासाउंड से लेकर इंजेक्शन लगाने तक के सैकड़ों वीडियो वायरल हैं. इतना ही नहीं इसे इंस्टाग्राम पर ग्रुप बनाकर बकायदा बेचा भी जा रहा है. साथ ही कई वीडियो यूट्यूब पर भी अपलोड किए गये हैं. अपलोड वीडियो में नर्स द्वारा महिला मरीज को इंजेक्शन लगाने से लेकर, लेबर रूम तक के वीडियो हैं. जिसे सोचकर अंदाजा लगाया जा सकता है, कि जिसने भी इसे किया है, वो किस घिनौनी सोच का होगा. अब ये मामला अहमदाबाद साइबर अपराध पुलिस के संज्ञान में आया है. जिसपर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है. सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कुछ आंकड़े भी पायल मैटरनिटी होम के वायरल हो रहे हैं. जो इस प्रकार हैं. हालांकि लगातार मीडिया इन आंकड़ों की पुष्टी नहीं करता है. लेकिन ये आंकड़े तेजी से वायरल हो रहे हैं.

### महिला ने एक साथ 9 बच्चों को दिया जन्म, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज



**अफ्रीका।** अफ्रीका में कुदरत का अजब करिश्मा देखने को मिला. आपने अब तक सुना होगा कि किसी महिला ने एक साथ दो, तीन या फिर चार बच्चे को जन्म दिया है. लेकिन अफ्रीका की हलीमा सिरसे ने एक साथ नौ बच्चों को जन्म देकर सबको हैरान कर दिया है. इसी के साथ हलीमा सिरसे का नाम बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है. हलीमा ने इसको लेकर अपना एक्सपीरियेंस शेयर किया है. उन्होंने बताया की शुरूआत में डॉक्टस ने बताया था कि उसके गर्भ में सात बच्चे हैं. लेकिन डिलेवरी के समय उन्हें नौ बच्चे हुए. इसमें चार बेटे और पांच बेटिया थी. बच्चों का वजन 500 ग्राम से 1 किलोग्राम बीच था.बच्चों के जन्म के बाद हलीमा और उसके पति की जिंदगी पूरी तरह बदल गयी. क्योंकि नौ बच्चों को एक साथ पालना उनके लिए काफी मुश्किल हो रहा था. बच्चे प्रीमैच्योर थे, इसलिअ शुरूआती दौर में बहुत परेशानी झेलनी पड़ी हलीमा ने बताया कि बच्चों को एक दिन में 45 डाइपर लग जाते है.और वो हफ्ते में 15 लीटर दूध पी जाते थे. हलीमा का कहना है कि उनके बच्चे एक समय पर नहीं सोते थे. जिसके चलते उनहे काफी परेशानी होती थी. इसके चलते उनहे ब्रेस्टफीडिंग कराने में बहुत परेशानी होता थी।

# जंगल में आग, जल स्तर में गिरावट और बिजली उत्पादन में कमी

एजेंसी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बारिश में उल्लेखनीय कमी के कारण क्षेत्र में लंबे समय तक सूखा पड़ा है. इससे जंगल में आग लगने, जल स्तर में गिरावट, कृषि और बिजली उत्पादन पर संभावित प्रभावों को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं. अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि आने वाले हफ़्तों में स्थिति और भी खराब हो सकती है, क्योंकि साल की शुरूआत से अब तक कोई उल्लेखनीय वर्षा नहीं हुई है. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार केंद्र शासित प्रदेश में 1 जनवरी से 12 फरवरी तक 79 प्रतिशत कम बारिश हुई है, जिसमें अपेक्षित 140 मिमी के मुकाबले केवल 29.8 मिमी वर्षा हुई. जम्मू और उधमपुर में क्रमश 94 प्रतिशत और 92 फीसदी की कमी देखी गई, जबकि सबसे अधिक प्रभावित जिले कठुआ में 97 प्रतिशत कम बारिश हुई. क्षेत्र की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में 82 फीसदी बारिश की कमी थी, जबकि शोपियां, रियासी, रामबन, कुलगाम, डोडा, बडगाम और अनंतनाग ऐसे जिलों में शामिल हैं, जहां 80से 89 प्रतिशत तक की कमी रही. वहीं, बांदीपुरा, बारामुल्ला, कुपवाड़ा और पुलवामा में 70 से 79 फीसदी तक कम वर्षा हुई. यहां तक कि पुंछ, राजौरी, किश्तवाड़ और गंदेरबल जैसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों में भी 60 से 69 पर्सेंट तक कम बारिश हुई.

**जंगल में आग लगने का जोखिम**

इतना ही नहीं पिछले दो महीनों में दो दर्जन से ज्यादा जंगल में आग लगने की घटनाएं भी दर्ज की गई हैं, जो दर्शाता है कि शुष्क मौसम ने जंगल में आग लगने के जोखिम को बढ़ा दिया है. अधिकारी इस वृद्धि का कारण बारिश की कमी और तेज हवाओं को मानते हैं, जिसने आग लगने के लिए अतिसंवेदनशील वातावरण बना दिया है.

**'सूखे की स्थिति पैदा हो रही'**

इस संबंध में मुख्य वन संरक्षक सुरेश कुमार गुप्ता ने कहा, एक छोटी सी चिंगारी भी विनाशकारी जंगल की आग में बदल सकती है. हम हाई अलर्ट पर हैं और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अग्निशमन दल तैनात किए हैं. उन्होंने बताया कि ज्यादातर आग की घटनाएं त्राल, उधमपुर, रियासी और पुंछ में हुई हैं. ये वे क्षेत्र हैं, जहां आमतौर पर जंगल में आग लगने की घटनाएं अधिक होती हैं. एक्स्पर्ट चेतावनी दे रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन ने कश्मीर के जंगलों को और भी ज्यादा कमजोर बना दिया है, जहां वर्षा के पैटर्न में बदलाव के कारण सूखे की स्थिति पैदा हो रही है. इस बीच प्रमुख नदियों और नालों के रिकॉर्ड निम्न स्तर पर चले जाने के परिणामस्वरूप जल संकट और भी बदतर होता जा रहा है. कश्मीर की जीवन रेखा मानी जाने वाली झेलम नदी का जलस्तर काफी कम हो गया है. संगम का जलस्तर भी कघट गया है, जबकि राम मुंशी बाग और आशम के जलस्तर में भी कमी आई है.

# पंजाब, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 15वें वित्त आयोग का अनुदान जारी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पंजाब, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान जारी किए हैं। पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) व ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को प्रदान किए गए ये अनुदान जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

केंद्र सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार पंजाब के ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए 225.1707 करोड़ रुपये की राशि के अनटाइड अनुदान की पहली किस्त जारी की गई है। ये धनराशि राज्य की पात्र 13144 ग्राम पंचायतों, पात्र 146 ब्लॉक पंचायतों और सभी पात्र 22 जिला पंचायतों के लिए है। छत्तीसगढ़ में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान जारी पंद्रहवें वित्त आयोग अनुदान वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनटाइड अनुदानों की दूसरी किस्त 237.1393 करोड़ रुपये के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनटाइड अनुदानों की पहली किस्त की रोकी गई राशि 6.9714 करोड़ रुपये है। ये धनराशि राज्य की 11548 पात्र ग्राम पंचायतों, सभी पात्र 146 ब्लॉक पंचायतों और सभी पात्र 27 जिला पंचायतों के लिए है। ये निधियां राज्य की पात्र 7769 ग्राम पंचायतों, सभी पात्र 995 ब्लॉक पंचायतों और सभी पात्र 13 जिला पंचायतों के लिए हैं।

गौरतलब है कि भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय (पेयजल और स्वच्छता विभाग) के माध्यम से ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए राज्यों को वित्त आयोग अनुदान जारी करने की सिफारिश करती है, जिसे बाद में वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है।



# कार्तिक-करण करेंगे 'आइफा अवार्डस' को होस्ट...

**जयपुर।** पहली बार जयपुर में होने जा रहे आईफा अवार्डस कई मायनों में खास है। इसमें 100 से ज्यादा बॉलीवुड के सितारे जयपुर आएंगे। 25 साल पूरे कर रहे इस शो की थीम 'सिल्वर इज द न्यू गोल्ड'है। शो के दोनों दिन राजस्थानी कलाकार लोकगीत और लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे। इस बार राजधानी जयपुर में होने वाले आइफा अवार्डस शो पर सिंगर श्रेया घोषाल फिल्म इंड्रस्टी में 25 साल पूरे करने वाले सितारों को तो करीना कपूर शोमैन राजकपूर की 100वीं जयंती पर विशेष ट्रिब्यूट देंगी। शो के पहले दिन यानी 8 मार्च को एक्टर अपारशक्ति खुराना होस्ट करेंगे। दूसरे दिन यानी 9 मार्च को मुख्य अवार्डस कार्तिक आर्यन और करण जौहर होस्ट करेंगे।

## लाइफ Style



# कियारा

## दो भाषाओं में कर रहीं 'टॉक्सिक' की शूटिंग

अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी पहली कन्नड़ फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक गीता मोहनदास के हाथों में है। यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन एक्शन गैंगस्टर ड्रामा है, जिसे अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों भाषाओं में एक साथ शूट किया जा रहा है।

बीते काफी समय से कियारा का करियर कुछ खास नहीं चल रहा है। ऐसे में 'टॉक्सिक' से उन्हें काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। इस फिल्म को लेकर वह काफी ज्यादा मेहनत भी कर रही हैं। कियारा आडवाणी इस फिल्म में दोनों भाषाओं (अंग्रेजी और कन्नड़) में अपने संवादों को प्रस्तुत करेंगी, जो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है। फिल्म में यश मुख्य भूमिका में हैं। 'केजीएफ चैप्टर 2' के बाद यश इस फिल्म से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। यही वजह है कि इस नई जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा उत्सुक नजर आ रहे हैं। 'टॉक्सिक' का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स की ओर से किया जा रहा है। यह फिल्म इस साल वैश्विक स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की शूटिंग बेंगलुरु में चल रही है। निर्देशक गीता मोहनदास से दर्शक शानदार एक्शन और कहानी की उम्मीदें लगाए बैठे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में कियारा आडवाणी को फिल्म 'गेम चेंजर' में देखा गया था। इस फिल्म में वह राम चरण के साथ दिखी थीं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप हुई थी। वहीं, उनकी आगामी फिल्म की बात करें तो वह जल्द ही 'वॉर 2' में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ दिखेंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# 'फैंटास्टिक फोर...' 25 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियो की फिल्म 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' 25 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। मंगलवार को मार्वल द्वारा फिल्म 'फैंटास्टिक फोरः फर्स्ट स्टेप्स' का पहला टीजर रिलीज किया गया है, जिसके बाद इसके पोस्टर को एआई जनरेटेड कहकर लोगों ने सोशल मीडिया पर कई सवाल किए। हालांकि, इस फिल्म के निर्देशक ने तुरंत इसपर जवाब दिया कि अभिनेताओं की आवाज बदलने के लिए किसी भी एआई का इस्तेमाल नहीं किया गया है।



# बार्बी हसू ने डीजे कू से की थी दूसरी शादी...

**लॉस एंजिल्स।** बार्बी हसू ने 2011 में चीनी व्यवसायी वांग शियाओफेई से शादी की थी। 2021 में उनका तलाक हो गया, जिसमें धोखा देने के आरोप भी शामिल थे। बार्बी ने बाद में 2022 में दक्षिण कोरियाई गायक और गीतकार डीजे कू के साथ शादी कर ली। ताइवान की अभिनेत्री बार्बी हसू की 48 साल की उम्र में निमोनिया से मौत हो गई। बार्बी को टीवी सीरीज मेटियोर गार्डन (2001) में अभिनय के लिए जाना जाता था। वह मंदारिन भाषी दुनिया के सबसे बड़े नामों में से एक थीं। डीजे कू को अपना दर्द व्यक्त करने के लिए मुश्किल से शब्द मिल पाए। उन्होंने बस इतना कहा, 'मैं ठीक नहीं हूं।' जब उनसे इस अटकल के बारे में पूछा गया कि यह खबर फर्जी हो सकती है तो उन्होंने जवाब दिया, 'यह फर्जी खबर नहीं है।'



# वीडियो शेयर कर दिखाई महाकुंभ की झलक


**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने भी बेटी और माता-पिता संग महाकुंभ पहुंचकर पवित्र स्नान किया हैं। एक्ट्रेस ने एक क्लिप शेयर कर अपनी इस यात्रा की झलक दिखाई हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ मेले में बॉलीवुड सेलेब्स के पहुंचने का सिलसिला जारी हैं। अब तक कई सितारे महाकुंभ में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। अब इस लिस्ट में एक और अभिनेत्री का नाम जुड़ गया हैं। दरअसल, एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने भी अपने माता-पिता और बेटी रियाना के साथ महाकुंभ में पवित्र स्नान किया। रील में एक्ट्रेस अपनी बेटी के साथ पानी में डुबकी लगाती नजर आ रही हैं। एक फ्रेम में उनके माता-पिता नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में अभिनेत्री को प्रार्थना करते हुए दिखाया गया हैं। एक्ट्रेस ने क्लिप में महाकुंभ का भव्य नजारा भी दिखाया हैं।



# बन रही 'सनम तेरी...' की सीक्वल...!

**नई दिल्ली।** नौ साल पहले पहली बार रिलीज हुई अभिनेता हर्ष वर्धन राणे की फिल्म 'सनम तेरी कसम' ने सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होने पर जो कमाल किया है, उसने हिंदी सिनेमा को कहानियों की एक नई दिशा तो दिखाई ही है, इस कामयाबी ने फिल्म से जुड़े सारे कलाकारों और तकनीशियनों को भी उत्साहित कर दिया है। फिल्म की निर्देशक जोड़ी राधिका राव और विनय सप्रू तो इतने उत्साहित है कि उन्होंने फिल्म की सीक्वल के बारे में मीडिया को बताना शुरू कर दिया है। फिल्म 'सनम तेरी कसम'की निर्देशक जोड़ी राधिका राव और विनय सप्रू ने मंगलवार की सुबह ही ये कहा कि उनके पास इस फिल्म की सीक्वल की कहानी तैयार है और फिल्म के गाने वगैरह भी उनके पास रेडी हैं।

## टीवी मसाला



# 'आमी डाकिनी' में तस्वीर से बाहर निकलकर डराएगी चुड़ैल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में हॉरर फिल्में इस समय बहुत पसंद की जा रही हैं। कोई भी अगर बॉलीवुड फिल्म आ रही है तो वो पहले ही हिट साबित हो जाती हैं। भूल भुलैया 3, स्त्री 2 और मुंज्या जैसी फिल्में हिट साबित हुई थीं। इन फिल्मों को देखना पसंद करते हैं। अब फिल्मों के बाद टीवी पर भी हॉरर की वापसी हो रही हैं। टीवी पर भी हॉरर शो आने वाले हैं। नए हॉरर शो का मोशन पोस्टर सामने आया है जिसे देखकर लोग ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। आहट, शश्श्श्श... जैसे कई हॉरर शोज आए थे...

# 'परम सुंदरी' के सेट से सिद्धार्थ-जान्हवी की तस्वीरें वायरल

**मुंबई।** अभिनेत्री जान्हवी कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों केरल में अपनी आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' की शूटिंग में व्यस्त हैं। पिछले कुछ दिनों से फिल्म के सेट से दोनों की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। हाल ही में सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर केरल के अथिरापल्ली झरने में नाव की सवारी करते नजर आए। इस दौरान जान्हवी ऑफ-व्हाइट साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि सिद्धार्थ ने नीली शर्ट और ग्रे पैंट पहनी हुई है। वहीं, कुछ अन्य तस्वीरों में सिद्धार्थ सेट पर प्रशंसकों के साथ पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक तस्वीर में जान्हवी नाव पर बैठी हुई और हाथ में छाता पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं। दिसंबर 2024 में मैडॉक फिल्म्स ने घोषणा की थी कि जान्हवी और सिद्धार्थ रोमांटिक-कॉमेडी के लिए साथ



आए हैं। यह फिल्म उत्तर भारत के एक लड़के और दक्षिण भारत की एक लड़की के बीच की प्रेम कहानी पर आधारित है। फिल्म के निर्माताओं ने पिछले साल इसके रिलीज की भी घोषणा कर दी थी। उन्होंने लिखा था, 'उत्तर का स्वैग, दक्षिण की शान दो दुनियाएं आपस में टकराती हैं और चिंगारी उड़ती है।

# लता मंगेशकर और आशा भोसले क्यों पहनती थीं सफेद साड़ी? बाहर निकलते ही बदल जाता था रवैया...

**नई दिल्ली।** भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री में लता मंगेशकर और आशा भोसले दो ऐसे नाम हैं जिन्होंने बॉलीवुड को बहुत कुछ दिया। दोनों बहनें प्रोफेशनल फ्रंट पर जितनी समर्पित और सक्रिय थीं, उतना ही उनका आपसी रिश्ता मजबूत था।

आशा भोसले ने एक हालिया पॉडकास्ट में बताया कि ऐसा क्यों था कि दोनों बहनें (आशा और लता) ज्यादातर सिर्फ सफेद साड़ी पहना करती थीं? ऐसा नहीं था कि आशा भोसले और लता मंगेशकर ने अपने आउटफिट को लेकर दूसरे कलर्स ट्राय नहीं किए थे, लेकिन खासतौर पर सफेद पहनने के पीछे एक वजह थी जो उन्होंने अमृता राव और आरजे अनमोल के साथ बातचीत के दौरान बताई।


***कलर कॉम्पलेक्शन के हिसाब से ज्यादा सूट करता है सफेद :*** आशा भोसले ने 'कपल ऑफ थिंग्स' नाम के पॉडकास्ट में बताया, 'दीदी (लता मंगेशकर) और मैं हमेशा सफेद साड़ी पहना करते थे। हमें लगा कि हमारे कलर कॉम्पलेक्शन के हिसाब से सफेद ज्यादा सूट करता है। अगर हम कोई दूसरा रंग पहनते तो हम ज्यादा डार्क नजर आते। बाद में मैंने पिंक साड़ी पहनना शुरू किया था और दीदी मुझे तिरछी नजर से देखा करती थीं। लेकिन, फिर मैंने धीरे-धीरे पिंक के साथ दूसरे कलर्स जोड़ना शुरू कर दिया।' आशा भोसले ने बताया कि जब भी लता उनसे पब्लिक में मिलतीं तो बहुत फॉर्मल अप्रोच कायम करती थीं।

***घर में अलग और बाहर अलग होता था रवैया :*** जबकि घर में दोनों की बातचीत बहुत सामान्य और सहज होती थी। आशा भोसले ने बताया, 'दीदी घर पर बहुत नॉर्मल होती थीं। वह बाहर मुझसे बहुत शालीनता और औपचारिक लहजे में बात करती थीं, लेकिन घर पर हमारा एक अलग कनेक्शन था। हम मराठी में बात करते थे और हमारी बातचीत बहुत आम होती थी। लेकिन, जैसे ही वह घर से बाहर निकलती थीं, वो 'लता मंगेशकर' बन जाती थीं। एक लीजेंड, एक आइकॉन और हमारे आपसी समीकरणों में अचानक एक बदलाव आ जाता था।' आशा ने बताया कि गायकी को लेकर दोनों के बीच किसी तरह का रिश्ता नहीं हुआ करता था।



### गायकी के मामले में नहीं होता था कोई रिश्ता

आशा भोसले ने बताया, 'बात जब गायकी की आती थी तो हमारे बीच कोई रिश्ता नहीं था। बाहर की दुनिया में वह लता मंगेशकर हुआ करती थीं, दुनिया में उनका अपना एक स्टेटस था। घर पर हम बातें करते, लेकिन बाहर कोई अनौपचारिक बातचीत नहीं होती थी। वह अपना वो औरा कायम रखती थीं, लता मंगेशकर के तौर पर उनकी मौजूदगी, उनका स्टेटस बनाए रखती थीं।' मालूम हो कि लता मंगेशकर की आवाज ने बॉलीवुड को एक अलग ही मुकाम पर पहुंचा दिया था। साल 2022 में लता मंगेशकर ने 92 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.